श्रावण शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 6 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 261, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





चोटिल पहलवान निशा क्वार्टर फाइनल में हारीं 13

एक्ट्रेस हमेशा से ही प्रभावशाली होते हैं : सोनम 14


# बांग्लादेश में तख्ता पलट, हसीना ने छोड़ा देश

### आरक्षण विरोधी प्रदर्शन के चलते दिया प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा

### सेना प्रमुख ने देश छोड़ने को दिए थे 45 मिनट, जबरन निर्वासित

### सेना प्रमुख जनरल जमां ने की अंतरिम सरकार बनाने की घोषणा

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के बीच सोमवार को सेना के तख्तापलट के कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा। देश में जारी हिंसक प्रदर्शन सोमवार की सुबह हसीना के आधिकारिक आवास गणभवन तक पहुंच गया। इससे पहले ही वे अपनी छोटी बहन शेख रेहाना के साथ देश छोड़कर रवाना हो गईं। सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमां ने सभी दलों की भागीदारी से अंतरिम सरकार के गठन की घोषणा की है। हसीना (76) ने सेना प्रमुख को इस्तीफा सौंपा है। जनरल जमां ने कहा है कि सभी राजनीतिक दलों के साथ सार्थक चर्चा के बाद देश में अंतरिम सरकार बनाने का फैसला किया है। हम स्थिति को सुलझाने के लिए अब राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन से बात करेंगे।

सेना प्रमुख ने विरोध के नाम पर हिंसा को रोकने का आह्वान किया और कहा कि नई सरकार भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के दौरान हुई सभी मौतों के लिए न्याय सुनिश्चित करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हसीना को सेना प्रमुख की ओर से 45 मिनट का अल्टीमेटम दिए जाने के बाद जबरन निर्वासित कर दिया गया। उनके देश छोड़ने के बाद हजारों प्रदर्शनकारियों ने उनके सरकारी आवास पर धावा बोल दिया।



बांग्लादेश की राजधानी ढाका की सड़कों पर गश्त करते सेना के जवान। ● एजेंसी

### भारत पहुंचीं शेख हसीना



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश से लंदन जा रहीं शेख हसीना का विमान गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पर उतरा। हसीना बांग्लादेश वायुसेना के एक सी-130 जे सैन्य परिवहन विमान से भारत पहुंचीं। एयरबेस पर एनएसए अजित डोभाल ने उनसे मुलाकात की। इसके अलावा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भी घटनाक्रम से अवगत कराया। हसीना को किसी सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है और सोमवार रात को उनके भारत से रवाना होने की संभावना नहीं है। सूत्रों ने बताया कि हसीना की योजना लंदन जाने की थी। हालांकि उनकी मूल योजना में कुछ अनिश्चितता है। हसीना की दिल्ली में रहने वाली अपनी बेटी साइमा वाजिद से मिलने की संभावना है।

### बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने प्रधानमंत्री पद से शेख हसीना के इस्तीफे और पड़ोसी देश में अंतरिम सरकार के आसन्न गठन के मद्देनजर यहां बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा बढ़ा दी है। एक अधिकारी ने बताया कि अगर हसीना राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में उतरती हैं, तो उसको ध्यान में रखते हुए इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। उच्चायोग के बाहर और अधिक बैरिकेड्स लगा दिए गए हैं और पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई है।

### बांग्लादेश से लगी सीमा पर हाई अलर्ट

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल ने सोमवार को बांग्लादेश में हुए घटनाक्रम के मद्देनजर 4,096 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर अपनी सभी यूनिट के लिए सोमवार को 'हाई अलर्ट' जारी किया। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ के कार्यवाहक महानिदेशक (डीजी) दलजीत सिंह चौधरी और अन्य वरिष्ठ कमांडर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए कोलकाता पहुंच गए हैं। महानिदेशक ने 'उत्तर 24 परगना' जिला और सुंदरबन इलाके में तैयारियों की समीक्षा की।

### प्रधानमंत्री मोदी ने की सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक



- बांग्लादेश में बदले घटनाक्रम पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति की सोमवार देर शाम हुई बैठक में पड़ोसी देश बांग्लादेश में तेजी से बदलते राजनीतिक घटनाक्रम और प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत आने के बाद उत्पन्न स्थिति पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने देर रात बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में उनके आवास पर सुरक्षा मामलों की समिति की बैठक हुई। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बंगलादेश के राजनीतिक घटनाक्रम और इसके बाद उत्पन्न स्थिति की जानकारी दी गई। बैठक में मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कुछ वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# अब घर बैठे कराएं संपत्ति की रजिस्ट्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अधिसूचना जारी**

- उत्तर प्रदेश बना ई-रजिस्ट्री की सुविधा देने वाला दूसरा राज्य
- उत्तर प्रदेश ऑनलाइन दस्तावेज रजिस्ट्रीकरण नियमावली लागू

**अमृत विचार :** अब संपत्ति की रजिस्ट्री कराने के लिए रजिस्ट्रार कार्यालय जाने की जरूरत नहीं होगी। महाराष्ट्र के बाद प्रदेश ई-रजिस्ट्री वाला दूसरा राज्य बन गया है। शासन की ओर अधिसूचना जारी कर दी गई है। रजिस्ट्री के लिए बनी नियमावली 'उत्तर प्रदेश ऑनलाइन दस्तावेज रजिस्ट्रीकरण नियमावली 2024' तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

प्रदेश में सालाना लगभग 40 लाख रजिस्ट्री होती हैं। इसमें एक बड़ी संख्या सरकारी विभागों से जुड़ी संपत्ति की है। विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद, औद्योगिक विकास प्राधिकरण समेत संपत्ति से जुड़े विभागों से आवंटित होने वाले भूखंड या आवास का पंजीकरण से पहले आवंटन पत्र जारी होता है। फिर संबंधित विभाग के अधिकारी रजिस्ट्री अधिकारी को नामित करते हैं। संबंधित अधिकारी व आवंटी के एक साथ रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचने पर रजिस्ट्री होती है। इसमें काफी समय लगता था। ई-रजिस्ट्री से यह आसान हो गया है। नई व्यवस्था में ई-रजिस्ट्री के लिए विभाग में प्राधिकृत अधिकारी की नियुक्ति होगी। आवंटन पत्र जारी होने के बाद विभाग में प्राधिकृत अधिकारी ऑनलाइन रजिस्ट्री कर देंगे। ऑनलाइन रिकार्ड दाखिल करते ही दस्तावेज डिजिटल रूप में रजिस्ट्री कार्यालय पहुंच जाएंगे। वहां सब रजिस्ट्रार जांच करने के बाद डिजिटल हस्ताक्षर करेंगे, फिर ई रजिस्ट्री वापस विभाग के पास आ जाएगी।

### डिजिटली जमा होगी फीस

शासन के अधिकारियों के अनुसार आवंटी रजिस्ट्रार कार्यालय जाकर उसकी कॉपी भी निकलवा सकेंगे। रजिस्ट्री के लिए ऑनलाइन आवेदन चौबीस घंटे हो सकेगा। आवंटी को विवरण ठीक से भरना होगा, क्योंकि दाखिल होने के बाद संशोधन नहीं हो सकेगा। रजिस्ट्री के लिए स्टांप फीस डिजिटल जमा हो सकेगी।









# भ्रम फैलाने की राजनीति पर करें प्रहार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- भाजपा कोर कमेटी की बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने दिए निर्देश
- 30 मंत्रियों ने पेश की 10 विस सीटों की ग्राउंड रिपोर्ट

**अमृत विचार :** भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में सोमवार को उपचुनाव की सभी 10 सीटें जीतने के लिए धरातल पर उतरने का एजेंडा तय हुआ। चुनाव का नेतृत्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संभालेंगे। योगी ने साफ कर दिया कि सपा-कांग्रेस के झूठे दावे-वादे और भ्रम फैलाने की राजनीति का अंत करना है।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उनके सरकारी आवास पर हुई बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक शामिल हुए, वहीं प्रदेश प्रभारी बैजयंत पांडा, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने उपचुनाव से जुड़ी 10 सीटों को लेकर पेश 30 मंत्रियों की रिपोर्ट पर चर्चा की। रणनीति बनी कि प्रत्याशी चयन में कार्यकर्ताओं की राय प्रमुख होगी। मुख्यमंत्री ने जोर दिया कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से संबंधित इलाके में छूटे लोगों को भी अभियान चलाकर संतृप्त कर दिया जाए। संविधान की दुहाई देकर वोटरों को ठगने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अयोध्या में सामूहिक दुष्कर्म मामले में समुदाय विशेष के साथ खड़े होने का प्रदर्शन करने वाले सपा प्रमुख अखिलेश यादव की छद्म राजनीति पर प्रहार करना होगा।

### बोर्ड, निगम व आयोग के पदों पर भी हुई चर्चा

कोर कमेटी की बैठक में बोर्ड, निगम व आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर चयन को लेकर भी चर्चा हुई। तय हुआ कि इसके लिए आए नामों-प्रस्तावों में जनता के बीच लोकप्रिय लोगों को ही वरीयता देनी है।

## सीबीआई के मुकदमे में केजरीवाल को नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले में आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सीबीआई की ओर से दर्ज मुकदमा रद किए जाने और जमानत के लिए दायर उनकी याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने कहा कि सीबीआई के पास केजरीवाल को गिरफ्तार करने का पर्याप्त कानूनी आधार था। उन्होंने कहा कि यह नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी बिना किसी न्यायोचित कारण के की गई। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को निचली अदालत जाने की छूट दी।

# सजा में छूट : देरी होने पर उप्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने निर्धारित समय सीमा के भीतर सजा में छूट संबंधी अर्जियों पर विचार करने के आदेश का पालन नहीं करने पर सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाई और कारागार विभाग के प्रमुख सचिव को 19 अगस्त को कोर्ट के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश होने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने राज्य की नीति के अनुसार सजा में छूट देने का अनुरोध करने वाली एक दोषी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हम व्यवस्था को ठीक करना चाहते हैं।

न्यायालय ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पेश वकील द्वारा फिर से समय मांगने पर कड़ी आपत्ति जताई। पीठ ने कहा कि चार महीने बीत चुके हैं। आप फिर से दो और महीने का वक्त मांग रहे हैं। कहा कि आरोपियों की सजा में छूट की अर्जियों पर विचार करने के लिए इस अदालत द्वारा पारित आदेश का उप्र सरकार द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है।

### मदरसा शिक्षा अधिनियम पर होगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं को अंतिम सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगा, जिसमें उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को रद कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने पांच अप्रैल को हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाते हुए कहा था कि फैसले के खिलाफ सात याचिकाओं में उठाए गए मुद्दे गहन विचार-विमर्श योग्य हैं। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि वह इन याचिकाओं को अंतिम निपटारे के लिए 13 अगस्त को सूचीबद्ध करेगी।

## एक नजर

### तस्करी माडयूल का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान स्थित तस्कर राणा दयाल गिरोह के एक सदस्य को गिरफ़्तार कर सीमा पार तस्करी करने वाले माड्यूल का पर्दाफाश किया है। आरोपी की पहचान राजवंत सिंह उर्फ राजू निवासी गाँव अटलगढ़ अमृतसर के तौर पर हुई है। उसके कब्जे से दो मैगजीन सहित दो 9 एमएम ग्लॉक पिस्टल बरामद की हैं।

### पुलिस निरीक्षक का शव पेड़ पर लटका मिला

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु पुलिस में तैनात एक निरीक्षक सोमवार को शहर के बाहरी इलाके बिदादी में एक सुनसान स्थान पर मृत पाया गया। 50 वर्षीय निरीक्षक थिम्मेगौड़ा का शव शहर के बाहर एक पेड़ पर लगाए फंदे से लटका पाया गया।

# पॉक्सो कोर्ट ने दुष्कर्मी ताऊ को सुनाई फांसी की सजा

संवाददाता, हरदोई

- तीन साल की बच्ची से किया था दुष्कर्म, एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार :** तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) ने सोमवार को दुष्कर्मी ताऊ को मृत्युदंड और एक लाख के जुर्माने की सजा सुनाई है।

मामला सांडी थाने के अमलौखा गांव का है। साल 2022 में 28 जुलाई की शाम को ईश्वर पाल पुत्र केशन अपने भाई के घर पहुंचा। जहां भाई की तीन साल की बच्ची खेल रही थी। इस बीच ईश्वर पाल उर्फ ईशू ने बच्ची को उठाकर घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची बेहोश हो गई तो उसके सो जाने की बात कह कर घर पहुंचा गया, मां ने बच्ची की हालत देखी तो उसके होश उड़ गए। उसने ईशू के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। मामला अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) मो. नसीम की कोर्ट में चल रहा था। कोर्ट ने दो साल में सुनवाई पूरी करते हुए आरोपी ईश्वर पाल को मृत्युदंड और एक लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई।

### जज बोले-ऐसे नरपिशाच समाज के लिए घातक

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-14 मोहम्मद नसीम ने मौत की सजा सुनाते वक्त कहा कि यह मामला विरल से विरलतम है। जब बच्ची अपने घर में महफूज नहीं है, तो फिर वह कहां महफूज होगी। ऐसे नरपिशाच समाज के लिए घातक हैं। लिहाजा इसको फांसी की सजा दी जाती है। जज ने लिखा- इसके गले में फांसी लगाकर फंदे पर तब तक लटकाया जाए, जब तक उसकी मौत न हो जाए।

# डीपी पर डीएम का फोटो लगा तहसीलदार से ठगे 50 हजार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दूसरा मैसेज आने पर हुआ ठगी का एहसास, पुलिस ने शुरू की जांच

**अमृत विचार :** साइबर ठगों ने जिलाधिकारी (डीएम) की डीपी लगे मोबाइल नंबर से तहसीलदार को व्हाट्सएप मैसेज भेजकर 50 हजार रुपये मांगे। तहसीलदार ने भी बिना पड़ताल किए रुपये ट्रांसफर कर दिए। दूसरा मैसेज आने पर ठगी का अहसास हुआ।

तहसील सदर के तहसीलदार सुरेंद्र सिंह रविवार को उझानी मार्ग पर कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था देख रहे थे। तभी उनके सीयूजी नंबर पर डीएम निधि श्रीवास्तव के फोटो लगे नंबर से व्हाट्सएप मैसेज आया जिसमें 50 हजार रुपये मांगे गए। उन्होंने तुरंत रुपये ट्रांसफर कर दिए। आधा घंटे के बाद फिर 50 हजार रुपये मांगे गए तो तहसीलदार का माथा ठनका और डीएम को फोन कर जानकारी की। डीएम भी हैरान हो गईं और मैसेज से इनकार कर दिया। सुरेंद्र सिंह ने साइबर थाना पुलिस को सूचित किया। पुलिस के अनुसार तहसीलदार को मैसेज बंगलुरु के मोबाइल नंबर से आया है। सुरेंद्र सिंह ने बताया कि व्हाट्सएप मैसेज पर डीएम का नाम-फोटो आ रहा था। जिससे ज्यादा ध्यान नहीं दे पाए और रुपये भेज दिए।

# शेयर बाजार धड़ाम, निवेशकों के 15 लाख करोड़ रुपये डूबे

मुंबई, एजेंसी

**वैश्विक बाजारों में गिरावट से घरेलू बाजार भी लुढ़का**

- सेंसेक्स 2.74% गिरकर 78,759, निफ्टी 2.68% गिरकर 24,055 पर हुआ बंद

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को जोरदार गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 2,200 अंक से अधिक का गोता लगा गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 662 अंक की बड़ी गिरावट आई।

दुनिया के अन्य देशों के शेयर बाजारों में गिरावट के रुख के बीच बैंक, आईटी, धातु तथा तेल एवं गैस शेयरों में चौतरफा बिकवाली से बाजार नीचे आया। इस गिरावट से निवेशकों को एक दिन में 15 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। सेंसेक्स 2,222.55 अंक यानी 2.74 प्रतिशत लुढ़क कर एक महीने से अधिक के निचले स्तर 78,759.40 अंक पर बंद हुआ। बाजार में चार जून, 2024 के बाद एक दिन में यह सबसे बड़ी गिरावट है। उस दिन यह 2,686.09 अंक टूटकर 78,295.86 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 662.10 अंक यानी 2.68 प्रतिशत का गोता लगाकर 24,055.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 824 अंक लुढ़क कर 23,893.70 अंक तक आ गया था। निफ्टी में भी चार जून के बाद यह एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सोमवार को घटकर 441.84 लाख करोड़ रुपये पर आ गया।

# एलजी नियुक्त कर सकते हैं नगर निगम में एल्डरमैन

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा - सरकार की सलाह मानने के लिए बाध्य नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि कानून दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) को एमसीडी (नगर निगम) में एल्डरमैन नामित करने का अधिकार देता है और वह इस मामले में मंत्री परिषद की सलाह मानने के लिए बाध्य नहीं हैं।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने दिल्ली सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें मंत्री परिषद की सलाह माने बगैर दिल्ली नगर निगम में 10 एल्डरमैन नामित करने के उपराज्यपाल के अधिकार को चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर करीब 15 महीने तक फैसला सुरक्षित रखा था।

### लोकतंत्र के लिए झटका : आप

आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि पार्टी एमसीडी में एल्डरमैन नामित करने के उपराज्यपाल के अधिकार को बरकरार रखने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सम्मानपूर्वक असहमति व्यक्त करती है। यह लोकतंत्र के लिए बड़ा झटका है।

## आतंकियों के तीन मददगार गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों ने हथियार और गोला-बारूद के साथ तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि अनंतनाग पुलिस, सेना की एक राष्ट्रीय राइफल और 90 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक संयुक्त टीम ने तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया। सुरक्षा बलों ने उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनों आतंकवादी सहयोगियों की पहचान हसनपोरा तवेला निवासी दाऊद अहमद डार, इम्तियाज अहमद रेशी और शाहिद अहमद डार के रूप में हुई है।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा-डेथ चैंबर बन गए हैं कोचिंग सेंटर

नई दिल्ली, एजेंसी

**कोर्ट ने दिल्ली कोचिंग सेंटर हादसे का लिया स्वतः संज्ञान**

- केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर मांगा जवाब
- बेसमेंट में पानी भर जाने से तीन छात्रों की हो गई थी मौत

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले सप्ताह दिल्ली के राजेंद्र नगर इलाके में स्थित एक कोचिंग सेंटर की इमारत के बेसमेंट में पानी भरने के कारण सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत के मामले का सोमवार को स्वतः संज्ञान लिया और केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी करके जवाब-तलब किया।

शीर्ष अदालत ने साथ ही कहा कि कोचिंग सेंटर 'डेथ चैंबर (मौत का कुआं)' बन गए हैं और छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में हाल में घटी यह घटना सभी के लिए आंखें खोलने वाली है।



27 जुलाई को यहां ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में राव आईएएस स्टडी सर्किल के बेसमेंट पुस्तकालय में भारी बारिश के बाद पानी भर जाने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की डूबने से मौत हो गई थी। पीठ ने कहा कि हम जो पढ़ रहे हैं वह भयानक है। अगर जरूरत पड़ी तो हम इन कोचिंग सेंटरों को बंद भी कर देंगे। फिलहाल कोचिंग ऑनलाइन ही चलनी चाहिए, जब तक कि इमारत नियमों और अन्य सुरक्षा मानदंडों का सावधानीपूर्वक पालन न हो जाए।

### कोचिंग संस्थानों की अपील खारिज, लगाया जुर्माना

शीर्ष अदालत ने कोचिंग सेंटरों के एक संघ द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले का संज्ञान लिया, जिसमें दिल्ली हाईकोर्ट के दिसंबर 2023 के आदेश को चुनौती दी गई थी। उक्त आदेश में दिल्ली की अग्निशमन सेवाओं और नगर निकाय को सभी कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया था ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे अग्नि सुरक्षा मानदंडों का अनुपालन कर रहे हैं या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को अगंभीर बताते हुए एसोसिएशन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए अपील खारिज कर दी।

### यह घटना सभी के लिए आंख खोलने वाली

पीठ ने कहा कि हाल ही में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना सभी के लिए आंख खोलने वाली है। इसलिए, हम कार्यवाही के दायरे का विस्तार करना और केंद्र एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को नोटिस जारी करना उचित समझते हैं, ताकि वे कारण बताएं कि अब तक क्या सुरक्षा मानदंड निर्धारित किए गए हैं और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए क्या प्रभावी तंत्र विकसित किया गया है।

इंदिरानगर मोहल्ले के पास रेलवे की जमीन के बदले सरकार ने अयोध्या में दी भूमि

# जगी उम्मीद...जल्द शुरू होगा इनर रिंग रोड का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- महानगर की लगभग साढ़े पांच लाख आबादी को होगा फायदा नगर निगम करवाएगा निर्माण

**अमृत विचार :** महानगर में जल्द ही इनर रिंग रोड का निर्माण शुरू होगा। यूपी सरकार ने इसके लिए अयोध्या में रेलवे को जमीन दे दी है। बदले में इंदिरा नगर की जमीन को ले लिया है। नगर निगम निर्माण शुरू कराने की तैयारी कर रहा है। जल्द ही निर्माण शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि रेल लाइन पर किया गया अतिक्रमण हटाया जाना अभी शेष है। इनर रिंग रोड बनने से महानगर की लगभग साढ़े पांच लाख आबादी के साथ-साथ जिले भर के लोगों को आवागमन में आसानी होगी।

नदियों के बीच बसे होने के कारण शहर के अंदर सड़कों का चौड़ीकरण संभव नहीं है। आवागमन के लिए तीन मार्ग मुख्य हैं, जिन पर वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण यातायात का दबाव अधिक हो गया है। इसके समाधान के लिए शहर के अंदर रेलवे की निष्प्रयोज्य रेलवे लाइन पर सड़क बनाने की मांग चल रही थी।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने पूर्व में इस संबंध में रेलवे को प्रस्ताव दिया था। उन्होंने प्रदेश से लेकर केंद्र सरकार तक इसके लिए पत्राचार किया। सांसद अरुण सागर भी रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मिले। जिसके बाद इस वर्ष फरवरी में रेलवे व शासन के बीच सहमति बनी। रेलवे ने निष्प्रयोज्य रेलवे लाइन व उसके आसपास अपने अधिकार क्षेत्र वाली जगह के बदले में नगर निगम से अयोध्या, कन्नौज व फर्रुखाबाद में भूमि मांगी थी, ताकि वहां पर रेललाइन का विकास किया जा सके। अब सरकार की ओर से अयोध्या में रेलवे को जमीन देकर इंदिरानगर मोहल्ले के पास स्थित रेलवे की जमीन को ले लिया गया है। अब यहां जल्द ही रोड बनना शुरू हो जाएगा क्योंकि निर्माण संबंधी सभी बाधाएं दूर हो चुकी हैं।

**दावा: ट्रैफिक व्यवस्था में होगा सुधार**

इनर रिंग रोड बनने से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होगा। नगर निगम ने रेलवे की निष्प्रयोज्य बनी 5 .3 किलोमीटर जमीन पर रिंग रोड बनाने का प्रपोजल तैयार कर लिया है। इस जमीन पर सड़क बनने से कचहरी, विकास भवन और जिला न्यायालय आने वाले पूर्व, उत्तर और दक्षिण दिशा से आने वाले लोगों को आवागमन करने में आसानी होगी।

> इंदिरा नगर वाले भाग में इनर रिंग रोड का निर्माण जल्द शुरू करने की तैयारी है। निर्माण के रास्ते में आने वाली लगभग सभी रुकावटों को दूर किया जा चुका है।
>
> – डॉ. विपिन कुमार मिश्र
> नगर आयुक्त



मोहल्ला इंदिरानगर स्थित रेल लाइन, इसी पर बनाया जाएगा इनर रिंग रोड। ● अमृत विचार

**ब्रिटिश हुकूमत में डाली गई रेल लाइन से आता था व्यापारियों का माल**

ब्रिटिश हुकूमत में शहर के अंदर रेलवे लाइन डाली गई थी, जो इंदिरा नगर मोहल्ले में से होते हुए मघईटोला मोहल्ले तक गई थी। इस रेलवे लाइन पर चलने वाली ट्रेनों से व्यापारियों का माल भी जाता था। इसका मघईटोला में आखिरी स्टापेज था। पुराने पोस्टमार्टम हाउस के पास मोहल्ला बिजलीपुरा से दूसरी रेलवे लाइन निकाली गई थी, जो बहादुरगंज से बहादुरपुरा तक जाती थी। देश की आजादी के बाद शहर के अंदर जाने वाली ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया। इसके बाद वर्षों तक रेलवे लाइन की जमीन खाली पड़ी रही। धीरे-धीरे रेलवे की इस निष्प्रयोज्य जमीन पर लोगों ने कब्जा करना शुरू कर दिया। पुराने पोस्टमार्टम हाउस के पास रेलवे लाइन किनारे लोगों ने मकान बनवा लिए हैं, वही बहादुरगंज में भी रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया।

# शिवालयों में गूंजती रही ॐ नमः शिवाय की पवित्र ध्वनि

## सावन के तीसरे सोमवार को उत्साही श्रद्धालुओं ने किया भोलेबाबा का जलाभिषेक, मंदिरों में लगीं कतारें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** आदिदेव महादेव के प्रिय श्रावण मास का उल्लास और मस्ती दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। तीसरे सोमवार को बाबा के भक्तों में गजब की श्रद्धा दिखाई पड़ी। महिलाएं, पुरुष, युवा व बच्चे सभी अपने आराध्य की पूजा-अर्चना के आनंद में डूबे रहे। मंदिरों में जलाभिषेक व बेलपत्र चढ़ाने के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालु बड़े अनुशासित ढंग से पूजा का थाल लिए लाइन में अपनी बारी की प्रतीक्षा करते रहे। शिवालयों में ॐ नमः शिवाय की ध्वनि गुंजायमान होती रही। वहीं, भजनों का भी बोलबाला रहा।

सावन के तीसरे सोमवार को भी पूरा वातावरण शिवमय रहा। बाजारों से लेकर घरों तक भोले बाबा का गुणगान ही सुनाई दे रहा है। सुबह भोले बाबा के भक्तों ने स्नानादि से निवृत्त होकर मंदिर की ओर रुख किया। बेलपत्र, पुष्प, फल, मिष्ठान, रोली, चंदन, अक्षत, भांग, धतूरा आदि से सुसज्जित पूजा का थाल हाथों में लिए श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचते रहे। प्रमुख मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही। सुबह से लेकर दोपहर तक मंदिरों में हजारों श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर रोली, चंदन लगाकर बेलपत्र, पुष्प, फल, मिष्ठान, भांग-धतूरा और दक्षिणा अर्पित कर आरती की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

पुवायां मार्ग पैना बुजुर्ग स्थित श्री त्रिलोकीनाथ शिव मंदिर में हजारों महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने अपने आराध्य देव का पूजन किया। यहां मंदिर के बाहर मुख्य मार्ग और खेतों तक लंबी कतार लगी रहीं। वहीं, महानगर स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर, बाबा बनखंडीनाथ मंदिर, बाबा चौकसीनाथ मंदिर, रेती स्थित बाबा मनोकरण मंदिर, हनुमतधाम मंदिर आदि शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। इसी तरह गली-मोहल्लों के छोटे-छोटे मंदिरों में भी भोलेबाबा के जयघोष गूंजते रहे। घरों में पार्थिव शिवलिंग का पूजन कर भजन-कीर्तन होते रहे।

- बेलपत्र, पुष्प, फल, मिष्ठान, चंदन अक्षत, भांग, धतूरा आदि से पूजन कर की सुख समृद्धि की कामना



त्रिलोकीनाथ मंदिर पैना में जलाभिषेक के लिए लगी भक्तों की लंबी कतार। ● अमृत विचार



त्रिलोकीनाथ मंदिर पैना में बेलपत्र अर्पित करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



बाबा बनखंडीनाथ मंदिर में शिवार्चन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



बाबा विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**मूक-बधिर दिव्यांगजन करेंगे अमरनाथ यात्रा**

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसोसिएशन ऑफ दि डेफ वेलफेयर की ओर से मूक-बधिर दिव्यांगजनों के लिए विशेष अमरनाथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। महासचिव अमन सक्सेना ने बताया कि यात्रा का आयोजन बरेली मंडल बधिर संघ के सहयोग से किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल कराना है। उन्होंने बताया कि यात्रा 8 अगस्त से शुरू होगी। अधिक जानकारी के लिए एसोसिएशन ऑफ दि डेफ वेलफेयर से संपर्क किया जा सकता है।

**दहेज उत्पीड़न में पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**पुवायां, अमृत विचार :** बसई की पिंकी देवी ने दहेज उत्पीड़न के आरोप में पति अतुल कुमार, ससुर संजीव, सास अनीता, जेठ सचिन निवासी नारायणपुर खुटार व फुफेर ससुर सुरेंद्र वाजपेई निवासी चांदपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

S.R. INSTITUTIONS
Approved by PCI, AICTE, INC, DGT New Delhi
Affiliated to AKTU, BTE, UPSMF, ABV Medical University, Uttar Pradesh Lucknow
Registration Open 2024-25
B.Sc. (Nursing) GNM DPT
B.PHARMA D.PHARMA
ITI Courses
ELECTRICIAN 2 Years Course | COPA 1 Year Course | H.S.I. 1 Year Course | RADIOLOGY TECHNICIAN 2 Years Course
Add. : Maikpur, Bhuta-Faridpur Road, Bhuta, Bareilly, UP-243503
Contact : 9720456885, 9837464606

सांई पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एण्ड सांई अस्पताल
(UP State Medical Faculty Lucknow)
प्रवेश सत्र : 2024–25
छात्रवृत्ति उपलब्ध
• Diploma OT • Diploma Dialysis
• Diploma Cardio
Stadium Road, Bareilly
Call us : 6399449913, 7253077077

# डाक कांवड़ लेने कांवड़ियों का जत्था फर्रुखाबाद गया



कांवड़ियों को तिलक लगाते ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित व मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी।

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत चांदपुर से सोमवार को मुकेश शुक्ला के नेतृत्व में कांवड़ियों का जत्था डाक कांवड़ लेने घटिया घाट फर्रुखाबाद के लिए रवाना हुआ। जत्थे को खुटार थाने के पास से ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित और भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी ने चंदन तिलक लगाकर विदाई दी। यह जत्था मंगलवार को पैदल डाक कावड़ लेकर गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर पर जाकर जलाभिषेक करेगा।

डाक कांवर ले जाने वालों में संदीप शुक्ला, जयकुमार त्रिवेदी, करण शुक्ला, अभिषेक पांडे, नितिन शुक्ला, केशव त्रिवेदी, नितिन द्विवेदी, संजीव कुमार, निश्चित कुमार, निशांत सक्सेना, राम ओम वाजपेई, निखिल त्रिवेदी, मोहित शुक्ला, अभिषेक सिंह, विशाल शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# सावन में भोले बाबा के रंग, भक्तों के संग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कांवड़ियों के जयघोष और भजनों से लोगों में छाई मस्ती
- आराध्य शिव-पार्वती की मस्ती में डूबे नर-नारी
- महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक निकाली कांवड़यात्रा

**अमृत विचार :** सावन की मस्ती चहुंओर छाई हुई है। भोले बाबा की भक्ति में सराबोर भक्तों की मस्ती देखने लायक है। खासकर कांवड़ यात्रा लेकर चल रहे भक्तों का उल्लास सातवें आसमान पर है। बरेली मोड़ से महानगर में प्रवेश करने से लेकर सुभाष चौराहे पर विश्राम स्थल तक कांवड़ियों का बोलबाला है।

सुभाष चौराहा पर तो नजारा देखने लायक है। यहां सुबह से देर रात तक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही देखी जा सकती है। एक ओर जहां कांवड़ियां पैरों में घुंघरू बांधे बाबा की जय-जयकार करते हुए छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ कूच कर रहे हैं, वहीं ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, ट्रकों, मैटाडोर, कारों और मोटरसाइकिलों से हजारों कांवड़िया मस्ती करते हुए निकल रहे हैं। सुभाष चौराहे पर सभी वाहन आधा-एक घंटा रुककर जलपान, फलाहार, भोजन करते हैं।

यहां डीजे लदे वाहनों का नजारा भी अद्भुत होता है। डीजे पर शिव-पार्वती के भजनों से वातावरण गूंजता रहता है। इन वाहनों पर शिव-पार्वती के रूप में सजी झांकियां भी शामिल हो रही हैं, जो चौराहा पर भजनों पर थिरकते हुए मनोरंजन भी कर रही हैं। महानगर समेत आसपास क्षेत्रों के सेवाभाव रखने वाले महिलाएं-पुरुष भंडारा चलाकर कांवड़ियों को भोजन कराकर पुण्य कमा रहे हैं, वहीं तमाम लोग अपनी श्रद्धानुसार कांवड़ियों को फल, बिस्कुट, पानी आदि भी भेंटकर जय भोले के उद्घोष कर उनका मनोबल बढ़ा रहे हैं। रविवार रात महिला थाना के पास से भव्य कांवड़यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं और युवतियों ने भजनों पर झूमते हुए माहौल को शिवमय बनाया। महिलाओं में कांवड़ को लेकर खाता उत्साह दिखा।



सुभाष चौराहे पर भजनों पर थिरकते शिव-पार्वती के रूप में सजे युवा।



धार्मिक पताका के साथ छोटी काशी गोला रवाना होते कांवड़ियां। ● अमृत विचार



सुभाष चौराहा पर कांवड़ियों को भोजन कराते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



महिला थाने के पास कांवड़ यात्रा में भजनों पर नृत्य करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

उत्तर प्रदेश सरकार व नीति आयोग द्वारा रजिस्टर्ड Reg. No.201900787012235
Social Welfare Service Trust (NGO)
एक कदम समाज की ओर.... (समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट)
समाज कल्याण सेवा ट्रस्ट NGO द्वारा बरेली के टॉप कॉलेज व यूनीवर्सिटी में सीधे प्रवेश लें
Admission Open 2024
NGO द्वारा SC/ST छात्र/छात्राओं के लिए फ्री प्रवेश किताबे व यूनीफार्म फ्री
Polytechnic/GTI B.B.A B.C.A
B.Tech M.B.A M.C.A
PARAMEDICAL PHARMECY
DPT D.R.(Opt) OT X-RAY
GNM Note: Paid Course | ANM Note: Paid Course | B. Pharma | D. Pharma नोट: JEECUP परीक्षा अनिवार्य
AAYURVEDIC COURSE
GNM ANM B. Pharma
EDUCATION COURSE
B.Ed M.Ed BTC
नोटः– किसी भी कोर्स में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों के 60% अंक व 2 लाख सालाना आय से कम का आय प्रमाण–पत्र होना अनिवार्य है।
OBC/Gen./Other छात्र/छात्राओं को प्रवेश लेने पर विशेष छूट मिलेगी
Office Add. Mahanagar Colony Gol Chakkar, Near PNB ATM Gate No.1,Pilibhit bypass, Bareilly
M. 9045350563, 7310916076, 9027260563
ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। Website - www.sksa.org.in Email: skseva6@gmail.com

ADMISSION OPEN
SARDAR BALLABH BHAI PATEL DEGREE COLLEGE
BHOJIPURA, BAREILLY
Courses
B.Ed. | D.El.Ed. Code 080014 | B.El.Ed. Code 148
POLYTECHNIC Code 2253 | D. Pharma Code 2079/2143
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2024–25 स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com B.Sc. Home Science B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. Home Science M.A. Home Science M.A. Drawing & Painting
9412288876, 9412288878, 9412287776, 9457507777
चेयरमैन डा. हरीशंकर गंगवार 9412287777



कथाव्यास अतुल कृष्ण भारद्वाज।

# माता सती का त्याग, पार्वती जन्म प्रसंग सुन श्रोता गदगद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- खिरनीबाग मैदान में शिव महापुराण कथा में कथा व्यास अतुल कृष्ण भारद्वाज के भजनों पर झूमें नर-नारी

**अमृत विचार :** आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान की ओर से खिरनी बाग रामलीला मैदान में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में सोमवार को श्रोताओं माता सती के त्याग, पार्वती जन्म आदि प्रसंग सुन गदगद हुए। कथा व्यास संत अतुल कृष्ण भारद्वाज ने सोमवार को कथा सुनाते हुए कहा कि सती के विरह में शंकर जी की दशा भी दयनीय हो गई थी। वह हर पल सती का ही ध्यान करते रहते और उन्हीं की चर्चा में व्यस्त रहते थे।

कथा व्यास भारद्वाज ने कहा कि सती ने शरीर का त्याग करते समय संकल्प किया था कि वह राजा हिमालय के यहां जन्म लेकर अपने आराध्य शिव की अर्द्धांगिनी बनें।

अब जगदंबा का संकल्प व्यर्थ होने से तो रहा। वह उचित समय पर राजा हिमालय की पत्नी मैना के गर्भ में प्रविष्ट होकर उनकी कोख से प्रकट हुईं।

पर्वतराज की पुत्री होने के कारण वह पार्वती कहलाईं। जब पार्वती सयानी हुईं तो उनके माता-पिता को अच्छा वर तलाश करने की चिंता सताने लगी। एक दिन अचानक देवर्षि नारद राजा हिमालय के महल में आ पहुंचे और पार्वती को देख कहने लगे कि इसका विवाह शिव के साथ होना चाहिए। शिव ही सभी दृष्टि से पार्वती योग्य हैं।

यह जानकर पार्वती के माता-पिता के आनंद का ठिकाना नहीं रहा कि साक्षात जगतमाता सती ही उनके यहां प्रकट हुई हैं।

आरती पूजन में एडीएम डॉ. सुरेश कुमार, समाजसेवी डॉ. विजय पाठक, डॉ. संजय पाठक, जितेंद्र नाथ तिवारी, मुनेश्वर सिंह, सुनीता यादव, जयकरण बाजपेई, ऋषभ गुप्ता, मिथिलेश मिश्रा, रीना अवस्थी, राम प्रकाश मिश्रा, दीपक शर्मा, मिंटू गुप्ता, सोनिया गुप्ता, कृष्ण कुमार औदिच्य आदि शामिल रहे।




आज का मौसम



| 33.0⁰ | 26.0⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

# संवेदनशील स्थलों पर लगेंगे कैमरे, स्मार्ट रोड पर होगी लाइटिंग

## राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजनांतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के संबंध में हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सोमवार को राज्य स्मार्ट सिटी मिशन योजनांतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में परियोजनाओं की प्रगति के बारे में संबंधित अधिकारियों से विचार विमर्श किया गया।

इस अवसर पर अधिशासी अभियंता (सिविल) ने अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 से अब तक स्वीकृत परियोजना आईटीएमएस संचालन कार्य पुलिस विभाग द्वारा किया जा रहा है, जिस पर डीएम ने निर्देश दिए कि स्थापित कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का समय-समय पर निरीक्षण कर, परियोजना को सुचारू रूप से चलवाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आईटीएमएस परियोजना के अंतर्गत क्रियाविन्त 13 जंक्शन के अतिरिक्त अन्य आवश्यकतानुसार जंक्शन का परीक्षण कर प्रस्ताव तैयार किया जाए। सेफ सिटी अंतर्गत कैमरों के इंटीग्रेशन का कार्य 50 प्रतिशत पूर्ण होने और शेष कार्य प्रगति पर की जानकारी मिलने पर डीएम ने कहा कि नगर निगम, पुलिस थानों, एसएचओ, पुलिस विभाग के माध्यम से प्राप्त संवेदनशील स्थलों पर कैमरों को इंटीग्रेशन किया जाए और लूप कैमरों का भी परीक्षण कराकर इंटीग्रेशन कराया जाए।



कलक्ट्रेट में राज्य स्मार्ट सिटी मिशन से संबंधित बैठक में दिशा निर्देश देते डीएम उमेश प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

- **डीएम ने कार्यों की समीक्षा कर दिए दिशा निर्देश**

लोनिवि के अधिशासी अभियंता, प्रांतीय खंड ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में मल्टीलेवल कार पार्किंग का कार्य पूर्ण हो गया है। स्मार्ट रोड में भौतिक कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण है, शेष कार्य प्रगति पर है। स्मार्ट रोड परियोजना के संबंध में कार्यदायी संस्था द्वारा प्रगति से अवगत कराया गया। बताया कि स्मार्ट रोड पर स्मार्ट लाइटिंग का कार्य नगर निगम द्वारा कराया जाना है। कार्यदायी संस्था द्वारा 60 मीटर की इंटरलाकिंग निर्माण कार्य, डिवाइडर पर ग्रीनरी का कार्य, दोनों ओर पौधरोपण स्थल पर क्षतिग्रस्त पौधों को बदलवाने, रोड पर अंतिम कोट डाले जाने का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए।

### जल्द बनेंगे ओपन जिम और हरित शवदाह गृह

बैठक में अपर नगर आयुक्त ने बताया कि शहरी सुविधा केंद्र/जोनल कार्यालय कार्य प्रगति पर है। सूर्य नमस्कार कार्य 50 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, शेष कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा 20 पार्कों में ओपन जिम के लिए 4.22 करोड़ की डीपीआर प्रेषित है, सीनियर केयर सेंटर कार्रवाई प्रगति पर है व हरित शवदाह गृह की 2.05 करोड़ की डीपीआर स्वीकृत है। डीएम ने कहा कि सीनियर केयर सेंटर के लिए यदि कहीं भूमि उपलब्ध न हो पा रही हो, तो ककरा न्यू सिटी में उपयुक्त भूमि का चयन कर परियोजना का क्रियान्वयन कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने एसडीएम को सीनियर केयर सेंटर के लिए भूमि उपलब्ध कराने को कि। वहीं, हरित शवदाह गृह परियोजना के संबंध में अधिशासी अभियंता ने अवगत कराया गया कि पहले से स्थापित तीन अन्त्येष्टि स्थलों अजीजगंज, लालपुर व श्यामतगंज गौटिया में हरित शवदाह गृह परियोजना का क्रियान्वयन कराया जाना है, जिसके लिए कार्रवाई जारी है। ओपन जिम परियोजना का क्रियान्वयन 20 चयनित स्थलों पर कराया जाना है।

### हनुमतधाम पुल तक होगा सौंदर्यीकरण

पक्का पुल से हनुमतधाम होते हुए नए पुल तक चारों ओर सौंदर्यीकरण व रिटेनिंग वॉल सहित रिवर बैंक का कार्य 9.357 करोड़ की कार्ययोजना स्वीकृत है। कन्वेंशन सेंटर 35.90 करोड़ की कार्ययोजना स्वीकृत है। कन्वेंशन सेंटर परियोजना के लिए बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था सी एंड डीएस, यूपी जलनिगम, जनपद के परियोजना प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि कन्वेंशन सेंटर मोहल्ला ककरा में निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय के समीप प्रस्तावित है। डीएम ने निर्देश दिए कि ककरा में निर्माणाधीन, स्वीकृत, प्रस्तावित विभिन्न परियोजनाओं और भवनों की दीर्घ कालीन सुरक्षा के दृष्टिगत सिंचाई विभाग के माध्यम से तटबंध/रिवर फ्रंट निर्माण की कार्ययोजना बनवा कर शासन को प्रेषित की जाए।

## किशोरी को अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदनापुर थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि 30 जुलाई की शाम छह बजे उसकी 16 वर्षीया बहन काम से बाजार गई थी। वह रात आठ बजे तक वापस नहीं आई तो उसकी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। उन्हें अगले दिन पता चला कि उसकी बहन को जलालाबाद क्षेत्र का अंकित पाल अगवा करके ले गया। उसका गांव में एक परिवार के यहां आना-जाना था। पुलिस ने आरोपी अंकित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पिता-पुत्र पर बेटी के अपहरण का केस दर्ज

**पुवायां, अमृत विचार :** महिला ने विवाहित पुत्री को अगवा करने के आरोप में गंगसरा के विवेक पुत्र श्रीपाल और श्रीपाल पुत्र अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला ने बताया कि वह 18 जुलाई को आवश्यक कार्य से गई थी। घर पर उसकी विवाहित पुत्री अकेली थी। पुत्री ने फोन करके बताया कि वह दवा लेने पुवायां जा रही है। इसके बाद वह शाम तक वापस नहीं आई। जानकारी की तो पता लगा कि पिता-पुत्र विवेक व श्रीपाल ने बेटी का अपहरण कर लिया। मां ने पुत्री व दामाद के साथ अनहोनी की आशंका व्यक्त की है।

# बेखौफ चोरों पर पुलिस नहीं लगा पा रही लगाम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शहर में दिनो दिन चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। लेकिन पुलिस इन बेखौफ चोरों पर लगाम नहीं लगा पा रही है। चोरी की घटनाओं से लोग परेशान हैं। रेलवे स्टेशन पर कर्मचारी की एक साइकिल चोरी का मामला प्रकाश में आया है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में दिख रहा है कि एक युवक साइकिल के आस-पास घूम रहा है और मौका पाकर साइकिल लेकर चंपत हो गया। कर्मचारी ने जीआरपी में साइकिल चोरी की तहरीर दी।

रेलवे विभाग में प्वाइंट मैन पवन कुमार रविवार की शाम सात बजे स्टेशन के गेट पर आया। उन्होंने पूछताछ कार्यालय के बाहर साइकिल खड़ी कर दी और कार्यालय में ट्रेन के चालक को कॉशन देने के लिए कागज लेने चला गया। कर्मचारी दस मिनट बाद कार्यालय के बाहर आया तो उसकी साइकिल गायब थी। उसने साइकिल चोरी की जानकारी रेल अधिकारी को दी। कर्मचारी जीआरपी और आरपीएफ थाना पर गया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो देखा गया कि साइकिल के आस-पास एक लाल रंग की टी शर्ट व पैंट पहने युवक खड़ा है और इधर-उधर देख रहा है। थोड़ी देर में मौका पाकर उसने साइकिल उठाई और गेट से बाहर निकल गया।

चोर कैमरे में कैद हो गया। जीआरपी थाना प्रभारी रेहान अली खां ने बताया कि साइकिल चोर फुटेज में कैद हो गया। आरोपी की तलाश की जा रही है।



सीसीटीवी कैमरे में कैद चोर।

- **स्टेशन पर साइकिल चोरी का वीडियो वायरल**
- **चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद जीआरपी कर रही तलाश**

### चोरी के सामान समेत दो लोग गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत सिंधौली पुलिस ने बाल अपचारी समेत दो लोगो को चोरी के जेवर व अन्य सामान समेत गिरफ्तार किया है। सिंधौली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने रविवार की रात साढ़े दस बजे कस्बा में चोरी करने की नीयत से घूम रहे बाल अपचारी समेत दो को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया चोर रोहित निवासी बढ़ेपुर थाना सिंधौली और दूसरा बाल अपचारी रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस अभियुक्तों के कब्जे से तमंचा, एक कारतूस, एक जोड़ी पायल, दो जोड़ी बिछुआ, 9500 रुपये बरामद किए है। पकड़े गए अभियुक्तों ने सिंधौली और खुटार में हुई चोरी की घटना को कबूल किया है। अभियुक्त रोहित पर पहले से पांच केस हैं। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक गौरव कुमार, सिपाही नितिन सिंह, शिवम, पुष्पेंद्र है।

### नगदी समेत लाखों के जेवर चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बिहार रामनगर में चोरों ने एक मकान में नकब लगा नगदी समेत लाखों का जेवर चुराकर ले गए। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बंडा थाना क्षेत्र के गांव बिहार रामनगर निवासी रीना देवी ने बताया कि उसके पति छत्रपाल व जेठ सत्यपाल काम करने बाहर गए थे। शनिवार को वह और उसकी जेठानी सरिता बच्चों के साथ रात में आंगन में सो रही थी। अज्ञात चोरों ने दीवार में नकब लगा दी और कमरे में घुस आए। बक्से का ताला तोड़ उसमें रखे 46000 रुपये, सोने के झाले, पांच पेंडल, मंगलसूत्र, एक जोड़ी सोने के कुंडल, बर्तन चुराकर ले गए। रीना देवी सुबह सोकर उठी तो देखा कि कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। पुलिस ने अज्ञात में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## राज्यरानी समेत कई ट्रेनों का आज से संचालन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रेल प्रशासन ने रोजा में नॉन इंटरलाकिंग को लेकर डाउन व अप लाइन की एक दर्जन से अधिक ट्रेनें रद्द थी। मंडल के अधिकारियों ने रोजा में डेरा डाल रखा था। सोमवार को दिन में 11 बजे से पांच घंटे का ब्लॉक लिया गया।

इस दौरान डाउन व अप लाइन की सियालदह एक्सप्रेस को रोक दिया गया था। काम खत्म होने के बाद ट्रेनों का संचालन शुरू किया गया। मंगलवार की सुबह तक कार्य पूरा हो जाएगा। बरेली-रोजा पैसेंजर, सीतापुर-शाहजहांपुर पैसेंजर, वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस, प्रयाग-बरेली एक्सप्रेस, सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस, वाराणसी-नई दिल्ली एक्सप्रेस, गुवाहाटी एक्सप्रेस, अमरनाथ एक्सप्रेस, मेरठ-लखनऊ राज्यरानी एक्सप्रेस का संचालन मंगलवार से शुरू हो जाएगा। ट्रेनों के संचालन से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

# गोरखपुर की कंपनी ने दो गुना भुगतान का लालच देकर हड़पे 80 लाख 65 हजार

संवाददाता, तिलहर/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गोरखपुर की एक कंपनी ने निवेश का दो गुना भुगतान करने के नाम पर ग्राहकों के 80 लाख 65 हजार रुपये जमा करा लिए और रुपये हड़प कर गोरखपुर भाग गए। पुलिस ने कंपनी के दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कटरा थाना क्षेत्र के गांव बतलैया मचचक निवासी देवेश कुमार ने कोर्ट के आदेश पर तिलहर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 13 नवंबर 2008 में उसके घर कंपनी के एमडी जीवन नारायण सिंह निवासी अधरौली थाना चौरा चौरी जिला गोरखपुर व कंपनी के चेयरमैन नंदलाल जिला गोरखपुर प्रचार-प्रसार करते हुए आए। दोनों लोगों ने कंपनी के सारे कागजात दिखाए। बताया कि फिनोमिलन हेल्थ केयर सर्विस लिमिटेड के नाम से कंपनी चला रहे है। जिसका मुख्यालय मुंबई में है। दोनों लोगों ने बताया कि रुपये निवेश कर ग्राहकों को लाभ के रूप में स्वास्थ्य बीमा व जमा किए हुए रुपये को दो गुना करके उन्हें भुगतान करते है। बीमार ग्राहकों का के इलाज का खर्चा कंपनी स्वयं वहन करती है।

पीड़ित ने बताया कि वह आरोपियों के बहकावे में आ गया। वह कंपनी में रुपये तैयार करने को तैयार हो गया। आरोपियों ने तिलहर में नई बस्ती में एक किराए पर कार्यालय खोल दिया। जिसके बाद उन्होंने 29 जुलाई 2009 को नौ वर्षों के लिए 40 हजार रुपये महेश निवासी पुरायू थाना तिलहर से जमा करवाए। इसके अलावा सुशील गुप्ता, रामाधार, श्रीकृष्ण, सर्वेश कुमार, सुदेश्र नितिन आदि से कंपनी में 80 लाख 65 हजार रुपये का निवेश कराया। इस के बाद एमडी ने कंपनी का नाम बदलकर एसएनके कारपोरेशन कर दिया। पीड़ित देवेश ने अपनी पत्नी के नाम पर 25 हजार रुपये जमा किए। भुगतान की अवधि पूरी हो जाने पर भुगतान करने के लिए कहा तो आरोपी भुगतान का आश्वासन देते रहे। इसके बाद कार्यालय बंद करके भाग गए।

- **तिलहर की नई बस्ती में किराए के मकान में खोला था कार्यालय**
- **कोर्ट के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट**

### 20 फरवरी को पीड़ित ने दिया था प्रार्थना पत्र, तब पुलिस ने नही लिखी रिपोर्ट

पीड़ित ने 20 फरवरी 24 को तिलहर और पुलिस अधिकारियों को प्रार्थनापत्र दिया लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। तिलहर थाना के उप निरीक्षक सुखपाल सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी जीवन नारायण व नंदलाल निवासी गोरखपुर के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## सार-संक्षेप

### घरेलू कलह महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान



**शाहजहांपुर।** महिला ने घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला ककरा कला निवासी सुशीला देवी(60) ने रविवार की शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत खराब होने पर वह उल्टी करने लगी। परिवार वाले उसे मेडिकल कॉलेज ले आए। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसके पति राजेंद्र की पहले मृत्यु हो चुकी है। उसके दो बेटे अवधेश व सत्यपाल है। अवधेश काफी समय से बीमार चल रहा है। सत्यपाल शराबी किस्म का है। वह आए दिन शराब पीने के लिए अपनी मां सुशीला से पैसे मांगता था। रुपये न देने पर मां से झगड़ा करता था। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि महिला का एक बेटा सत्यपाल शराब का आदी है और आए दिन मां से झगड़ा करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### खेत में काम कर रहे किसान की सर्पदंश से मौत



**पुवायां/ शाहजहांपुर।** खेत में काम कर रहे किसान को सांप ने डस लिया, जिससे किसान बेहोश हो गया। पुवायां सीएचसी से डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुवायां थाना क्षेत्र के गांव गौटिया इकघरा निवासी राम प्रकाश(50) रविवार की शाम पांच बजे खेत पर गया था। वह फसल में खाद डाल रहा था। इसी बीच सांप ने उसके पैर में डस लिया। किसान खेत पर बेहोश होकर गिर गया। सूचना मिलने पर परिवार वाले उसे लेकर पुवायां सीएचसी पर गए। डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। परिवार वाले राम प्रकाश को देर रात मेडिकल कॉलेज लेकर आए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### डीआरएम ने किया नए पावर केबिन का उद्घाटन

**शाहजहांपुर।** मुरादाबाद मंडल के डीआरएम राजकुमार ने रोजा रेलवे स्टेशन पर पूजा कर व नारियल फोड़कर नए पावर केबिन का उद्घाटन किया। उन्होंने रोजा में नॉनइंटरलाकिंग का कार्य का निरीक्षण किया और दिशा निर्देश दिए। मुरादाबाद मंडल के डीआरएम राजकुमार सोमवार की दोपहर 12 बजे विंडो निरीक्षण करते हुए रोजा रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। उन्होंने रोजा स्टेशन पर हो रहे नॉन इंटरलाकिंग का कार्य को देखा और रेल लाइन पर प्वाइंट को चेक किया। डीआरएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि आज रात तक कार्य पूरा हो जाना चाहिए। रोजा रेलवे स्टेशन पर एसएस कार्यालय लाबी कार्यालय, गार्ड रनिंग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने खाना बनाने वाले से जानकारी की, खाने में क्या-क्या दिया जाता है। प्लेटफार्म पर सफाई व्यवस्था को देखा। डीआरएम ने निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। यात्रियों को बेहतर सुविधा दी जाए। निरीक्षण करने के बाद डीआरएम स्टेशन पर स्थित नए पावर केबिन पर गए। डीआरएम ने पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर नए पावर केबिन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंडल के अधिकारी के अलावा रोजा एसएस श्रीकांत यादव, सीएमआई राजकुमार, पीडब्ल्यूआई हरगोविंद, लोको इंस्पेक्टर वीरेंद्र झा आदि मौजूद रहे।

## गोवंश पर चढ़ाया ट्रक, एक की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव कनेंग निवासी शिवेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार की रात सवा नौ बजे बरेली मोड़ से अपने घर बाइक से आ रहा था। इसी दौरान उन्होंने देखा कि ट्रक चालक ने गेट खोल रखा है। उन्होंने चालक से कहा कि गेट खोलकर क्यों ट्रक चला रहे हो। इस पर चालक ने उसे मारा पीटा और ट्रक लेकर भाग गया।

शिवेंद्र ने ट्रक का पीछा किया तो चालक ने सड़क के किनारे बैठे गोवंशीय पशु पर ट्रक चढ़ा दिया। जिससे एक गोवंश की मौत हो गई। चालक ट्रक छोड़कर भागा तो लोगों ने उसे पकड़ लिया। चालक ने अपना नाम प्रवेश यादव बताया। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर पहुंचे और चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने चालक का चालान कर दिया।

# उपचुनाव आज: मतदान केंद्रों पर पहुंचीं 96 पोलिंग पार्टियां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जनपद की सात ब्लॉकों पर पंचायत उपचुनाव आज सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिला प्रशासन द्वारा संपन्न कराएगा। जिसमें 55 हजार 315 वोटर अपने मत का प्रयोग करेंगे। जिनकी मतदाता पर्चियां घरों पर पहुंचा दी गई है। उपचुनाव संपन्न होने के बाद मतपेटियां ब्लॉक मुख्यालयों पर बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखवाई जाएंगी। उपचुनाव की मतगणना 8 अगस्त को ब्लॉक मुख्यालयों पर कराई जाएगी।

चुनाव संपन्न कराने के लिए सोमवार को सभी ब्लॉक मुख्यालयों से पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पोलिंग पार्टियां बूथों के लिए मतपेटी लेकर रवाना हो गई, जोकि देर शाम तक अपने अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच गई। पोलिंग पार्टियों के पहुंचने के बाद जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी बूथों पर व्यवस्थाएं व सुरक्षा व्यवस्था परखी और चुनाव कार्मिकों को दिशा निर्देश दिए।

**तिलहर।** बिलहरी गांव के प्रधान पद के उपचुनाव के मतदान के लिए सोमवार को ब्लॉक से पोलिंग पार्टी रवाना हुई। एसडीएम जीत सिंह व कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने गांव पहुंचकर मतदान केंद्रो को देखा और पोलिंग पार्टियों को कई निर्देश दिए।

बिलहरी गांव के प्रधान चंद्र मोहन गंगवार की सड़क हादसे में मौत होने के बाद प्रधान पद के उपचुनाव में चंद्र मोहन गंगवार की पत्नी वेदवती व जंग बहादुर दो प्रत्याशी है। बिलहरी गांव मैं कुल 1369 मतदाता हैं जिनमें से मतदान केंद्र 169 पर 669 तथा मतदान केंद्र 170 पर 700 मतदाता है। एसडीएम जीत सिंह ने गांव में पहुंचकर पोलिंग पार्टी के सदस्यों से मुलाकात की। उन्होंने पोलिंग पार्टी को निर्देश दिए की चुनाव बिना पक्षपात के संपन्न कराए।



मतदान केंद्र के लिए रवाना होती पोलिंग पार्टियां। ● अमृत विचार



तिलहर में मतदान केंद्र रवाना होती पोलिंग पार्टियां। ● अमृत विचार

- **सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक सात ब्लाकों में होगा मतदान**

### एसडीएम और सीओ ने लिया व्यवस्थाओं को जायजा

**तिलहर/पुवायां।** तिलहर एसडीएम जीत सिंह राय व सीओ प्रयांक जैन ने सोमवार को जिला पंचायत सदस्य मदनापुर द्वितीय वार्ड संख्या 36 के उप चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सोमवार को सभी 37 पोलिंग स्टेशनों के लिए पोलिंग पार्टी रवाना की गईं। चुनाव में 28 गांव सभाओं के करीब 55 हजार मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पुवायां एसडीएम पुवायां संजय कुमार पांडे और सीओ पंकज पंत सोमवार को बंडा के बरीबरा और पुवायां के धर्मगदापुर गांव पहुंचे। जहां ग्राम प्रधान पद पर होने वाले उपचुनाव को लेकर पोलिंग बूथ का निरीक्षण कर चुनाव कराने पहुंची पोलिंग पार्टी से जानकारी ली। किसी भी तरीके की समस्या होने पर तत्काल अधिकारियों को सूचना देने और निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराने के पोलिंग पार्टियों को निर्देश दिए।

# कार ने बाइक को टक्कर मारी, दंपती की मौत

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव हार गुरैया निवासी मोरपाल शनिवार की दोपहर मक्का का बीज लेने फर्रुखाबाद जा रहा था। पत्नी सावित्री ने कहा कि हम भी चलेंगे। इसी बहाने गंगा स्नान कर लेंगे। पति-पत्नी बाइक पर सवार होकर घर से निकल गए और वहां हादसे का शिकार हो गए। सोमवार को एक साथ दोनों की चिताएं जलीं। जिससे लोगों की आंखों में आंसू छलक आए।

ग्राम प्रधान राम प्रताप वर्मा ने बताया कि दंपती फर्रुखाबाद जिले की जमापुर मोड़ पर पहुंचे तभी सामने से आ रही एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे मोरपाल (50) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सावित्री (48) गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें इलाज के लिए फर्रुखाबाद के जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें मेडिकल कॉलेज सैफई में भेजा गया। वहां पहुंचने से पहले ही उनके रास्ते में मौत हो गई। इसके बाद रविवार को मोरपाल का फर्रुखाबाद में पोस्टमार्टम किया गया तो पत्नी का इटावा में पोस्टमार्टम किया गया। रविवार की देर शाम दोनों के शव जब गांव पहुंचे तो मातम का माहौल छा गया। जिसने पति-पत्नी की मौत की खबर सुनी। वह उनके दरवाजे पर पहुंच गया। सोमवार सुबह बहगुल के टिकोला घाट पर गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।



मृतका सावित्री व मोरपाल।

- **फर्रुखाबाद क्षेत्र में शनिवार को हुई घटना, रविवार सुबह घर पहुंचे शव**
- **सोमवार को एक साथ जलीं चिताएं, लोगों की आंखों में छलक आए आंसू**

### बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव मरैना निवासी मनपाल वर्मा ने बताया कि 24 जुलाई को दोपहर 12 बजे उसके पिता श्यामवीर खेड़ा रठ की बाजार सामान खरीदने साइकिल से जा रहे थे। खेड़ा पेट्रोल पंप के सामने बाइक ने साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। सूचना मिलने पर उसने उन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। बाइक सवार बाइक लेकर भाग गया। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## फोन पर दी जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

**खुटार, अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला कोट में रहने वाले पवन कुमार अवस्थी ने बताया कि उनके पड़ोस में एक व्यक्ति से रास्ते में भैंस बांधने को लेकर विवाद चल रहा है। बताया कि रविवार को वह घर पर था। तभी उनके मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि वह लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी के गांव बिलंदपुर से अशोक मिश्रा बोल रहा है। पीड़ित ने बताया कि फोन करने वाले अशोक मिश्रा ने उन्हें धमकी दी कि अगर उन्होंने रास्ते में भैंस बांधने से मना किया, तो वह उन्हें व उनके पूरे परिवार को खत्म कर देंगे। इसके बाद पीड़ित पवन अवस्थी थाने पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस ने पवन अवस्थी की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कांवड़ियों की ट्रैक्टर-ट्रॉली और कार में टक्कर, हंगामा



घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार :** कांवड़ियों की ट्रैक्टर-ट्रॉली से कार टकरा जाने को लेकर हंगामा हो गया। पुलिस ने किसी तरह से स्थिति को संभाल कर कांवड़ियों को शांत किया।

पुवायां निवासी अमन शुक्ला अपनी मां को बरेली के एक निजी अस्पताल से दवा दिलाकर सोमवार शाम को वापस आ रहे थे। इसी दौरान निगोही-पुवायां रोड पर उनकी कार कांवड़ियों की ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। अमन ने बताया कि कांवड़ियों ने उनके साथ जमकर बदसलूकी करते हुए हंगामा किया। जबकि उनकी कार क्षतिग्रस्त हुई। ट्रैक्टर-ट्रॉली को क्षति नहीं पहुंची है। थाना पुलिस के अनुसार मामले में कोई तहरीर नहीं आई है।

Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003
0581-2530800/700
HELPLINE 9760701234
मेडिसिन एवं क्रिटिकल केयर विभाग
डा. सुधीर कुमार यादव
एम.डी. (मेडिसिन) गोल्ड मेडलिस्ट
(महामहिम राष्ट्रपति द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित)
कन्सलटेन्ट फिजिशियन एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. समय
प्रातः 10 से 4 बजे तक
सायं 7 से 9 बजे तक
कोलेस्ट्रोल, शुगर, ब्लडप्रेशर, थायराइड, कमजोरी, डेंगू, मलेरिया, टाइफायड, एवं खून की बीमारिया
छाती की समस्या: सांस फूलना, दमा, निमोनिया, खांसी, बलगम, टी.बी.
दिल की समस्या: ब्लडप्रेशर, हार्टअटैक, छाती में दर्द, धड़कन बढ़ना, घबराहट
पेट एवं लीवर की समस्या: पीलिया, काला पीलिया, उल्टी, कब्ज, पेट दर्द, लीवर खराब, खाना नहीं पचना, भूख न लगना
खून सम्बन्धित रोग: खून की कमी, खून की गन्दगी, इओसिनोफिलिया
सामान्य रोग
क्रिटिकल केयर सिरियस मरीजों का ईलाज
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
24 घण्टे इमरजेन्सी
आई.सी.यू. व वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध
Website: www.khushlokhospital.com
Email: khushlokhospital@rediffmail.com

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रुप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला IFFCO HOSPITAL मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
- 24 घंटे के अन्दर
- 14 दिन के बाद भी
- हथेली व तलुवे का भी पीला होना
- Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24x7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT, VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।
BRACHYTHERAPY
24 Channel
PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन
FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# हरियाली तीज पर चूड़ी बाजार में छाई रौनक, उमड़ी महिलाएं

## तीज कल, हाथों पर मेहंदी सजवाने को महिलाओं में उत्साह

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



चुना मंडी बाजार स्थित दुकान से श्रृंगार सामग्री खरीदतीं महिलाएं ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सावन का महीना महिलाओं के लिए खास होता है। इस बार हरियाली तीज पर्व सात अगस्त को मनाया जाएगा। जिसमें मात्र एक दिन का समय शेष बचा है। बाजार में इस पर्व को लेकर खास उत्साह और उमंग है। दुकानदारों ने महिलाओं से जुड़े इस पर्व को भुनाने के लिए खास तैयारी की है। फिरोजाबाद से चूड़ियां और जयपुर से जर्किन के कंगन मंगाए गए हैं। ये कंगन लाख से बने हैं।

शहर के चूना मंडी और सर्राफा बाजार में चूड़ी बेचने वाले आदिल खान ने बताया कि इस बार महिलाओं में तीज को लेकर उत्साह है। खरीदारी को महिलाएं खूब आ रही हैं। महिलाओं के द्वारा हरे रंग की चूड़ियों को प्राथमिकता दी जा रही है। फिरोजाबाद में बनी कांच की चूड़ियों की धूम मची हुई है। ठेलों और दुकानों पर चूड़ियां सजाई गई हैं। विक्रेता शराफत ने बताया कि हरा कलर खास पसंद किया जा रहा है। एक दर्जन डिजायनों में चूड़ी उपलब्ध हैं। चूड़ियां 40 रुपये से 160 रुपये दर्जन में बिक्री को उपलब्ध हैं। इसके अलावा बाजार में महिलाओं को प्लेन चूड़ी भी लुभा रही हैं। हरे रंग के अलावा लाल रंग भी पसंद किया जा रहा है। यह चूड़ियां 20 रुपये दर्जन में मौजूद हैं। वहीं जयपुर से आए जर्किन के कंगन की भी महिलाओं द्वारा खरीदारी की जा रही है। यह कंगन 40 से 160 रुपये तक में उपलब्ध हैं।

### ब्यूटी पार्लर में एडवांस बुकिंग

हरियाली तीज को लेकर शहर के सर्राफा बाजार, टिकट गंज, रेलवे रोड, रजी चौक, आर्य समाज चौक तथा अन्य स्थानों के ब्यूटी पार्लरों में एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। नवविवाहित महिलाओं एवं युवतियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उनके द्वारा पहले से ही ब्यूटी पार्लरों में एडवांस बुकिंग की गई है। इसके लिए बाजार में बजट के हिसाब से आकर्षक पैकेज भी दिए जा रहे हैं।

### बढ़ी घेवर की मांग

तीज पर बाजार में घेवर की मांग बढ़ गई है। देर शाम तक मिठाई की दुकानों में सादा, चीनी वाला और मावा घेवर खरीदने के लिए मिठाई की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ रही। घेवर लगभग तीन सौ रुपये लेकर पांच सौ रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है।

# बिजली कटौती से हाहाकार उपभोक्ताओं में पनपा गुस्सा

संवाददाता, वजीरगंज

- कटौती बंद किये जाने की जनता ने डीएम से लगाई गुहार

**अमृत विचार :** उमस भरी भीषण गर्मी से इलाके में हाहाकार मचा हुआ है। बिजली के अभाव में जहां किसानों की धान की फसल सूखी जा रही है, वही व्यापार पर इसका असर दिख रहा है। बिजली कटौती से जनमानस का गर्मी से बुरा हाल है, वहीं घरों में पेयजल संकट गहरा गया है। पेयजल के अभाव में महिलाओं को कामकाज निपटाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।लोगों ने डीएम से कटौती बंद कराने की गुहार लगाई है।

पिछले कई दिनों से पड़ रही उमस भरी गर्मी से लोगों का बुरा हाल हुआ जा रहा है। शुक्रवार को हुई हल्की बूंदाबांदी के बाद उमस बढ़ने से लोग गर्मी से अकुला रहे हैं। बिजली विभाग द्वारा दिन और रात में कटौती और ट्रपिंग की बजह से लोग रात को चैन की नींद नहीं ले पा रहे हैं। कस्बे में कहीं लाइन में फाल्ट आ जाये तो सुविधा शुल्क नहीं मिलने पर लाइन नहीं जोड़ी जाती है।

उधर महिलाओं का कहना है कि अघोषित कटौती और लो वोल्टेज की वजह से घरों में पीने के पानी की किल्लत है। जिसकी वजह से घरेलू कामों को निपटाने में दिक्कत हो रही है। व्यापारियों का कहना है कि कटौती की वजह से दुकानों पर लगे इन्वर्टर भी फेल हो रहे हैं। जिसका सीधा असर व्यापारिक कार्यों पर पड़ रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश तथा डीएम निधि श्रीवास्तव की चेतावनी के बाद भी बिजली कर्मी सुधार नहीं कर रहे हैं।

# जिला अस्पताल का बिजली घर शुरू दिक्कत हुई आसान

**बदायूं, अमृत विचार :** करीब एक महीने की मरम्मत के बाद जिला अस्पताल का बिजली घर सोमवार को चालू कर दिया गया। अब यह बिजली घर 33 हजार की विद्युत लाइन से चलेगा, जिससे अघोषित कटौती और ट्रिपिंग से निजात मिल सकेगी।

जिला अस्पताल के बिजली घर में इस साल मई में अचानक आग लग गई थी। करीब दस लाख के नुकसान के बाद जुलाई के प्रथम सप्ताह में शासन से 9 लाख 97 हजार की धनराशि स्वीकृत हुई। सीएमएस डा. कप्तान सिंह ने बताया कि बिजली घर को अब 33 हजार की लाइन से जोड़ा गया है। 33 हजार की लाइन से कुछ खास स्थानों को ही बिजली दी जाती है। इस लाइन से बिजली मिलने के बाद अब ट्रिपिंग की समस्या खत्म हो गयी है। बिजली घर से अब दो केबल डाली गयी हैं। जिसमें एक से अस्पताल को बिजली दी जाएगी जबकि दूसरी से अस्पताल के आवासों को सप्लाई दी जाएगी।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

# कांवड़ियों के साथ मारपीट के आरोपी गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में कांवड़ियों से मारपीट करने के आरोपी।

**उघैती, अमृत विचार :** कासगंज के कांवड़ियों के साथ मारपीट करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कासगंज के सोरों कोतवाली के गांव भरतपुर निवासी विपिन कुमार, अतुल, रामौतार साथियों के साथ हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रहे थे। बाइक सवार दो युवकों ने गांव टिटौली के पास कांवड़ियों पर हूटिंग की और घेरकर मारपीट की थी जिसमें विपिन और अतुल घायल हो गए।

कांवड़ियों ने जाम लगा दिया। एसडीएम प्रवर्धन शर्मा और थानाध्यक्ष राजेश कौशिक के समझाने पर कांवड़िया माने। सोमवार को पुलिस ने आरोपी संजीव पुत्र रामकुमार, आकाश पुत्र रामकुमार, अंकित पुत्र चौब सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, कांवड़िया की मौत, तीन घायल

## शाहजहांपुर के पटना देवकली मंदिर पर जलाभिषेक के बाद वापस लौट रहे थे कांवड़िया, कुलचौरा के पास हादसा

संवाददाता, उसावां/म्याऊं

**अमृत विचार :** पटना देवकली मंदिर पर जलाभिषेक कर घर लौट रहे कावड़ियों की ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में डीजे के नीचे दबकर एक कांवड़िया की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए।

थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव रसूला निवासी कामेश (22) पुत्र नवाब, मुकेश, ओमेंद्र पुत्र रामवीर आदि 29 लोग कछला घाट से गंगा जल लेने के बाद शाहजहांपुर के पटना देवकली मंदिर पर जलाभिषेक करने के लिए गए थे। जलाभिषेक करने के बाद कांवड़िया ट्रैक्टर-ट्रॉली से लौट रहे थे। ट्रॉली पर डीजे लगा था। उसावां मार्ग पर सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव कुलचौरा के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। डीजे के नीचे दबकर कामेश की मौके पर मौत हो गई। ओमेंद्र, अमित और मुकेश घायल हो गए। पुलिस ने छोटी क्रेन मंगवाकर राजमार्ग से ट्रैक्टर-ट्राली हटवाकर वाहनों का आवागमन दुरुस्त कराया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायलों को अस्पताल भेज दिया।



राजमार्ग पर पलटी ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे से सामान हटाते लोग। ● अमृत विचार



दुर्घटना होने पर मदद के लिए एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार

### कांवड़िया की बाइक की चपेट में आकर डॉक्टर की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** सुबह टहलने के लिए घर से निकले बंगाली डॉक्टर की कांवड़िया की बाइक की चपेट में आकर मौत हो गई। पश्चिम बंगाल निवासी निरपन राय (50) कई साल से थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा सखानू में दवाखाना चलाते थे। वह बंगाली डॉक्टर के नाम से प्रसिद्ध थे। सोमवार सुबह वह टहलने के लिए घर से निकले। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक छोड़कर सवार भाग गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस डॉक्टर को जिला अस्पताल ले गई जहां चिकित्सक ने मौत की पुष्टि कर दी। डॉक्टर के परिजनों ने बताया कि बाइक सवार कांवड़िया ने टक्कर मारी। पुलिस बाइक सवार की तलाश कर रही है।

## एक नजर

### दातागंज में मेहंदी प्रतियोगिता कल

**दातागंज।** नगर पालिका परिषद चेयरमैन नैना गुप्ता ने कहा कि हरियाली तीज महिलाओं का विशेष त्यौहार होता है । यह कार्यक्रम नगर पालिका परिषद में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। 6 अगस्त को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 7 अगस्त को हरियाली तीज का पर्व शुक्रवार बाजार में मनाया जाएगा।

### युवा संगठन मंच ने कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा

**बदायूं,अमृत विचार :** कछला गंगा से जल लेकर लौटे कांवड़ियों पर उसहैत में युवा मंच संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता व गौ रक्षा दल जिलाध्यक्ष अनुज गुप्ता ने पुष्प वर्षा कर उन्हें भोजन कराया। भंडारे में सबसे पहले भोलेनाथ को भोग लगाया गया। उसके बाद भोजन कराया गया। उसके बाद कन्याओं को भोजन कराया गया। समाजसेवी अखिलेश गुप्ता ने कांवड़ियों को पटना मंदिर पर जलाभिषेक के लिए भी रवाना किया।

# ग्राम पंचायतें 1037, दो साल में सिर्फ 369 में ही पहुंचा पानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जल जीवन मिशन योजना ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बन गई है। कार्यदायी संस्था की कछुआ चाल लोगों को रुला रही है। संस्था द्वारा खोदकर डाले गए रोड़ ग्रामीणों को परेशानी का सबब बने हुए हैं। दो साल में 1037 ग्राम पंचायतों में से मात्र 369 ग्रामों में ही संस्था लोगों को शुद्ध पानी मुहैया करा सकी है।

यह स्थिति तब है जब तत्कालीन और वर्तमान डीएम द्वारा की जाने वाली समीक्षा बैठक में समय पर काम पूरा करने के आदेश दिए जाते रहे हैं। परंतु कार्यदायी संस्था और जल निगम अधिकारी कागजी आंकड़ेबाजी प्रस्तुत कर अपने कर्तव्य से इतिश्री कर लेते हैं। काम में प्रगति बिल्कुल नहीं होती। सोमवार को डीएम निधि श्रीवास्तव के द्वारा योजना की समीक्षा करने के दौरान भी ऐसा ही हुआ। काम में राज भी प्रगति नहीं दिखाई दी। डीएम ने संस्था को दिसंबर माह तक हर हाल में कार्य पूर्ण करने के आदेश दिए हैं।

### डीएम ने की संचारी रोग नियंत्रण की समीक्षा

**बदायूं :** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले को संचारी रोग मुक्त बनाने के निर्देश दिए। डीएम ने मलेरिया प्रभावित ब्लॉक सैदपुर, दातागंज व समरेर में विशेष सफाई अभियान चलाने, फॉगिंग कराने, एंटी लारवा का छिड़काव कराने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया। उप सर्विलांस अधिकारी बरेली मंडल डॉ. अखिलेश्वर सिंह ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कहा कि वर्ष 2027 तक संचारी रोग से मुक्त भारत व उत्तर प्रदेश बनाए जाने का लक्ष्य है। प्रदेश के 15 जिले यह लक्ष्य प्राप्त कर चुके हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रेनू सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामेश्वर मिश्रा सहित अन्य चिकित्सा अधीक्षक, एमओआईसी व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# डग्गामार वाहन बने मुसीबत पैदल चलना हुआ दुश्वार



बीच सड़क पर खड़े आटो रिक्शा। ● अमृत विचार

संवाददाता, वजीरगंज

**अमृत विचार :** कस्बे के बिल्सी रोड, आंवला रोड समेत एमएफ हाईवे पर दोनों और फुटपाथ पर रेहड़ी, ठेले, खोमचे तथा डग्गामार वाहनों से आवागमन में खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

एमएफ हाईवे पर सुबह से शाम तक डग्गामार वाहनों का कब्जा रहता है। सड़क पर ठेला, खोमचा वाले भी बैठे रहते हैं जिससे रोड संकरा होने से बड़े वाहनों को जगह नहीं मिलती है और जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। इसके अलावा हाईवे किनारे खुली दुकानों के स्वामियों ने फुटपाथ पर सामान फैला लिया है। सुबह से शाम तक जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ता है। इन दिनों सावन महीना चल रहा है। कांवड़ियों की लाइन लगी रहती है। सड़क पर जाम के कारण कांवड़ियों को भी परेशानी हो रही है।

## नीलकंठ महादेव मंदिर-जामा मस्जिद मामले में सुनवाई आज

**बदायूं,अमृत विचार :** नीलकंठ महादेव-जामा मस्जिद मामले में अगली सुनवाई छह अगस्त को होगी। सोमवार को मस्जिद पक्ष की ओर से अधिवक्ता के समय से न्यायालय न आने की वजह से अंतिम अवसर दिया है। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश पटेल की ओर से सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत में याचिका दायर की गई थी। इसमें जामा मस्जिद शम्सी की जगह नीलकंठ महादेव मंदिर होने का दावा किया है। सिविल जज सीनियर डिविजन एफटीसी न्यायालय के न्यायाधीश मनीष कुमार की अदालत में केस चल रहा है। सरकार की तरफ से पैरवी कर रहे अधिवक्ता संजीव वैश्य ने अपनी बहस पूरी कर दी थी। मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता समय से न्यायालय मे उपस्थित नहीं हुए। न्यायालय ने बहस का अंतिम अवसर दिया है। मस्जिद पक्ष की बहस के बाद वादी पक्ष फिर बहस करेगा।

# बुजुर्ग की मौत, पड़ोसियों पर हत्या का आरोप

संवाददाता, ओरछी

- गांव से चार किमी दूर ढाबे पर चारपाई पर मिला बुजुर्ग का शव

**अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा क्षेत्र के सिसरका निवासी बुजुर्ग रामकृपाल का शव गांव से चार किलोमीटर दूर एक ढाबे पर मिला। सूचना पर परिजन पहुंचे। परिजनों ने पड़ोसी पिता-पुत्र पर मारपीट में हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

गांव सिसरका निवासी रामकृपाल (70) खेती करते थे। वह भगवा कपड़े पहनते थे। रविवार को गांव से बाहर फैजगंज बेहटा स्थित पेट्रोल पंप के पास गए थे। जहां एक ढाबे पर चारपाई पर लेट गए। ढाबा मालिक बुजुर्ग को चारपाई पर लेटा छोड़कर अपने घर चला गया। रविवार सुबह ढाबे पर पहुंचा तो रामकृपाल वहीं मृत पड़े थे।



रामकृपाल फाइल फोटो।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचित किया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बेटे पान सिंह ने बताया कि रविवार रात जंगली जानवर की आवाज आने पर पिता ने टॉर्च जलाई थी। जिसकी रोशनी पड़ोसी के घर पर चली गई। जिसको लेकर पड़ोसियों से झगड़ा हो गया था। इसी दौरान पड़ोसी पिता-पुत्र ने रामकृपाल को ईंट फेंककर मार दी। इसके बाद वे ढाबे पर चले गए। प्रभारी निरीक्षक जवाहरलाल वर्मा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### महिला को पीटकर घर से निकाला

**विजय नगला, अमृत विचार :** बिनावर थाना क्षेत्र के गांव रहमा के मजरा मिलक गौटिया निवासी समरीन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी शादी गांव ददमई निवासी परवेज पुत्र जाने आलम के साथ हुई थी। शादी में मां ने एक लाख रुपये नगद, सोने की चेन व अंगूठी, कुंडल, चांदी की पायल आदि सामान दिया था। शादी के बाद से परिवार में सबकुछ सही चला लेकिन कुछ दिनों के बाद ससुरालीजनों ने अतिरिक्त दहेज के लिए महिला को परेशान करना शुरू कर दिया। अतिरिक्त दहेज में एक बाइक की मांग करने लगे। असमर्थता जताने पर उन्हें पीटा और घर से निकाल दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

### एम्बुलेंस चालक की तत्परता से बची घायल की जान

**बदायूं, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की एम्बुलेंस सेवा रविवार को फिर जीवनदायिनी साबित हुई। एम्बुलेंस के इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) ने सूझबूझ से मरीज के जीवन की रक्षा करने में अहम भूमिका अदा की। ईएमई सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार रात करीब दस बजे ब्लॉक उझानी के जिरौली गांव के पास टेंपो की टक्कर से एक बाइक सवार के घायल होने की सूचना मिली, सूचना मिलते ही 7 मिनट में एम्बुलेंस घायल के पास पहुंच गयी। उसके बाद ईएमटी ने घायल को एंबुलेंस में शिफ्ट किया और कुछ ही देर में राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचा दिया।

## सार-संक्षेप

### बेटी को जान से मारने की धमकी देकर महिला से लूट

**बदायूं, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौधरी सराय निवासी कासिम की मोहल्ला ऊपर पारा में ससुराल है। रविवार को उनकी पत्नी गुलबहार अपनी बेटी रिदा के साथ मायके गई हैं। रात लगभग साढ़े 11 बजे वापस लौट रही थी। इसी दौरान एक युवक आया और चाकू दिखाकर गुलबहार को डराया। कहा कि उनके पास भी हो दे दो वरना बेटी को जान से मार देगा। आरोपी ने गुलबहार की एक तोले की सोने की चेन और कुंडल लूट लिए और भाग गया। महिला ने अपने घर जाकर अवगत कराया। कासिम सोता चौकी गए। चौकी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो वह कोतवाली पहुंचे और तहरीर दी। सीसीटीवी खंगालकर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। सदर कोतवाल आरबी सिंह ने बताया मामले की जानकारी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### सद्भावना समिति ने मृतकों के परिजनों को दी आर्थिक मदद



**बिल्सी, अमृत विचार :** हाथरस हादसे में मृतकों के परिजनों को नगर में मानव मंगल मिलन सद्भावना समिति की ओर से बीस-बीस हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। बिल्सी समिति के अध्यक्ष डाल सिंह भारती ने बताया दो जुलाई को हाथरस में सत्संग के दौरान भगदड़ में 123 लोगों की मौत हो गई थी। सोमवार को बिल्सी क्षेत्र के मृतक के परिजनों को बीस-बीस हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इस मौके पर राजवीर सिंह, रवि सिंह, प्रभाकर सिंह, महावीर, चरन सिंह, कृपाल सिंह, वीरेंद्र पाल सिंह, शीला देवी, मुन्ना लाल, यादराम, सत्यभान सिंह, ज्ञान प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### भाकियू अराजनैतिक बनाएगा एक लाख नए सदस्य



**बिसौली, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष रामचंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में तहसील बिसौली के वजीरगंज ब्लॉक के गांव पेंपल में सदस्यता अभियान चलाकर सैकड़ों किसानों को संगठन की सदस्यता दिलाई गयी। पेंपल ग्राम अध्यक्ष प्रेम किशोर पुत्र टोड़ी को बनाया गया है, युवा जिलाध्यक्ष रामलखन यादव एडवोकेट ने कहा भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का सदस्यता अभियान तेजी के साथ चलाया जा रहा है। एक लाख नये सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। तीन माह के अन्दर गांव गांव जाकर सदस्यता अभियान चलाकर किसानों को संगठन से जोड़कर जनपद के किसानों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। सदस्यता अभियान में उपस्थित सुखपाल सिंह ब्लाक अध्यक्ष वजीरगंज, जिला सचिव जयपाल सिंह, संदीप सिंह मीडिया प्रभारी, प्रमोद शर्मा ब्लॉक महासचिव, आसफपुर रतिराम सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष आसफपुर, महेशपाल जिला सचिव, मेवाराम सिंह तहसील उपाध्यक्ष, रामचंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### प्राथमिक स्कूल के छात्र का नवोदय विद्यालय में प्रवेश



**बदायूं,अमृत विचार :** कादरचौक विकास क्षेत्र के गंगपुर पुख्ता उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र विपिन को बिसौली स्थित नवोदय विद्यालय में प्रवेश मिलेगा। उन्होंने पिछले दिनों हुई नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता अर्जित की। शिक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि नवोदय विद्यालय की ओर से प्रतीक्षा सूची जारी की गई है जिसमें छात्र विपिन का नाम शामिल है। इसकी जानकारी होने पर छात्र पिता बाबूराम काफी खुश नजर आ रहे हैं।

### ब्रज समाज सेवा संस्थान ने कराया भोजन

**उझानी, अमृत विचार :** सावन के पवित्र मास में ब्रज समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में कांवड़ियों को भंडारे का आयोजन किया जाता है। आज भी कांवड़ियों को भंडारे का आयोजन संस्थान कार्यालय के निकट सुबह से शुरू कर दिया गया। संस्थान अध्यक्ष राजकुमार शर्मा एवं सचिन, आशीष शर्मा ने कथा वाचक रवि जी महाराज समदर्शी का स्वागत किया उसके बाद भगवान शिव को भोग लगाया गया। शिव भोग के बाद कांवड़ियों को प्रसाद दिया गया। इस मौके पर ओम प्रकाश सिंह चौहान, विनम्र सिंह, राजीव कुमार सिंह, विष्णु गुप्ता, नवीन मिश्रा, अचलेश सिंह, मनीष उर्फ डॉक्टर, जितेंद्र सोलंकी, सुशील वर्मा, शिवनारायण शर्मा, हरबंस, सूर्य प्रकाश वर्मा, अशोक, देवराज, विश्व शंकर गोयल, डॉक्टर उमेश, ओम प्रकाश माथुर, विनय सोलंकी, हरबंस, रामकिशन आदि लोग उपस्थित रहे।

### कई मोहल्लों की बदलीं जर्जर विद्युत लाइनें



**बिसौली, अमृत विचार :** बवाल बन चुकी बिजली की जर्जर हाईटेंशन लाइन से नगर के कई लोगों को निजात मिल गई है। जिसके बाद उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली है। नगर के मोहल्ला कौआ टोला व सराय की जर्जर लाइन को हटा कर पॉवर कारपोरेशन द्वारा पीवीसी केबल डाली गई है। अब उपभोक्ताओं को जर्जर लाइन की समस्या से राहत मिल गई है। रविवार देर रात मोहल्ला कौआ टोला का पीवीसी केबल का कार्य मुकम्मल हो चुका है। लेकिन अभी भी कई मोहल्लों की जर्जर लाइनें सिरदर्दी बनी हुयी हैं ।जर्जर विद्युत लाइन अधिक लोड झेल नहीं पा रही हैं। जिससे टूट कर गिर जाती हैं। उसके बाद कई-कई घंटे बिजली आपूर्ति रुक जाती है। कस्बे में कई जगह लाइन बदलने का कार्य चल रहा है।

# चार प्रधान एक बीडीसी पद को आज पड़ेंगे वोट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं/ इस्लामनगर

**अमृत विचार :** रिक्त चल रही ग्राम प्रधानों की चार सीटों के लिए आज (मंगलवार) को उप चुनाव होगा। उपचुनाव के लिए 11 पोलिंग पार्टियां लगाई हैं। पोलिंग पार्टियों को सोमवार के लिए ब्लॉक से रवाना की गई। मतगणना आठ अगस्त को होगी।

ग्राम प्रधान पद की चार रिक्त सीटों के लिए मंगलवार को मतदान होगा। जिले के ब्लॉक सालारपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत भिंदुलिया प्लासी, जगत की रिजौली, वजीरगंज की तालिब नगर, अंबियापुर की बैरमई बुजुर्ग और इस्लामनगर ब्लॉक की ग्राम पंचायत अल्लीपुर चाचीपुर में प्रधान पद पर होने वाले उपचुनाव के लिए सोमवार को पोलिंग पार्टियां रवाना ब्लॉकों से रवाना की गईं।



बूथ पर जाती पोलिंग पार्टी। ● अमृत विचार

- पंचायत उपचुनाव के लिए रवाना हुई पोलिंग पार्टियां
- एक बीडीसी सदस्य पद पर भी डाले जाएंगे वोट

पोलिंग पार्टियों ने बूथों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं को संभाल लिया है। ब्लॉक इस्लामनगर मे त्रिस्तरीय उप निर्वाचन पंचायत में ग्राम पंचायत अल्लीपुर चाचीपुर में प्रधान पद के निर्वाचन के लिए पोलिंग पार्टी को निर्धारित चुनाव सामग्री के साथ विकास खंड से रवाना की गई। इस गांव के दो बूथों पर 1151 मतदाता तीन प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। खंड विकास अधिकारी मुनब्बर खान ने बताया कि गांव में पूरी तैयारियां कर दी गई है। इस गांव में प्रधान पद के लिए तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।

## खराब प्रदर्शन वाले ईओ को मिलेगी विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि

**बदायूं, अमृत विचार:** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने सोमवार को पीएम स्वः निधि योजना के कार्यों की समीक्षा की। डीएम ने बैंक अधिकारियों को सख्त आदेश दिए कि वह शासकीय योजनाओं की क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग प्रदान करें। जिन अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत का प्रदर्शन खराब रहेगा, उनको विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी।

जिलाधिकारी ने बैंक अधिकारियों से निरस्त किए गए आवेदनों की पुनः समीक्षा करने तथा लंबित आवेदनों का प्राथमिकता पर निस्तारण करने का निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रभारी परियोजना अधिकारी डूडा से कहा कि वह पांच दिनों के अंदर पीएम स्वः निधि योजना के कार्यों की पुनः समीक्षा कर उन्हें अद्यतन स्थिति से सूचित कराएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रेनू सिंह सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

# हरदोई में वरिष्ठ अधिवक्ता की हत्या पर वकीलों का प्रदर्शन



डीएम निधि श्रीवास्तव को ज्ञापन देते जिला बार एसोसिएशन के सचिव संदीप मिश्रा।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- डीएम को सौंपा मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्रीय मांग पत्र

**अमृत विचार :** हरदोई में अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा की 30 जुलाई को हत्या के विरोध में अधिवक्ताओं ने महाराणा प्रताप चौक पर प्रदर्शन किया। डीएम निधि श्रीवास्तव को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और अधिवक्ता महाराणा प्रताप चौक पहुंचे और प्रदर्शन किया। डीएम को दिए गए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में वरिष्ठ अधिवक्ता के हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी कर कठोर कार्रवाई करने, पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा और अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की गई। बार के सचिव संदीप मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ता की निर्मम हत्या से अधिवक्ता समाज में नाराजगी है। इस मौके पर बार के अध्यक्ष योगेंद्र पाल सिंह, रितेश मित्तल, दुर्वेश वार्ष्णेय, विश्वनाथ मौर्य आदि उपस्थित रहे।

### स्नातकोत्तर में प्रवेश को आज से ऑनलाइन आवेदन

**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए छह अगस्त से आवेदन होंगे। कॉलेज के वेबसाइट प्रभारी डॉ. सचिन कुमार राघव ने बताया कि एमकॉम, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, इतिहास, उर्दू तथा अंग्रेजी विषय से एमए करने के इच्छुक अभ्यर्थी 6 से 16 अगस्त के बीच ऑनलाइन आवेदन कर उसकी हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रेशन की कॉपी के साथ महाविद्यालय के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार बत्रा ने बताया कि हार्ड कॉपी जमा होने के बाद नियमानुसार मेरिट लिस्ट निकाल कर प्रवेश प्रारंभ कर दिए जाएंगे।

### गंदगी वाले स्थानों पर मच्छर नाशक दवा का छिड़काव

**बदायूं,अमृत विचार :** मलेरिया विभाग की ओर से शहर में मच्छरों के खात्मे को मच्छर नाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है। सोमवार को शहर के लालपुल, ऊपर पारा, जोगीपुरा, भूसा मंडी, के निकट नाले नालियों में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी डा. योगेश सारस्वत ने बताया कि नालों की सफाई कराने के बाद कूड़े के ढेरों को साफ करने को पालिका प्रशासन को पत्र लिखा गया है।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

## जलाभिषेक करने जा रहे करणी सेना कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

**दबतोरी, अमृत विचार :** संभल के हरिहर शिव मंदिर में जलाभिषेक करने जा रहे करणी सेना के पदाधिकारियों को पुलिस नेरोक लिया। इसके बाद करणी सेना कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुलिस को ज्ञापन सौंपा। बिसौली के कुं विकास चौहान एवं मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह फौजी उर्फ धर्मी के नेतृत्व में परसिया, ललुआ नगला, विजोरी, दबतोरी के दर्जनों शिव भक्त कछला गंगा से जल भर कर सोमवार को संभल के प्राचीन हरिहर मंदिर में जलाभिषेक करने को जा रहे थे। पुलिस ने पूरी टीम को दबतोरी में रोक दिया। पुलिस द्वारा रोके जाने पर टीम के लोग सड़क पर ही बैठ गए। नारेबाजी करने के बाद पुलिस को ज्ञापन सौंपा गया। रोहन ठाकुर, सुनील चौहान,विशाल प्रताप सिंह, पप्पन भदौरिया सत्येंद्र सिंह, गब्बर प्रधान आदि मौजूद रहे।

# मानदेय के लिए आंदोलन करेंगे रसोइया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों को पांच महीने से मानदेय नहीं मिल सका है। संगठन ने भुगतान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। संगठन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार को सौंपा।

राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोइया कर्मी वेलफेयर एसोसिएशन की शहीद स्मारक पार्क में बैठक में जिला संयोजक डॉ. प्रेमपाल ने बताया कि हाईकोर्ट ने मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोइयों को पूर्व निर्धारित न्यूनतम वेतन देने का आदेश दिया था। सरकार ने इसे लागू नहीं किया है। जिला सचिव सायशा ने कहा कि हर रसोइया को प्रतिदिन 415 रुपये मानदेय और 15 साल का बकाया भी मिलना चाहिए। ब्लॉक बिसौली संयोजक अनीता सक्सेना ने कहा कि रसोइयों को पांच महीने से मानदेय नहीं दिया गया है जिससे उनके सामने आर्थिक संकट आ खड़ा हुआ है। सह संयोजक मोहन लाल, सुनीता, ईश्वर देवी, आशा, मुन्नी देवी, जलधारा, संगीता, प्रेमवती, सुशीला, राज दुलारी, मोर कली, रामा देवी, सावित्री, सुकमा, रेशमा, सोमवती, जगवीर, गंगा देवी, रामवती, पीतम,रामप्यारी, सरोज, भगवान देवी आदि मौजूद रहीं।



सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार को ज्ञापन देतीं रसोइया। ● अमृत विचार

- एसोसिएशन की बैठक के बाद नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

# सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202



# भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश


दहशत में ग्रामीणः नरौरा से छोड़ा गया सवा लाख क्यूसेक से अधिक पानी

# बाढ़ का खतरा, दर्जनों गांव जलमग्न, फसलें डूबीं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भारी बारिश और पहाड़ों पर बादल फटने के कारण हरिद्वार और बिजनौर बैराज में पानी बढ़ता जा रहा है। लाखों क्यूसेक पानी आने के बाद कछला गंगा 24 सेमी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। तटवर्ती इलाके में फसलें जलमग्न हो चुकी हैं। कई गांव टापू बन चुके हैं।

सोमवार को नरौरा से एक लाख 28 हजार 716 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। जबकि शनिवार और रविवार को छोड़े गए पानी के चलते गंगा नदियां उफान पर हैं। कछला गंगा में पानी की धार काफी फैल कर चल रही है गंगा किनारे बांस बल्ली लगा कर बैठने वाले दुकानदारों को रविवार को पुलिस ने जबरन हटा दिया। उसहैत इलाके में एक दर्जन गांव टापू में तब्दील हो गए हैं। असमिया रफतपुर और जटा सहित अन्य गांवों के आस पास पानी भर गया है।


जटा गांव के पास बह रही गंगा। ● अमृत विचार

तीन दिन से पशुओं को चारा नहीं मिल पा रहा है। उसावां क्षेत्र के गांव आनंदपुर के बाहर तक गंगा का पानी पहुंच चुका है। गांव को जाने वाली सड़क भी जलमग्न हो चुकी है। नगरिया खनु गांव तक पानी दो दिन पहले ही पहुंच चुका है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है।

> तीन दिन से पानी लगातार कम होता जा रहा है। नरोरा से कल की अपेक्षा पानी कम डिस्चार्ज किया गया है। इसलिए अब बाढ़ का खतरा नहीं है। फिर भी उसहैत हजरतपुर और दातागंज इलाकों में सड़कों पर पानी आ गया है। यदि दो दिन और पानी कम डिस्चार्ज किया गया तो स्थिति सामान्य हो जाएगी। बाढ़ खंड स्थिति पर नज़र बनाए हुए है। ग्रामीणों के साथ संपर्क बना हुआ है।
>
> **-नेशपाल,** सहायक अभियंता बाढ़ खंड

### हजरतपुर इलाके में रामगंगा का पानी आया

हजरतपुर इलाके में रामगंगा का पानी आ रहा है।दातागंज तहसील प्रशासन इस क्षेत्र में नजर बनाए हुए हैं। ग्रामीणों को सावधान कर दिया गया है।पशुओं को गांव से बाहर न ले जाने की हिदायत दी गयी है। हालांकि दो दिन से पानी कम हो रहा है। रामगंगा का जलस्तर 161,8 बना हुआ है।

# कछला मार्ग पर कांवड़ियों का रेला, शिवालयों में जलाभिषेक

## सावन के तीसरे सोमवार को मंदिरों में भोर से ही लगी रही भीड़


बिरूआबाड़ी मंदिर में शिव का जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


कांधे पर कांवड़ रख शिवालयों की ओर बढ़ते कांवड़िया।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** सावन के तीसरे सोमवार को शहर के बिरूआबाड़ी सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कछला से गंगा जल लाने वाले कांवड़ियों ने हर हर महादेव का उद्घोष कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं के जयघोष करने से वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिरों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। वहीं मंदिर समिति द्वारा कतारबद्ध कराकर पूजा अर्चना करने का मौका दिया गया।

सावन के तीसरे सोमवार को बिरूआबाड़ी मंदिर के कपाट सुबह चार बजे ही खोल दिए गए थे। पुजारी द्वारा भगवान शिव की पूजा करने के बाद श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश करने दिया गया।

मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंध समिति द्वारा शिव भक्तों को कतारबद्ध कराते हुए जलाभिषेक कराया। कछला गंगा घाट से गंगाजल भरकर कांवड़िया पैदल और ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से बिरूआबाड़ी मंदिर, हर प्रसाद मंदिर और गौरी शंकर मंदिर पहुंचे थे। शिव भक्तों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा कई स्थानों पर बेरिकेडिंग की गई थी। मंदिरों में महिला और पुरुषों की अलग-अलग कतार लगाकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने का मौका दिया गया था। कछला से गंगाजल भरकर बरेली तथा अन्य जनपदों की ओर जाने वाले तथा स्थानीय कांवड़ियों की बरेली मथुरा राजमार्ग पर भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा वाहनों के आवागमन को पूरी तरह से रोक दिया गया था।


मेडिकल कॉलेज गेट पर भंडारा खिलाते मेडिकल छात्र ● अमृत विचार

### इन मंदिरों में हुआ जलाभिषेक

शहर के बिरूआबाड़ी मंदिर, हरप्रसाद मंदिर, गौरी शंकर सहित छोटे बड़े शिवालयों में शिव भक्तों के द्वारा भारी संख्या में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। वहीं देहात में मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सिद्ध बरौलिया मंदिर में शिव भक्तों की भारी भीड़ रही। साथ ही जनपद की सीमा पर स्थित पटना देवकली मंदिर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा गंगा जल अर्पित किया।

### मेडिकल छात्रों ने कावंड़ियों को कराया भोजन

राजकीय मेडिकल कॉलेज में संचालित बॉयज हॉस्टल मैस एवं एस आरजेआर मैस द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें उनके द्वारा कावंड़ियों को भोजन कराया गया। बॉयज हॉस्टल मैस संचालक पुष्पेन्द्र मिश्रा एसआर मैस संचालक रामजीमल साहू ने कवड़ियों को प्रेम और सद्भावना के साथ प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर एमबीबीएस के छात्र अमित सिंह, अभिषेक, निरोत्तम मौर्य, शिवाआनंद साहू, विकास त्यागी, अमित जाट देवेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

## विद्यालय परिसर में किया गया रुद्राभिषेक

**बिल्सी, अमृत विचार :** सावन मास के तीसरे सोमवार को बाबा इंटरनेशनल स्कूल परिसर में भगवान शिव का अभिषेक किया गया । सावन के इस पवित्र माह में महादेव को प्रसन्न करने के लिए रुद्राभिषेक किया जाता है। विद्यालय परिसर में रुद्राभिषेक करते हुए महामृत्युञ्जय, रुद्राष्टक तथा नमः शिवाय के मंत्रों की गूंज से वातावरण शुद्ध हो गया। आचार्य रविकांत पाठक ने बताया कि रुद्राभिषेक शब्द दो शब्दों से मिलकर बना हैं। रुद्र और अभिषेक, रुद्र का अर्थ है दुखों को हरने वाला, जोकि भगवान शिव के विशेष रूप को दर्शाता है, और अभिषेक का अर्थ होता है विभिन्न सामग्रियों से स्नान कराना। रुद्राभिषेक से जुड़ी मान्यताओं के अनुसार शक्कर मिश्रण जल से अभिषेक करने से संतान प्राप्ति, गाय के दूध से आरोग्य, गन्ने के रस से लक्ष्मी, शहद और घी से धनवृद्धि तथा भस्म से मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्रावणमास रुद्राभिषेक के लिए सबसे उपर्युक्त महीना माना गया है, क्योंकि इस महीने में भगवान शिव की विशेष कृपा बनी रहती है। स्कूल के निदेशक अनुज वार्ष्णेय, विद्यालय चेयरमैन नरेन्द्र बाबू वार्ष्णेय, चेयरपर्सन कमलेश वार्ष्णेय, निदेशक साधना वार्ष्णेय, प्रधानाचार्या रूपा माहेश्वरी, प्रशासक अमित माहेश्वरी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।


भगवान शिव का रूद्राभिषेक करते भक्त ● अमृत विचार

## प्राधिकरण सचिव ने वृद्धा आश्रम का किया निरीक्षण



**बदायूं, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिव कुमारी ने कछला स्थित नवजीवन वृद्धा आश्रम का निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था को परखा। साथ ही वृद्धजनों ने वार्ता कर वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही उन्हें विधिक सहायता के लिए जागरूक किया। संचालनकर्ता को साफ-सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था एवं बिजली व्यवस्था ठीक कराने हेतु निर्देशित किया।वृद्धजनों से खाने पीने के बारे में जानकारी की। प्रदीप कुमार प्रबंधक, मुरारीलाल लेखाकार अवकाश पर पाये गये।

## पति समेत तीन लोगों पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र के मोहल्ला अनारो वाली बगिया निवासी अक्षय की पत्नी सलोनी उर्फ आरती की रविवार दोपहर मौत हो गई थी। उसका शव घर पर कमरे में लटका मिला था। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। मृत महिला के पिता महेंद्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अक्षय कुमार, रविता ओर निरवेश चौधरी के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

## भमरौलिया में लगा हेल्थ कैंप, ग्रामीणों को दी दवा

**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान क्षेत्र के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र भमरौलिया में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहसवान की ओर से हेल्थ कैंप लगाया गया। कैंप में ग्रामीणों को बुखार की दवा दी गयी। साथ ही ब्लड टेस्ट करने के सैंपल लिए गए। कई दिन पूर्व गांव में बाढ़ का पानी भर गया था। गंदगी होने से मच्छर पनपने लगे। गांव में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने निरीक्षण किया तो ग्रामीणों ने दवाओं की मांग की थी। जिला प्रशासन के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की ओर से भमरौलिया में सोमवार को हेल्थ कैंप लगाकर दवाएं बांटी गईं।

# मृतक के परिजनों को दिया 10 लाख का मुआवजा


मृतक मां-बेटे के परिजनों को चेक देते दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह।

- उसावां के वार्ड तीन में हाइटेंशन लाइन का तार गिरने से हो गई थी मां-बेटा की मौत, विधायक राजीव कुमार सिंह ने सौंपा चेक

**बदायूं, अमृत विचार :** बिजली के जर्जर तार गिरने की वजह से 31 जुलाई को उसावां क्षेत्र के वार्ड तीन निवासी राजेंद्री और उनके बेटे उमेश की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई थी।

अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय की आख्या पर शासन से पीड़ित परिवार को दस लाख रुपये की मुआवजा धनराशि जारी की गई है। दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने सोमवार को मृतकों के घर जाकर परिजनों को चेक दिया। विधायक ने परिवार को हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

खबरें पेज 9 पर भी देखें

**आज का मौसम**

तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान

| 31.0° | 27.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 5:40 | सूर्यास्त 7:03 |

## जिले में आज

- मानव सेवा समिति द्वारा शहर के आवास विकास सेक्टर एक में पौधरोपण सुबह आठ बजे से।
- शहर के आवास विकास स्थित पारना मठ पर रुद्राभिषेक शाम छह बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा हरि की पौड़ी परिक्रमा श्रीवराह घाट से शाम छह बजे से।
- शहर के बिलराम गेट स्थित शीतला माता मंदिर में शिव-विवाह शाम चार बजे से।


डाक कांवड़ लेकर दौड़ता कांवड़िया।

## एक नजर

### पंचायत सचिवालय नदरई में रोजगार मेला नौ को

**कासगंज।** जिला सेवायोजन अधिकारी एसके मित्तल ने बताया कि विज़न इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में नौ अगस्त को सुबह 10 बजे से ग्राम पंचायत सचिवालय नदरई में एक दिवसीय रोजगार मेला लगाया जाएगा। जिसमें निजी क्षेत्र की पांच कंपनियां लगभग 250 से अधिक रिक्त पदों पर 18 से 28 वर्ष आयु के हाईस्कूल, इंटर, तथा आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के द्वारा चयन करेंगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी rojgaarsangam.up.gov.in पर अपना पंजीयन कराकर पोर्टल पर प्रदर्शित किसी भी कंपनी में ऑनलाइन आवेदन करें। पात्र अभ्यर्थी अपना रिज्यूम, पंजीयन कार्ड एवं समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की फोटो प्रति व मूल प्रतियां, आधार कार्ड एवं दो फोटो साथ लाकर नौ अगस्त को रोजगार मेले में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।


शहर के पारना मठ महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


मेवा से सजा तीर्थ नगरी सोरों का भूतेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग।


गंजडुंडवारा के मोहल्ला केवल स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## मंदिरों में ब्रह्म मुहूर्त से देर शाम तक लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता, पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** सावन के चलते हर तरफ धार्मिक अनुष्ठानों की धूम है। हर कोई अपने-अपने हिसाब से भोलेनाथ की आराधना में लगा है। सावन के तीसरे सोमवार को मंदिरों में श्रद्धालुओं की जबरदस्त धूम रही। धार्मिक अनुष्ठान कराए गए और लोगों ने विधि विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिरों में ब्रह्म मुहूर्त से लेकर देर शाम तक जयकारे गूंजते रहे। कासगंज जिले में शहर के अलावा सोरों, अमांपुर, गंजडुंडवारा, सिढ़पुरा, पटियाली में सोमवार को भक्तों ने पहले घरों में पूजा अर्चना की फिर शिवालय जाकर जलाभिषेक किया। शहर से लेकर कस्बों और गांवों के मंदिरों में जबरदस्त भीड़ रही। भक्तों ने सोमवार को उपवास रखा और बेलपत्र, धतूरा, भांग आदि से शिवजी की पूजा की।

घी, दूध और गंगाजल से जलाभिषेक किया। शहर के प्रभु पार्क स्थिति मनकामेश्वर मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, रेलवे रोड स्थित शिव मंदिर, माल गोदाम स्थिति शिव मंदिर, पंखावाला बाग स्थिति मंदिर में सुबह से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

सोरों में हरिपदी घाट पर भक्तों ने गंगा स्नान करने के बाद शिवालयों में अभिषेक किया। शिव चालीसा व महा मृत्युंजय मंत्र का जाप किया। तीर्थनगरी के सोमेश्वर, भूतेश्वर, रूपेश्वर, मनकामेश्वर, महाकालेश्वर, गंगेश्वर, प्रकटेश्वर, कालीशंकर आदि मंदिरों में श्रद्धालु पूजन को पहुंचते रहे। अमांपुर में प्राचीन शिव मंदिर में भक्तों ने शिव का अभिषेक किया। कस्बे के देवी मंदिर, सराफा बाजार स्थित सांई मंदिर, लक्ष्मीनरायन मंदिर, शीतला मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर में भक्तों ने पूजन कर मनौतियां मांगी। गंजडुंडवारा में पंचायती बाग शिवमंदिर, वनखंडी आश्रम स्थित शिवमंदिर, हनुमानगढ़ी, सराफा बाजार शिवमंदिर, गौरीशंकर मंदिर, पालीवाल मंदिर, मोहल्ला खेरू शिव मंदिर, चक्कीवाले बाबा मंदिर, ब्रह्मदेव महाराज मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, कादरगंज रोड शिव मंदिर, एटा रोड शिव मंदिर, प्राचीन दुर्गा मंदिर में जाकर भक्तों ने जलाभिषेक किया। सिढ़पुरा व पटियाली के पाताली महादेव मंदिर में भक्तों ने बेलपत्र, घी, धतूरा आदि अर्पित किए और पूजा अर्चना की।

## सड़कों से लेकर लहरा घाट तक गूंजते रहे बम-बम भोले के जयकारे

**सोरोंजी, अमृत विचार:** सावन के तीसरे सोमवार को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारी चल रही थी। दूर दराज के कांवड़िया लहरा व कछला घाट से गंगा जल लेकर पहले लौट गए। कासगंज व आसपास जिलों के कांवड़िया रविवार से लहरा गंगा घाट पहुंचने शुरू हुए। इससे रविवार पूरी रात लहरा गंगा घाट पर कांवड़ियों का मेला रहा। सड़कों पर भी कांवड़ियों की भीड़ नजर आई। मगर सोमवार को दिन चढ़ने व उतरने के साथ कांवड़ियों की भीड़ कम होती चली गई। सावन गुजरने के साथ कांवड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसी के चलते सोमवार कांवड़ियों की भीड़ बढ़ गई। रविवार को रातभर कांवड़िया गंगा घाटों पर उमड़ते रहे। तीर्थ नगरी सोरों पहुंचे कांवड़ियों ने पहले कावड़ सजाने के लिए सामान खरीदा। उसके बाद लहरा गंगा घाट गए। रविवार रात भर शिवभक्तों के लहरा गंगा घाट पहुंचने का सिलसिला चलता रहा। कांवड़ियों ने पहले गंगा स्नान किया। इसके बाद पूजन अर्चना की। फिर गंगाजली पात्र में जल लेकर कावड़ में रखकर अपनी मंजिल की ओर चल दिए।

**डाक कांवड़ियों में दिखा गजब का उत्साह:** वैसे तो डाक कांवड़ की परंपरा पुरानी है, लेकिन यह परंपरा क्षेत्र में बीते कुछ वर्षों से शुरू हुई है। इससे पहले कांधा कांवड़ पर ही लोग जलाभिषेक के लिए जाते थे। मगर अब दिनों दिन डाक कांवड़ का क्रेज बढ़ता जा रहा है। रविवार से लेकर सोमवार सुबह तक सड़कों पर डाक कांवड़ ले जाने वाले युवाओं की कतारें लगी रहीं।

**कांवड़ियों की भीड़ में बच्चे भी रहे शामिल:** अमूमन कांवड़ियों में युवाओं की संख्या अधिक रहती है। मगर भक्ति में महिलाएं और बच्चे भी पीछे नहीं है। बीते कुछ वर्षों से महिलाएं भी कांवड़ उठा रही हैं। इस बार कांवड़ियों की भीड़ में बच्चों की संख्या भी काफी रही। माता-पिता के साथ बच्चे में कांवड़ यात्रा में शामिल रहे।

**भीड़ बढ़ी तो जाम हो गया सोरों-लहरा मार्ग:** रविवार रात सोरों के लहरा रोड पर कांवड़ियों के वाहनों का इस कदर दबाव बढ़ गया कि पूरे मार्ग पर जाम के हालात बन गए। मगर बम बम भोले की जय-जयकार के साथ कांवड़िया आगे बढ़ते रहे। पुलिस व्यवस्था बनाने में जुटी रही। जाम के बावजूद किसी भी प्रकार कोई अनहोनी नहीं हुई है। सोमवार सुबह तीन बजे ट्रैफिक कुछ कम हुआ, लेकिन जाम के चलते स्थानीय लोग परेशान रहे।

### ट्रैफिक डायवर्जन रहा लागू

पुलिस ने कांवड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर गंभीरता दिखाई। डायवर्जन व्यवस्था को प्रभावी कर दिया। लहरा गंगा घाट से लेकर सिकंदराराऊ, एटा रोड पर सीमा तक पुलिस के कड़े इंतजाम रहे। फोरलेन का पूर्वी हिस्सा कांवड़ियों के लिए आरक्षित रहा तो पश्चिमी हिस्से के टू लेन को वाहनों के आवागमन के लिए सुरक्षित किया गया। सुरक्षा व्यवस्था की कमान एएसपी राजेश भारती ने संभाली। वह लहरा से लेकर शहर तक भ्रमण करते दिखाई दिए।


कांवड़ियों की भीड़ उमड़ने से लहरा-सोरों मार्ग पर लगा जाम। ● अमृत विचार


12 लीटर की कांवड़ लेकर जाता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार


कासगंज से होकर अपने गंतव्य को जाती महिला कांवड़िया। ● अमृत विचार



बाजार में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एएसपी राजेश भारती। ● अमृत विचार

### जिले में सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

शिवालयों में सोमवार को शिवभक्तों की जबरदस्त भीड़ रही। इसको देखते हुए जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। शिवालयों और मंदिरों के बाहर पुलिस तैनात की गई। सुरक्षा व्यवस्था में महिला पुलिस भी जुटी रही।

# विभिन्न सड़क हादसों में दर्जनभर कांवड़िया घायल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **दो गंभीर घायल, जिला अस्पताल से हायर सेंटर किया रेफर**

**अमृत विचार:** रविवार को सदर एवं सोरों कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दर्जन भर कांवड़िया घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल दो कांवड़ियों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

रविवार को शहर से लेकर लहरा घाट तक कांवड़ियों के वाहनों की कतारें लगी रहीं। जिला फिरोजाबाद के थाना एका के गांव जेड़ा निवासी कांवड़िया लोकेश एवं पुनीत की बाइक को एक कार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए। वहीं, सोरों कोतवाली क्षेत्र में बाइक फिसलने से कांवड़िया बॉबी निवासी मोहनपुर सिरौली जिला एटा घायल हो गया। जिला हाथरस के थाना हसायन के गांव खितौली निवासी कांवड़िया विकास चंद्र शर्मा, बॉबी एवं भूरी सिंह की बाइक फिसल गई। इसमें तीनों घायल हुए हैं। कासगंज-सोरों मार्ग पर बारह पत्थर मैदान के निकट बाइक फिसल जाने से कांवड़ लेने जा रहे सत्यम पुत्र विशेष निवासी जर्रा जिला एटा घायल हो गया। वहीं, एक अन्य कांवड़िया दिव्यांश पुत्र दिनेश, आर्यान जैन पुत्र दिलीप जैन निवासी एटा घायल हो गए। सोरों कोतवाली क्षेत्र में रेल फाटक के निकट दो बाइकों की भिड़ंत हो जाने से कांवडिया हरवीर पुत्र दुर्बीन सिंह एवं सुखेंद्र पुत्र रामवीर सिंह निवासी गांव अदतपुर थाना मारहरा जिला एटा घायल हो गए। जिला हाथरस के थाना सासनी के गांव नगला ठाकुर निवासी प्रवीन, महावीर एवं सदर कोतवाली के गांव हरनाम निवासी कांवड़िया कुलदीप भी घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल हरवीर व सुखेंद्र को अलीगढ़ रेफर किया गया है।

# दिव्यांगों को उपकरण वितरित किए

संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** अमर जीवन ज्योति चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली के तत्वावधान में सिविल जज सीनियर डिवीजन विवेक अग्रवाल ने अपनी मां संध्या अग्रवाल व पिता विमल अग्रवाल की तृतीय पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में रविवार को बैकुंठी देवी राष्ट्रीय शिशु सदन में एक दिवसीय दिव्यांग कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया। शिविर में दिव्यांगजनों को निशुल्क कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिन्हें पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिल उठे।

शिविर संध्या अग्रवाल एवं विमल अग्रवाल के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर आरंभ किया गया। शिविर में दिव्यांगों को निशुल्क कृत्रिम पैर, हाथ, बैसाखी व सहायक उपकरण दिए गए। इस दौरान 11 दिव्यांग उपस्थित हुए, जिन्हें योजना का लाभ मिला। अमर ज्योति संस्था के डा. आलोक कुमार, डा. संजय शर्मा ने बताया कि कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण पाने वालों में राखी, लक्ष्य, भूदेवी, इरशाद अली, शिशुपाल, सरवग्य आदि शामिल रहे। शिविर में सिविल जज सीनियर डिवीजन विवेक अग्रवाल, प्रधानाचार्य जागन सिंह सोलंकी, दिनेश चन्द्र जौहरी, दिनेश अग्रवाल, महेश अग्रवाल, डॉ अमित गुप्ता, बसन्त अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, राकेश पाराशर, कमल गुप्ता, राहुल जौहरी, श्रीराम सोलंकी, आकाश गुप्ता सर्राफ, सोनू गुप्ता, आदर्श राजपूत, विमल राजपूत, यश अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, कान्हा अग्रवाल, रामपाल आदि मौजूद रहे।


दिव्यांग बच्चे को सहायक उपकरण पहनाते ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# पिता की लाइसेंसी बंदूक से युवक ने खुद को गोली मारी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** कस्बा भरगैन निवासी एक युवक ने पिता की लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई। युवक बीमारी की वजह से परेशान हो गया था।


मृतक मोहम्मद हुसैन।

भरगैन के मोहल्ला हसन थोक का रहने वाले 18 वर्षीय मोहम्मद हुसैन खां पुत्र शमशुल हसन ने सोमवार सुबह कमरे में रखी पिता की लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मार ली। फायरिंग की आवाज घर में मौजूद परिजन दौड़कर कमरे में पहुंचे। उन्होंने देखा तो मोहम्मद हुसैन खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़ा था। फिर तो परिवार में कोहराम मचने लगा, जिससे आसपास के लोग पहुंच गए। परिजन घायल को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। इससे पटियाली इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा मौके पर जा पहुंचे। उसकी सूचना पर सीओ राजकुमार पांडेय ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से पूछताछ की है। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार मोहम्मद हुसैन को लीवर संबंधी रोग था, जिसकी वजह से वह परेशान हो चुका था।

> परिजनों के मुताबिक युवक लंबे समय से लीवर रोग से पीड़ित था और वह मानसिक रूप से तनाव में रहता था। इसी बीमारी और तनाव के चलते उसने पिता की लाइसेंसी बंदूक गोली मारकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस अन्य पहलूओं पर भी जांच कर रही है। बंदूक को कब्जे में लिया है। **-राजकुमार पांडेय,** सीओ पटियाली

# महिला की मौत पर मायके वालों ने किया हंगामा

**पटियाली, अमृत विचार:** पटियाली के मोहल्ला वृत्याना निवासी पूनम पत्नी यश पांडेय की प्रसव पीड़ा के बाद इलाज के दौरान रविवार देर रात मौत हो गई। इसका पता लगने पर पहुंचे मायके वालों ने जमकर हंगामा किया। इसका पता लगने पर एसडीएम व सीओ मौके पर जा पहुंचे। उनके निर्देश पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना मुजरिया ग्राम परमू जनपद बदायूं निवासी दीपक कुमार ने पुलिस को बताया कि दो फरवरी 2019 को उसने अपनी बहन पूनम की शादी हुई थी। शादी में 12 लाख रुपये का दहेज दिया था। उसकी बहन का कद छोटा होने के कारण ससुराल में उसे प्रताड़ित किया जाता था। पति ने कई बार उसे पीटा और दूसरी शादी करने की धमकी दी। अतिरिक्त दहेज में स्विफ्ट डिजायर कार की मांग की जाती थी। पति के मारपीट करने पर गर्भवती पूनम के शरीर में चोटें आने से उसकी मौत हो गई है। भाई दीपक ने पूनम के पति किशन पांडेय, ससुर लालाराम, सास गुड्डो, ननद कीर्ति व तहेरे जेठ अवधेश के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# धान की फसल में लगने लगा तना छेदक कीट, किसान परेशान

**कासगंज, अमृत विचार:** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में धान की फसल में तना छेदक कीट का प्रकोप है। जिसको लेकर किसान परेशान हैं। जिला कृषि अधिकारी ने फसल को कीट से बचाव के उपाय बताए हैं। जिले में इस साल धान की फसल 1800 हेक्टेयर में है। उमस व तापमान अधिक होने के कारण धान की फसल में तना छेदक कीट लग रहा है। यदि इसका समय पर नियंत्रण नहीं गया तो धान का उत्पादन निश्चित प्रभावित होगा। जिस धान के खेत में तना छेदक कीट का प्रकोप नहीं लगा या शुरुआत हो रही है, उस खेत में किसान बहुत हल्का या छिछला पानी लगाएं। इसमें कारटेप हाइड्रोक्लोराइड 4 प्रतिशित जीआर की 10 किलो मात्रा में आधा किलो कारबेण्डाजिम को मिलाकर एक एकड़ खेत में बुरकाव कर दें।

इस समय खेत में यूरिया उर्वरक का प्रयोग कतई ना करे। यदि खेत में तना छेदक का प्रकोप दिख रहा है तो फसल में प्रोफेनोफास 40 प्रतिशत व साइपरमेथरीन 4 प्रतिशत की 30 मिलीलीटर मात्रा को एक टंकी में मिलाकर तुरंत छिड़काव करें। एक एकड़ क्षेत्रफल में कुल 10 टंकी पानी में दवा मिलाकर छिड़काव करे। एक एकड़ में कुल 300 मिली लीटर दवा लगेगी।

# दो स्कूलों के ताले तोड़कर सामान चोरी

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- **घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने किया मौका मुआयना**

**अमृत विचार:** विकास खंड क्षेत्र के गांव धवा और अलीपुर दादर के परिषदीय विद्यालयों में घुसे चोर हजारों का सामान समेटकर ले गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया।

गंजडुंडवारा के धवा प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य शालिनी के अनुसार रविवार को अवकाश के दिन आसपास के लोगों स्कूल के गेट का ताला टूटा देखा। सूचना मिलने के बाद उन्होंने स्कूल जाकर देखा तो मुख्य गेट और अंदर प्रधानाचार्य कक्ष का ताला टूटा हुआ था।

स्कूल में रखी सेफ खुली हुई थी, जिसमें स्कूल के कमरों की चाबियां थीं। अलमारी से चाबियां निकालने के बाद चोरों ने कमरों के ताले खोले उसमें रखे दो गैस सिलेंडर, यूपीएस, एमडीएम का राशन आदि सामान ले गए। प्रधानाचार्य के सूचना देने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया।

चोरी की दूसरी घटना पटियाली थाना क्षेत्र के गांव अलीपुर दादर स्थित प्राथमिक विद्यालय में हुई। यहां भी चोरों ने प्रधानाचार्य कक्ष का ताला तोड़कर उसमें रखी सेफ कमरे की चाबी निकाल ली। इसके बाद कमरे का ताला तोड़कर एमडीएम का राशन व गैस सिलेंडर ले गए। इस घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है।


स्कूल में चोरी के बारे में जानकारी लेते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अमीर अहमद उर्फ बवईये को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **सलमा पत्नी जमीर अहमद निवासी स्वालेनगर थाना किला जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# हरियाली तीज की तैयारी शुरू, महिलाओं ने की खरीददारी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● बुधवार को मनाया जाएगा तीज का त्योहार, बाजारों में रौनक बढ़ी

**अमृत विचार:** हरियाली तीज का पर्व बुधवार सात अगस्त को मनाया जाएगा है। इसको लेकर महिलाओं ने तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार को महिलाओं ने बाजार जाकर चूड़ियों और साड़ी आदि की जमकर खरीदारी की। इससे बाजारों में खासी रौनक दिखी।

महिलाओं के लिए तीज के त्योहार का विशेष महत्व होता है। इसकी तैयारियों में अभी से जुट गई हैं। कपड़ों से लेकर सोलह श्रृंगार के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी की जा रही है। जिन नवविवाहिताओं की पहली हरियाली तीज है, वे मायके जाने के लिए उत्साहित हैं। हरियाली तीज को लेकर कई संस्थाएं कार्यक्रमों की तैयारी में हैं। इस दौरान कहीं ब्यूटी क्वीन तो कहीं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

मान्यता के अनुसार देवी पार्वती ने महादेव को प्राप्त करने के लिए सौ वर्षों कठिन तपस्या की थी। अपनी अथक साधना से उन्होंने इसी दिन शिवजी को प्राप्त किया था। यही कारण है कि महिलाएं अपने सुखमय विवाहित जीवन और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए यह व्रत रखती हैं।


हरियाली तीज को लेकर दुकान से चूड़ियां खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


हमारे यहां सात अगस्त को तीज का त्योहार मनाया जाएगा। सोसायटी में हर साल इस दिन डांस से लेकर कई तरह के कार्यक्रम होते हैं। इस बार भी सेक्टर की तमाम महिलाएं इस पर्व को मनाएंगी। – **खुशबू अग्रवाल**, गृहणी

### सोरों गेट पार्क में लगता है मेला


हर साल तीज के दिन सोरों गेट पार्क में हरियाली तीज का मेला लगता है। बच्चों के झूले आदि मनोरंजन के कार्यक्रम होते है। उसी दिन महिलाएं साथ में झूला झूलती हैं। पूजन कर पति की लंबी आयु की कामना करती हैं। इसके अलावा तीज वाले दिन महिलाओं की कई तरह की प्रतियोगिताएं होती हैं।

–**मिथलेश राणा**, प्रोफेसर



### उन्नति ने जीता मिस तीज का खिताब

**एटा, अमृत विचार:** हरियाली तीज के अवसर पर वामा सारथी पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पुलिस लाइन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मिस तीज का खिताब उन्नति के नाम रहा। पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन एटा में वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में हरियाली तीज कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था उपाध्यक्ष व अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा की पत्नी रेणुका सिंह की उपस्थिति में पुलिस परिवार की महिलाओं द्वारा मिस तीज एवं बच्चों द्वारा राखी मेकिंग, थाली, मेंहदी एवं डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में मिस तीज का खिताब सिपाही अंकुर की पत्नी उन्नति ने जीता। राखी मेकिंग, थाली, मेंहदी एवं डांस प्रतियोगिता आदि में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अनामिका सिंह पत्नी अमित चौधरी जेल अधीक्षक, रचना द्विवेदी पत्नी विक्रांत द्विवेदी सीओ नगर तथा महिला थाना प्रभारी नंदनी सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### तारीख पर गई युवती को ससुराल वालों ने पीटा

**एटा, अमृत विचार:** तारीख पर कचहरी गई युवती को उसके ससुराल वालों ने पीट दिया। थाना बेवर के गांव छिनकोरा निवासी रश्मि का घरेलू विवाद का मुकद्मा एटा न्यायालय में चल रहा है। सोमवार को वह कचहरी तारीख पर गई थी। आरोप है कि इसी समय ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। उसके साथ मारपीट होते देख अधिवक्ता बचाव के लिए पहुंच गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। इसके बाद महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ तहरीर दी। कोतवाली नगर पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।

### जहर पीने से युवक की हालत बिगड़ी

**एटा, अमृत विचार:** सहावर थाना क्षेत्र के गांव मटैना निवासी 30 वर्षीय अवनीश कुमार पुत्र जगदीश कुमार ने गृह क्लेश के चलते घर में जहरीली दवा पी ली, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। इस पर परिजनों ने युवक को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के पश्चात हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

### दहेज की खातिर विवाहिता का गर्भपात कराया

**एटा, अमृत विचार:** बागवाला थाने में एक महिला ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी निधौलीकलां के युवक के साथ हुई थी। शादी में दिए दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं हुए। अतिरिक्त दहेज में 15 लाख रुपए की मांग करने लगे। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर पति व ससुराल वालों ने मारपीट की, गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि उसे नशीली दवा खिलाकर उसके साथ बुरा काम किया। उसका गर्भपात भी करा दिया गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### सेवाकेन्द्र आवंटित कराने के नाम पर पांच लाख ठगे

**एटा अमृत विचार:** कोतवाली नगर में देवेन्द्रपाल निवासी नई बस्ती ने अरुण पुत्र राजेन्द्र डुडैजा नई दिल्ली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि तरुण द्वारा उड़ान सेवा केन्द्र आवंटित कराने के नाम पर उससे पांच लाख रुपये ऐंठ लिए। बाद में मांगने पर आरोपित ने रुपये नहीं दिए। इस मामले की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम बने युवक का शव बंद कमरे में लटका मिला

## परिजन बोले- 16 जुलाई से बंद जा रहा था मोबाइल, पता करने पर नहीं हुई कोई जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● मैनपुरी पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ

**अमृत विचार:** धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम बने अमांपुर के युवक का शव जिला मैनपुरी के कुरावली कस्बे के मकान में फंदे पर लटका मिला। परिजन युवक की हत्या का आरोप लगा रहे हैं। कुरावली पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। युवक धर्म परिवर्तन करने के बाद पिछले कुछ वर्षों से कुरावली में ही रहा था।

कस्बा अमांपुर के युवक हर्षित गुप्ता कुछ साल पूर्व धर्म परिवर्तन कर नवाब बन गया था। इसके बाद से वह कुरावली में ही रह रहा था। मगर उसका अपने परिजनों से संपर्क बना हुआ था। बीती 16 जुलाई से उसका मोबाइल बंद था। परिजन युवक के बारे में जानकारी कर रहे थे। जब कुछ पता नहीं चला तो परिजनों को आशंका हुई। परिवार वाले उसे तलाशने के लिए कुरावली जा पहुंचे और पुलिस के संपर्क कर घटना से अवगत कराया।

पुलिस हर्षित के मोबाइल की अंतिम लोकेशन निकालने के बाद गांव दिवरई निवासी जावेद पठान के मकान पर पहुंची। वहां युवक के बारे में जानकारी ली। वहां हर्षित के परिजनों को एक कमरे के अदंर से दुर्गंध आती महसूस हुई। आशंका होने पर पुलिस ने कमरे ताला खुलवाया। कमरे में देखा तो एक व्यक्ति का कंकाल फंदे पर लटक रहा था। परिजनों ने कंकाल की शिनाख्त हर्षित के रूप में की। पुलिस ने जावेद पठान व अन्य लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। कंकाल उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों को लेकर छानबीन कर रही है। जल्द मामले का खुलासा हो जाएगा।

### फंदे पर लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

**एटा, अमृत विचार:** घर में महिला का शव फंदे पर लटका मिला है। थाना जसरथपुर क्षेत्र के गांव सरोठ निवासी कीर्ति (24) का पति वीनेश कुमार बाहर रहकर स्वास्थ्य विभाग में नौकरी करता है। कीर्ति घर पर अकेली रहती थी। रविवार देर शाम आसपास के लोगों ने उसका शव फंदे पर लटका देखा। पड़ोसियों की सूचना पर कीर्ति का पति व परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी मायके वालों को दी गई। मौके पर पहुंचे मायके वाले कीर्ति की हत्या का आरोप लगा रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### जावेद की दुकान में नौकरी करता था हर्षित

हर्षित लगभग आठ वर्ष कुरावली में जाकर रहने लगा था। हर्षित की ननिहाल कुरावली के मोहल्ला सुरजई में है। वह जावेद की खाद की दुकान पर नौकरी करता था। जिस मकान में हर्षित का शव मिला था वह मकान जावेद ने हर्षित को रहने के लिए दे दिया था। हालांकि मकान जावेद के नाम था।

शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण स्पष्ट हो जाएगा। परिजन अपहरण कर हर्षित की हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। मामले में जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में तथ्य सामने आने पर पर कार्रवाई की जाएगी।

– **धर्मेंद्र सिंह**, इंस्पेक्टर कुरावली थाना

## सड़क हादसों में छह कांबड़िया गंभीर घायल

**एटा अमृत विचार:** आगरा के खेरागढ़ के सईया निवासी श्रीराम अपने दोस्त सोवेन्द्र के साथ कासगंज के सोरों लहरा घाट से कांवर लेकर लौट रहा था।

रास्ते में रविवार रात तेज हवा और बारिश में पेड़ की टहनी टूट कर उसके पर गिर गई। इससे दोनों घायल हो गये। उन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। इसके अलावा सड़क हादसों में अवागढ़ के निवासी अम्बर सिंह पुत्र विपिन कुमार, विपिन कुमार पुत्र गंगासहाय को पीएसी के पास मैक्स ने टक्कर मार दी।

फिरोजाबाद के एका थानान्तर्गत नगला सावंती निवासी ओमवीर सिंह पुत्र सोरन सिंह को मिरहची के पास बाइक ने टक्कर मार दी। आगरा निवासी धर्मेन्द्र पुत्र महावीर सिंह को बाइक ने रौंद दिया। कोतवाली देहात के गांव नगला कदम निवासी विजय कुमार पुत्र पप्पू सिंह, यहां का निवासी रीतेश पुत्र देवेन्द्र सिंह आसेपुर के पास बाइक की चपेट में आ गया।

## सार-संक्षेप

### पुलिस ने तीन आरोपी दबोचे, पांच मोबाइल बरामद



**एटा, अमृत विचार:** पिलुआ थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी के पांच मोबाइल बरामद कर लिए। पूछताछ के बाद तीनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया। थाना पिलुआ पुलिस ने सोमवार को आरोपी सौरभ कुमार पुत्र अभयपाल सिंह निवासी ग्राम रफतनगर सैथरा थाना निधौली कला, रत्नेश कुमार पुत्र एबरन सिंह निवासी कासिमपुर थाना कोतवाली देहात, अवकेश कुमार पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम कासिमपुर थाना कोतवाली देहात को पकड़ा। उनके पास विभिन्न स्थानों से से छीने गए पांच मोबाइल बरामद हुए।

### खेत पर चारा काट रही बालिका को सर्प ने डसा



**कासगंज, अमृत विचार:** थाना ढोलना क्षेत्र के गांव कोटरा में खेत पर चारा काट रही 10 वर्षीय बालिका को सर्प ने डस लिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत में सुधार है। बरसात के दिनों में पानी भर जाने से सर्प बामियों से बाहर आ जाते हैं। जिससे सर्प दंश की घटनाएं बढ़ जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर लोग इनका शिकार होते हैं। बीते चार दिनों में आधा दर्जन ग्रामीण सर्पदंश का शिकार हो चुके हैं। सोमवार सुबह ढोलना क्षेत्र के गांव कोटरा निवासी प्रेमकुमार की दस वर्षीय पुत्री संगम पशुओं के लिए चारा काटने खेत पर गई थी। जहां चारा काटने के दौरान उसके बाएं हाथ में सर्प ने डस लिया, जिससे वह बेहोश हो गई। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने संगम के परिजनों को सूचना दी। खेत पर पहुंचे परिजन उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले गए। जहां उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार हुआ है।

### प्रधानी का उपचुनाव कराने को पोलिंग पार्टियां रवाना

**एटा, अमृत विचार:** प्रधान पद पर उप चुनाव के लिए पोलिंग पार्टी सोमवार को रवाना कर दी गई। मंगलवार को मतदान कराया जाएगा। एटा के ब्लॉक शीतलपुर में त्रिस्तरीय उप निर्वाचन पंचायत में ग्राम शाहपुर मिलावली में प्रधान पद के लिए उपचुनाव होना है। मतदान कराने को पोलिंग पार्टी चुनाव सामग्री के साथ रवाना हो गई। बीडीओ शीतलपुर दिनेश शर्मा ने बताया कि गांव में उपचुनाव की पूरी तैयारी कर ली गई है। मंगलवार को मतदान होना है। इस गांव में प्रधान पद के लिए तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।

### मत्स्य पालन के लिए आवेदन शुरू, 19 अगस्त तक होंगे

**कासगंज।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद आरिफ ने बताया कि मत्स्य पालक विकास अभिकरण विभाग द्वारा 11 जुलाई के अनुसार एक नवीन योजना सघन मत्स्य पालन के लिए एयरेशन सिस्टम की स्थापना प्रदेश के सभी जनपदों में प्रारंभ की गई है। इस योजना में विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन पांच अगस्त से आरंभ हो गए, जो 19 अगस्त तक किए जाएंगे। योजना में तालाबों के ऐसे सभी पट्टा धारक आवेदन कर सकते हैं, जिनके पट्टे की अवधि में कम से कम 5 वर्ष अवशेष तथा पैडिल व्हील एरियेटर चलाने की व्यवस्था हो। न्यूनतम योजना के लिए आवेदक को इकाई लागत 0 .75 लाख प्रति यूनिट पर सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए 50 फीसद अनुदान तथा अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए 60 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना के तहत अन्य विवरण, इकाई लागत आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण विभागीय विभागीय वेबसाइट पर देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

### जिला सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेला आठ को

**एटा, अमृत विचार:** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय में आठ अगस्त को सुबह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रतिष्ठित कम्पनियां 18 से 35 वर्ष तक की आयु के जूनियर हाईस्कूल, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों साक्षात्कार कर रोजगार हेतु चयन करेंगी। रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थी अपना पंजीयन सेवायोजन पोर्टल तवरहंतेंदहंउ .नच .हवअ .पद पर कराकर अपनी शैक्षिक योग्यता आयु वर्ग के अनुसार पोर्टल पर प्रदर्शित कम्पनियों में ऑनलाइन 8 अगस्त तक आवेदन अवश्य कर दें।

## प्रधानाचार्यों की समस्याओं के निराकरण को हर प्रयास होगा


नवनियुक्त प्रधानाचार्यों को फूलमाला पहनाकर किया सम्मानित। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** प्रधानाचार्या परिषद की बैठक सोमवार को शहर के बीएवी इंटर कॉलेज में हुई। बैठक में प्रधानाचार्यों की समस्याओं पर चर्चा की गई। उनके निराकरण की रुपरेखा बनाई गई। नवनियुक्त प्रधानाचार्यों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्या परिषद के अध्यक्ष आलोक वशिष्ठ ने कहा विसंगतियों के चलते प्रधानाचार्यों को तरह-तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिनके निराकरण के प्रयास भी किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि परिषद प्रधानाचार्यों की समस्याओं के निराकरण का हर संभव प्रयास करेगा। बैठक में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था प्रधानाचार्यो और शिक्षक के नियुक्ति पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रमाणित कराने। यू डायस फीडिंग के सरलीकरण पर चर्चा की गई। बैठक में एचपीएन दुबे, यतेंद्र सिंह, हैदर सिंह वर्मा, डीएस पाल, केके कश्यप, हरी सिंह वर्मा, सोमवती वर्मा, राजवीर सिंह, कविश रहे।

## शिक्षण संस्थाएं कराएं पंजीकरण

**कासगंज।** सहायक सेवायोजन अधिकारी एसके मित्तल ने बताया कि युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने को श्रम एवं सेवायोजन विभाग ने एकीकृत पोर्टल 'रोजगार संगम' वेब का शुरू किया है। जिसमें बेरोजगारों के लिए एकीकृत पोर्टल पर कैंपस प्लेसमेंट, डायरेक्ट हायरिंग, विदेशों में रोजगार, ऑनलाइन काउंसलिंग एवं लर्निंग मैनजमेंट सिस्टम की व्यवस्था विकसित है। इस पोर्टल पर जनपद के सभी सरकारी, निजी आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट इन्स्टीट्यूट, फार्मा इन्स्टीटयूट, स्नातक, स्नातकोत्तर महाविद्यालयों को अपने संस्थानों का पंजीकरण कराने लें। पंजीकरण के साथ ही उनकी प्लेसमेंट सेल द्वारा संस्थान में अध्ययनरत अंतिम वर्ष के छात्रों का भी पंजीकरण कराया जाना है। छात्रों द्वारा स्वंय ही अपना पंजीकरण पोर्टल पर किया जाना है। कोई कठिनाई के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय में संपर्क करें।

## स्वेच्छा से शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने के लिए आगे आ रहे लोग

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** डीएम प्रेम रंजन सिंह की स्वेच्छा से शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने की पहल का सम्पूर्ण जनपद में असर जारी है। लाइसेंसधारी स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने के लिए आगे आ रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला महाराणा प्रताप नगर निवासी प्रियांश सक्सेना ने स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराया है। इस पर डीएम प्रेम रंजन सिंह ने प्रियांश सक्सेना को कलेक्ट्रेट बुलाया और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

डीएम प्रेम रंजन सिंह ने स्वेच्छा से शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने की पहल शुरू की है। उन्होंने जनपद के ऐसे शस्त्र लाइसेंस धारक जो अपने शस्त्र का प्रयोग नहीं करते हैं या जिन्होंने शस्त्र लाइसेंस बनवा तो लिया, लेकिन उनका शस्त्र घर में अनावश्यक रखा रहता है। ऐसे लोग स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाइसेंस निरस्त करा सकते हैं। डीएम ने कहा कि स्वेच्छा से शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने वाले व्यक्तियों के नाम वर्षों तक डीएम कार्यालय में लगे बोर्ड पर देखने को मिलेंगे। इसके लिए डीएम ने अपने कार्यालय कक्ष में एक बोर्ड लगवाया है, जिसमें पूर्व में स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने वालों के नाम अंकित हैं। जनपद में अभी तक 30 से अधिक शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराए जा चुके हैं।


कलेक्ट्रेट में प्रियांश को सम्मानित करते डीएम प्रेम रंजन सिंह।

# तीसरा सोमवार : शिवालयों में दिन भर उमड़ती रही श्रद्धालुओं की भीड़

## मंदिरों में सुबह चार बजे से लग गईं कतारें, गूंजते रहे जयकारे, लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता


शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए लगी श्रद्धालुओं की भीड़।


एटा के कैलाश मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** सावन के तीसरे सोमवार को मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। मंदिरों में ब्रह्म मुहूर्त से ही कतारें लग गईं। दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और जयकारे गूंजते रहे।

शहर के शिवालयों में शिव भक्तों का रेला देखने को मिला। भोर से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचने लगे। जलाभिषेक के लिए शहर से लेकर गांवों तक के मंदिरों में भक्तों की कतार देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर शिवजी की पूजन की और जलाभिषेक किया। इसके बाद मंदिर परिसर में चंदन से भोले का टीका लगाया। नगर के कैलाश मंदिर में प्रवेश के लिए अलग-अलग मार्ग बनाए गए। सुबह से ही मंदिर के उत्तर व दक्षिण में बेरीकेडिंग कर दी गई। यहां पुलिस बल तैनात रहा। भक्तों ने शिवलिंग का दूध व जल से अभिषेक कर मंगलकामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। मंदिरों के बाहर भांग-धतूरे व बेलपत्र आदि पूजन सामग्री की दुकानों पर भीड़ लगी रही। मंदिर के कपाट सुबह चार बजे खोल दिए गए। श्रद्धालु भोर से ही मंदिर पहुंचे थे।

### युवाओं ने जलेसर के नागेश्वर मंदिर में 121 किलो गंगाजल की कांवड़ चढ़ाई

**जलेसर, अमृत विचार:** सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों पर भक्तों की भारी भीड़ रही। जलेसर के मोहल्ला गोल नगर के कुशवाहा समाज के युवाओं ने 121 किलो गंगाजल की कांवड़ लाकर महादेव मंदिर नागेश्वर बगीची में जलाभिषेक किया। चिंता हरण महादेव मंदिर में चिंता हरण गली के युवाओं ने 71 किलो गंगाजल की कांवड़ लाकर जलाभिषेक। देर शाम श्रद्धालुओं ने भंडारे का आयोजन किया। वहीं, पटना पक्षी विहार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही, जिससे वन विभाग के अधिकारियों के पसीने छूट गए। यहां मेला भी लगा। सौरों गंगाघाट से थाना सकरौली क्षेत्र के कांवड़ियों द्वारा लाई जा रही कांवड़ में उन्हीं के साथ चल रही ई-रिक्शा से खंडित हो गई थी। कोतवाली प्रभारी जलेसर डॉ. सुधीर राघव ने कांवड़ियों को निजी वाहन से कांवड़ दोबारा लाने के लिए भेजा।

### वन खण्डेश्वर महादेव मंदिर में गंगाजल चढ़ाकर परिवार की खुशहाली के लिए मनौती मांगी

**अवागढ़, अमृत विचार:** गांव इसौली में वन खण्डेश्वर महादेव मंदिर में शिवभक्तों ने सोरों जी से कावड़ लाकर जलाभिषेक किया और परिवार की खुशहाली के लिए मनौती मांगी। इसौली के सैकड़ों साल पुराने वनखंडेश्वर महादेव मंदिर की क्षेत्र में खासी मान्यता है। ग्रामीणों का मानना है कि वनखण्डेश्वर महादेव मंदिर में मांगी मुराद पूरी हो जाती हैं। इसी लिए सोमवार को मन्दिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। मंदिर में सैकड़ों शिवभक्तों के साथ महिलाएं भी पहुंचती हैं। सोमवार को मंदिर में भीड़ रहने के साथ हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। इसके अलावा एटा-टूंडला मार्ग स्थित इसौली चौराहे पर श्रद्धालुओं ने आगरा की तरफ जा रहे कावड़ियों को जलपान कराने के साथ ही फलों का वितरण किया।

# राष्ट्र प्रेम भावना जागृत करने को आयोजित होगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम

संवाददाता, एटा

● 13 से शुरू होंगे कार्यक्रम अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

● डीएम ने कहा नगर विकास विभाग, पंचायतीराज विभाग द्वारा समस्त स्थलों की सफाई कराएं

**अमृत विचार:** डीएम प्रेम रंजन सिंह ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 13-15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। शासन के निर्देशानुसार 13-15 अगस्त तक आमजन को अपने-अपने घरों, कार्यालयों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक प्रतिष्ठानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, अस्पतालों व अन्य सार्वजनिक स्थानों के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार कर झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया जाए।

डीएम ने कहा कि नगर विकास विभाग, पंचायतीराज विभाग द्वारा स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े समस्त स्थलों की साफ सफाई सुनिश्चित कर साइनेज लगावाएं। जिले के समस्त शिक्षण संस्थाओं में हर घर तिरंगा से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इस आयोजन के संबंध में शासन के निर्गत आदेशों का पालन होना चाहिए। कार्यक्रम के फोटो, वीडियो अथवा देशभक्ति झण्डा गीत के साथ वीडियो अभियान से जुड़ी बेबसाइड पर अपलोड करने हेतु आमजन को प्रेरित किया जाए। जनपद में की गई कार्यवाही की अद्यतन रिपोर्ट उपलब्ध गूगल लिंक के माध्य से अपलोड की जाए। कार्यक्रम के नोडल के रूप में जिला पंचायत राज अधिकारी को नामित किया गया है, जो संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर अभियान को सफल बनायेंगे।



डीएम ने कहा कि जिला पूर्ति अधिकारी पेट्रोल पम्प मालिकों, कोटा डीलरों के माध्यम से हर घर तिरंगा कार्यक्रम में सहभागी बनने एवं जागरुकता हेतु प्रेरित करेंगे। नगर पंचायत, नगर पालिका द्वारा शहरी एवं पंचायती राज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में महापुरुषों की मूर्ति के पास साफ सफाई कराई जाएगी। थानों में भी लाइटिंग होगी। साथ ही शहीद स्मारक पर पीएसी बैण्ड के माध्यम से मार्चपास्ट कराया जाएगा। हर घर तिरंगा कार्यक्रम का सफल बनाने हेतु जनपद के व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों, उद्यमियों का भी सहयोग लिया जाए।

## एक नजर

### क्रेडिट कार्ड की रकम काटने पर एसबीआई पर जुर्माना

**बरेली, अमृत विचार :** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष दीपक कुमार त्रिपाठी और सदस्य दिनेश कुमार गुप्ता की पीठ ने इंद्रानगर स्थित एसबीआई ब्रांच को क्रेडिट कार्ड से उपभोक्ता की काटी गई 588 रुपये की रकम 45 दिनों में अदा करने का आदेश दिया है। इसके अलावा मानसिक और शारीरिक क्षतिपूर्ति के बदले में दो हजार रुपये और 10 हजार रुपये खर्चा मुकदमा अदा करने का आदेश दिया है। इज्जतनगर रोड नंबर एक निवासी महेन्द्रपाल सिंह ने अपने वकील देवेन्द्र सिंह के जरिए आयोग में अर्जी देकर बताया था कि बैंक ने उन्हें निशुल्क क्रेडिट कार्ड देने का झांसा देकर क्रेडिट कार्ड बना दिया था। कार्ड बनने के बाद अकाउंट से 588 रुपये काट लिये। शिकायत करने पर कहा गया कि रिफंड कर दिये जायेंगे मगर रकम वापस नहीं की गयी। उपयोग न होने पर कार्ड बंद करा दिया था, लेकिन फोन आया कि 4,226 रुपये जमा करें अन्यथा आपसे कई गुना रकम वसूल की जाएगी।

### भैंस नहला रहे किशोर को खींच ले गया मगरमच्छ

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** थाना शारदा नगर क्षेत्र में पटना पुल के नीचे भैंस को नहला रहे एक 15 वर्षीय किशोर को मगरमच्छ गहर पानी में खींच ले गया। इससे मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों नाले में उतारकर किशोर का तलाश करवा रही है, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है। थाना शारदा नगर के गांव टिप्पन पुरवा निवासी हुकुम चंद्र यादव का 15 वर्षीय पुत्र सुभाष सोमवार शाम मवेशी को चराने गया था। गांव के समीप निकले नाला में भैंस चली गई। जिसे वह नाले पर बने पटना पुल के नीचे भैंस को नहलाने लगा। बताते है पानी में मौजूद मगरमच्छ ने अचानक किशोर को दबोच लिया और गहरे पानी में खींच ले गया। इस बात की जानकारी लगते ही परिजन और गांव वाले मौके पर पहुंचे। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने किशोर की खोजबीन शुरू कराई, लेकिन शाम तक उसका पता नहीं चल सका था। घटना से क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो गई है।

### उड़ानः राजस्थान के निखिल ने आईवीआरआई के सहयोग से शुरू किया स्टार्टअप

# फसलों और खाद्य अपशिष्ट से बना रहे पौष्टिक पशु आहार

**बरेली कार्यालय**

**अमृत विचार :** खेतों में फसलों और खाद्य अपशिष्ट को पौष्टिक पशु आहार में बदलकर किसानों की आय में बढ़ोत्तरी की जा रही है। राजस्थान के निखिल ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की योजना के तहत पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के सहयोग से स्टार्टअप शुरू किया है। इसके तहत वह पशुओं के लिए पोषक आहार बनाकर राजस्थान, गुजरात के बाद अब पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी बिक्री कर रहे हैं।

राजस्थान के निखिल वोहरा ने वीआईटी वेल्लोर से बायोटेक इंजीनियरिंग करने के बाद फूड पर रिसर्च किया। निखिल ने बताया कि इंटर्नशिप के दौरान वह बैक्टीरिया पर रिसर्च कर रहे थे। उन्होंने वेस्ट फूड पर काम किया और अपने नवाचार को आईवीआरआई में भेजा। वहां चयनित होने के बाद उस पर काम शुरू किया। आईवीआरआई में उन्हें देश-विदेश के विशेषज्ञों से वेस्ट फूड से होने वाले काम की जानकारी के साथ-साथ अपने प्रोजेक्ट में होने वाले लाभ की जानकारी मिली।

निखिल ने बताया कि राजस्थान के जोधपुर से उन्होंने अपना काम शुरू किया और अब यह कई राज्यों में फैल चुका है। गुजरात के साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश में गोरखपुर,



अपने पिता के साथ निखिल।

देवरिया, प्रतापगढ़, कानपुर देहात आदि क्षेत्रों में उनके उत्पाद के डीलर बने हैं। इसके जरिए कंपनी का 20 करोड़ से ऊपर का टर्नओवर है। उनके स्टार्टअप से 25 लोगों को प्रत्यक्ष और 100 से ज्यादा लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है। उनका कहना है कि गाय को अच्छा पूरक आहार मिलेगा तो वह बेहतर गुणवत्ता का दूध देगी और अच्छा दूध बेचने पर किसान को ज्यादा आय हो सकेगी।

#### कंपनी को 13 लाख रुपये का अनुदान मिला

निखिल की कंपनी कृमांशी टेक्नोलॉजी ने खेत और खाद्य अपशिष्ट को अत्यधिक पौष्टिक पशु आहार में बदलने की एक विधि तैयार की। इससे खाद्य अपशिष्ट कम हुआ और पशुधन पोषण के लिए कम लागत वाला, उच्च गुणवत्ता वाला समाधान भी प्रदान किया। मंत्रालय ने उनकी कंपनी को 13 लाख रुपये का अनुदान दिया। कंपनी ने अब तक 25 हजार से ज्यादा किसानों को लाभ पहुंचाया है।

#### आईवीआरआई कर रहा वित्तीय सहयोग

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना- रफ्तार परियोजना के तहत कृषि संबंधित क्षेत्र के स्टार्टअप को समर्थन देने के लिए आईवीआरआई को जिम्मेदारी मिली है। आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त के निर्देशन में योजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। पशु चिकित्सा से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए संस्थान में 35 स्टार्टअप चल रहे हैं।

# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का वैज्ञानिक 20 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

### अस्पताल को एनओसी के नाम पर ले रहा था रुपये, टीम ने दबोचा

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** निजी अस्पताल को एनओसी जारी करने की एवज में 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक वैज्ञानिक विपिन कांडपाल को भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने सोमवार को उसके कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत थाना इज्जतनगर में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

किला के हुसैन बाग में अस्पताल चलाने वाले शाहिद हुसैन ने एनओसी लेने के लिए आवेदन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के राजेंद्रनगर कार्यालय में आवेदन किया था। इसकी जांच सहायक वैज्ञानिक विपिन कांडपाल को दी गई थी।

विपिन कांडपाल ने शाहिद हुसैन से एनओसी जारी करने की एवज में 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। शाहिद की ओर से इसकी शिकायत किए जाने के बाद एंटी करप्शन की टीम ने सोमवार को जाल बिछाकर विपिन कांडपाल को उसी के कार्यालय में रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से 10 हजार रुपये बरामद हुए। थाना इज्जतनगर में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

#### घर से भी बरामद किए 60 हजार रुपये

विपिन कांडपाल को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार करने के बाद एंटी करप्शन की टीम उसे एकतानगर स्थित उसके घर ले गई और उसी की मौजूदगी में पूरे घर की तलाशी ली। उसके घर से भी टीम को 60 हजार रुपये की नकदी बरामद की गई। एंटी करप्शन की इस कार्रवाई के दौरान कांडपाल के घर बाहर पड़ोसियों की भीड़ इकट्ठी हो गई।

> प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक वैज्ञानिक को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। टीम जांच कर रही है। **- यशपाल सिंह, सीओ एंटी करप्शन**

# बुलडोजर से पहुंचे कांवड़ियों ने किया शिवालयों में जलाभिषेक



बुल्डोजर से जलाभिषेक करने जाते कांवड़िया। ● अमृत विचार

**जहानाबाद/बीसलपुर, अमृत विचारः** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को कछला घाट से गंगाजल लेकर कांवड़िया बुल्डोजर से जल चढ़ाने चक्रतीर्थ पहुंचे और जलाभिषेक किया।

जहानाबाद के थानाध्यक्ष संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि बुलडोजर कांवड़ के जिले में प्रवेश करने की जानकारी लगते ही पुलिस की निगरानी में ग्रीन कॉरिडोर बनाकर गांव के मंदिर तक पहुंचा दिया। ये कांवड़िया कल्याणपुर चक्रतीर्थ गांव से जल लेने गए थे।

वहीं बीसलपुर के गुलेश्वर नाथ मंदिर में कांवड़ियों का एक जत्था बुलडोजर पर सवार होकर पहुंचा और जलाभिषेक किया। शिव भक्तों को देखने के लिए सड़कों पर भीड़ उमड़ी। किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने बरेली मार्ग पर कांवड़ियों का स्वागत कर फल वितरित किए।

## सार-संक्षेप

### ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई बाइक, तीन कावड़ियों की मौत

**मथुरा, अमृत विचार :** थाना सुरीर के गांव बीजाऊ निवासी 18 वर्षीय मानव, 21 वर्षीय वेदप्रकाश और 20 वर्षीय नरेश अपने 22 साथियों के साथ राजघाट से गंगाजल लेकर वृंदावन के गोपेश्वर महादेव मंदिर में चढ़ाने के बाद अपने घर जा रहे थे। नगला परसोती के पास उनकी बाइक तेज गति से खड़े टैक्टर ट्रॉली में जा घुसी। जिससे तीनों को मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। परिजनों को जानकारी मिली तो उनमें कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को बताया की तीनों आपस में दोस्त हैं। वेदप्रकाश गुड़गांव और मानव पलवल में नौकरी करता है।

### शौचालय के टैंक में डूबकर दो साल के बच्चे की मौत

**संभल, अमृत विचार :** असमोली गांव निवासी कुलदीप उर्फ भूरा के घर में शौचालय निर्माण का काम चल रहा था। शौचालय के लिए बने टैंक में पानी भरकर छोड़ दिया था। कुलदीप बाहर गया था जबकि पत्नी रजनी भी घर से बाहर थी। कुलदीप का दो साल का बेटा अभि घर में खेलते खेलते बच्चा शौचालय के टैंक के पास पहुंचा तो अचानक पानी से भरे टैंक में जा गिरा। बच्चा चीखा चिल्लाया लेकिन घर में उसकी चीख सुनने वाला कोई नहीं था। इस हालात में बच्चे ने तड़पकर दम तोड़ दिया। काफी देर के बाद रजनी घर आई तो बच्चे का शव शौचालय के टैंक में भरे पानी में उतराता दिखा तो रजनी की चीख निकल गई। आनन फानन में परिजन उसे लेकर डॉक्टर के पास गये लेकिन डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### महिला से छेड़छाड़ के आरोपी नेताजी पर एफआईआर

**आगरा, अमृत विचार :** कमला नगर थाना क्षेत्र के बल्केश्वर में भाजपा के मंडलाध्यक्ष पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज हो गया। उसके बाद उसने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी। गौरतलब है कि भाजपा के बल्केश्वर मंडलाध्यक्ष गिर्राज बंसल पर महिला संगठन की पदाधिकारी ने घर में घुसकर मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। घटना 29 अप्रैल की बताई। उसने इसकी शिकायत पुलिस से न कर पार्टी के बडे. नेताओं से की। चूंकि आरोपी एक विधायक का नजदीकी है। उसकी पत्नी भी हाल में पार्षद बनी है। बाद में महिला चुप होकर बैठ गई। एक सप्ताह पूर्व आरोपी ने उसको लेकर अपशब्द कहे तो महिला ने पुलिस को तहरीर दी लेकिन भाजपा नेताओं ने बैठक कर आरोपी से माफी मंगवा दी। पीड़िता पर इतना दबाव बनाया कि वह रोते हुए गई। अगले दिन वह पुलिस के पास पहुंची और केस दर्ज करने की मांग की। कमला नगर थाना प्रभारी निशामक त्यागी ने एफआईआर दर्ज करा दी। मुकदमे की जानकारी मिलते ही आरोपी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

### ताजमहल पर जल चढ़ा लहराया भगवा, महिला गिरफ्तार

**आगरा, अमृत विचार :** ताजमहल में जल चढ़ाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। सोमवार को मुख्य गुंबद पर जल चढ़ाकर भगवा झंडा लहराने वाली महिला को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। यह महिला पहले भी गंगाजल चढ़ाने पहुंची थी लेकिन पुलिसकर्मियों ने रोक लिया था। अखिल भारतीय हिंदू महासभा की जिलाध्यक्ष मीरा राठौर ने सोमवार को ताजमहल में मुख्य गुंबद पर जल चढ़ाया और भगवा झंडा लहराया। सीआईएसएफ के जवानों ने महिला को पकड़ लिया। हाल ही में इसी संगठन के दो सदस्य वीनेश और श्याम ने गंगाजल चढ़ाया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया था। इसके बाद सतकर्ता बरतने के दावे किये गये थे लेकिन मीरा राठौर ने दावों की हवा निकाल दी। एसीपी ताज सुरक्षा सैय्यद अरीब अहमद ने कहा कि सुरक्षा के साथ कोई भी समझौता नहीं किया जायेगा।

### भमरौलिया में लगा हेल्थ कैंप, ग्रामीणों को दी दवा

**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान के ग्राम भमरौलिया में कई दिन पूर्व बाढ़ का पानी भर गया था। गांव में भारी गंदगी व्याप्त होने से मच्छर पनपने लगे। जिला प्रशासन के निर्देश पर सहसवान के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की ओर से भमरौलिया में सोमवार को हेल्थ कैंप लगाया गया। हेल्थ कैंप में ग्रामीणों को दवाएं दी गयीं। कई लोगों के ब्लड सैंपल लिए गए। ग्रामीणों को बताया गया कि बुखार आने पर स्वास्थ्य केन्द्र पर दिखाएं और दवा लें। अपने घरों व आसपास सफाई बनाए रखें।

# पुलिस ने दर्ज किया युवती का बयान, जेल भेजा सद्दाम

- युवती के अपहरण के बाद चंदूपुरा शिवनगर में हुआ था सांप्रदायिक बवाल
- गांव में अब भी फोर्स तैनात, आरोपी का घर फूंकने वालों की तलाश जारी

**बरेली, अमृत विचार :** सिरौली के गांव चंदूपुरा शिवनगर से अपहृत युवती के रविवार रात को बयान दर्ज करने के बाद आरोपी सद्दाम को पुलिस ने सोमवार को फिर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

चंदुपुरा शिवनगर की युवती को गांव के ही दूसरे समुदाय का युवक सद्दाम भगा ले गया था। छह दिन बाद पुलिस ने दोनों को बरामद कर लिया लेकिन आरोपी पर कोई कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि उसे थाने में बैठाए रखा और लड़की को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इससे गुस्साए लोगों ने सद्दाम के घर में आग लगा दी थी। घर की चारदीवारी भी ढहा दी। तत्कालीन थाना प्रभारी लव सिरोही ने इस मामले में 61 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार को पुलिस ने आरोपी सद्दाम को कोर्ट में पेश किया लेकिन युवती के बयान दर्ज न किए जाने के कारण कोर्ट ने उसे लौटा दिया था। रविवार रात पुलिस ने युवती के बयान दर्ज किए। सोमवार सुबह फिर सद्दाम को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उधर, सद्दाम के घर में आग लगाने के आरोपी फरार हैं। तनाव देखते हुए गांव में भी पीएसी और पुलिस फोर्स तैनात है।

> युवती का बयान दर्ज करने के बाद आरोपी को सोमवार को फिर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी के घर तोड़फोड़ करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें दबिश दे रही हैं। **- मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी**

# रेल यात्रियों की बढ़ेगी मुसीबत, ब्लॉक फिर रोकेगा एक दर्जन ट्रेनों का रास्ता

- बरेली जंक्शन से होकर गुजरने वाली ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित

**बरेली, अमृत विचारः** रोजा में ब्लॉक से राहत मिलने से पहले एक और ब्लॉक से यात्रियों को परेशानी होगी।

पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के सगौली-नरकटियागंज खंड के बीच दोहरीकरण कार्य के चलते ब्लॉक लिया जाएगा। इसकी वजह से मंगलवार से एक दर्जन से ज्यादा ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। इसमें बरेली जंक्शन से भी गुजरने वाली आधा दर्जन ट्रेनें शामिल हैं। रेलवे ने ट्रेनों को मार्ग बदलकर और मार्ग में नियंत्रित कर चलाने का फैसला लिया है।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 7 अगस्त को चलने वाली 12212 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर गरीबरथ एक्सप्रेस नरकटियागंज-बापूधाम मोतिहारी-मुजफ्फरपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग नरकटियागंज-सिकटा-रक्सौल-सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई जाएगी। मुजफ्फरपुर से 8 अगस्त को चलने वाली 12557 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार गरीबरथ एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मुजफ्फरपुर-बापूधाम मोतिहारी-नरकटियागंज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल-सिकटा-नरकटियागंज के रास्ते चलाई जाएगी। इसके अलावा 7 अगस्त को 15274 आनंद विहार-रक्सौल सत्याग्रह एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग नरकटियागंज-सगौली-रक्सौल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग नरकटियागंज-सिकटा-रक्सौल के रास्ते चलाई जाएगी और 15653 गुवाहाटी-जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मुजफ्फरपुर-बापूधाम मोतिहारी-नरकटियागंज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल-सिकटा-नरकटियागंज के रास्ते चलाई जाएगी। इससे यात्रियों को एक बार फिर मुसीबत होगी।

#### रिशेड्यूल कर चलेगी अवध असम एक्सप्रेस

रेलवे प्रशासन ने मुरादाबाद मंडल के हापुड़ स्टेशन यार्ड में प्वाइंट रिन्यूअल कार्य के बारे में जानकारी दी है। इसकी वजह से पावर ब्लॉक लिया जाएगा और अवध असम एक्सप्रेस का संचालन प्रभावित रहेगा। रेल अधिकारियों के मुताबिक लालगढ़ से 8, 15, 28 अगस्त, 4, 8, 11 और 16 सितंबर को प्रस्थान करने वाली 15910 लालगढ़-डिब्रुगढ़ अवध असम एक्सप्रेस लालगढ़ से 240 मिनट रिशेड्यूल कर चलाई जाएगी।

# सब्जियों में रह जाते हैं रसायन इसलिए नहीं हो पाता निर्यात

- मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में एपीडी के डीजीएम ने बताई वजह
- उच्च गुणवत्तायुक्त पैदावार के लिए किसानों को प्रशिक्षण देने का निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** सब्जियों और बासमती चावल में रासायनिक खाद और कीटनाशकों का असर रह जाने के कारण उनका निर्यात नहीं हो पा रहा है। यह जानकारी सोमवार को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कृषक उत्पादक संगठन और निर्यातकों की बैठक में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के डीजीएम डॉ. सीबी सिंह ने दी।

डॉ. सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय किसान बासमती और हरी सब्जियों पर पेस्टीसाइड्स के छिड़काव के तत्काल बाद उनकी कटाई कर देते हैं। इस कारण उन पर काफी रासायनिक अवशेष (रेसीड्यूल) रह जाते हैं। इसी वजह से उनका निर्यात नहीं हो पा रहा है। मंडलायुक्त ने इस समस्या के निवारण के साथ गुणवत्तायुक्त पैदावार के लिए एपीडा, कृषि विभाग, कृषि विपणन और उद्यान विभाग को संयुक्त रूप से एफपीओ और प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण देने के आदेश दिए हैं।

तोमर फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी बदायूं की ओर से बताया गया कि उनके क्षेत्र में हरी मिर्च की बड़े पैमाने पर खेती होती है, लेकिन प्रसंस्करण यूनिट, पैक हाउस और बेयर हाउस की कमी की वजह से किसानों को नुकसान झेलना पड़ता है।

मंडलायुक्त ने उपनिदेशक उद्यान को इस समस्या के समाधान के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कृषि निदेशक डॉ. राजेश कुमार, संयुक्त निदेशक उद्योग, उप निदेशक मंडी परिषद, उप निदेशक उद्यान, उप कृषि निदेशक पीलीभीत, शाहजहांपुर, प्राचार्य खाद्य प्रसंस्करण, प्रभारी सहायक कृषि विपणन अधिकारी, ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक आदि लोग मौजूद रहे।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें



बिल्सी मंडी में पड़ा कूड़ा। ● अमृत विचार

# सब्जी मंडी में लगे गंदगी के ढेर व्यापारियों ने की सफाई की मांग

**बिल्सी, अमृत विचार :** नवीन सब्जी मंडी में नियमित सफाई न कराए जाने से गंदगी के ढेर लगे हैं। इससे व्यापारी काफी परेशान हैं।

आलू व्यापारी फैजान राइन, यादराम, बालाजी, नरेश चंद्र आदि ने बताया कि सब्जी मंडी में पालिका द्वारा रोजाना सफाई नहीं कराई जाती है। मामूली बरसात होने पर उससे उठती दुर्गंध से लोगों का सांस लेना दुश्वार हो जाता है। गंदगी के कारण यहां मच्छरों का प्रकोप भी काफी हो रहा है। उन्होंने डीएम से मंडी की नियमित सफाई कराए जाने की मांग की है।

# एलएलएम में 25 तक होंगे प्रवेश

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परिसर और संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश संबंधी निर्देश जारी कर दिए हैं। महाविद्यालयों को प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के मेरिट पर 25 अगस्त तक प्रवेश लेने होंगे। कुलसचिव के मुताबिक महाविद्यालयों को निर्धारित तिथि तक प्रवेश लेकर 27 अगस्त तक मेल से और 30 अगस्त तक हार्डकॉपी से प्रवेशित छात्रों की सूचना भेजनी होगी। रुविवि ने एलएलबी, एलएलएम, बीबीए और बीकॉम के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं, जल्द ही स्नातक और परास्नातक के अन्य पाठ्यक्रमों के परिणाम जारी किए जाएंगे। विवि ने एलएलबी द्वितीय, चतुर्थ और षष्टम सेमेस्ट, बीबीए (सीबीसीएस) द्वितीय, चतुर्थ और षष्टम, बीएससी षष्टम, बीकॉम षष्टम, एलएलएम द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के परिणाम जारी कर दिए हैं।

## योजना

### एयरेशन मशीन लगने से मछलियों को मिलेगी अतिरिक्त ऑक्सीजन

# तालाब में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाएगी एयरेशन मशीन

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- मशीन लगाने में महिलाओं को दी जाएगी प्राथमिकता, मिलेगा अनुदान

**अमृत विचारः** गर्मी के दौरान ऑक्सीजन घट जाने व अन्य कारणों से तालाबों में मछलियों की मौत से होने वाली हानि अब मत्स्य पालकों को नहीं उठानी पड़ी। पानी में मछलियों को ऑक्सीजन मिल सकेगी। एयरेशन सिस्टम के माध्यम से पानी में ऑक्सीजन पैदा होगी। यह सिस्टम अनुदान पर मत्स्य पालकों को अनुदान पर उपलब्ध कराया जाएगा।

जिला मत्स्य अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि मछली पालन करने वालों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा नई योजना शुरू की है। ऑक्सीजन की कमी से मछलियों की मौत से बचाने के लिए एयरेशन सिस्टम तालाबों में लगाया जाना है। इस योजना में महिला मत्स्य पालकों को प्राथमिकता दी जाएगी। 0.50 हेक्टेयर के तालाब पर दो हार्स पावर के एक काड पैडिल व्हील एरियेटर एवं एक हेक्टेयर या उससे बड़े तालाब के लिए दो एरियेटर लगाने के लिए अनुदान दिया जाएगा। तालाब में एयरेशन सिस्टम लगाने पर सामान्य वर्ग की मत्स्य पालक को 50 और अनुसूचित जाति मत्स्य पालकों महिला को 60 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। एयरेशन सिस्टम लगाने के लिए 19 अगस्त तक आवेदन मांगे गए हैं।

#### तालाब पर विद्युत व्यवस्था आवश्यक

मत्स्य अधिकारी ने बताया कि योजना का उन मत्स्य पालकों को दिया जाएगा जिनके तालाबों पर विद्युत का इंतजाम होगा। जनरेटर की सुविधा होने पर भी योजना का लाभ मत्स्य पालकों को मिलेगा। क्योंकि यह सिस्टम बिजली से ही संचालित होगा।

> गर्मी और बरसात के मौसम में तालाब में ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है। सर्दी के दिनों में भी मछली तालाब की तली पर चले जाने से वह रोग ग्रस्त हो जाती है। इससे मछलियों की मौत होने लगती है और मत्स्य पालकों को भारी हानि होती है। एयरेशन सिस्टम के लिए आवेदन मांगे गए हैं। **-अमित कुमार, जिला मत्स्य अधिकारी**

### बरेली-दिल्ली बंद फ्लाइट फिर चलाने की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को सांसद छत्रपाल गंगवार से मुलाकात कर बरेली-दिल्ली की बंद चल रही फ्लाइट को दोबारा शुरू करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बरेली से दिल्ली फ्लाइट कई महीने से बंद पड़ी है। अब परेशानी हो रही है। रेलवे की सेवा भी इन दिनों ठीक नहीं है। इसलिए फ्लाइट फिर शुरू की जाए। व्यापारियों ने सांसद से कहा कि लखनऊ वाया पीलीभीत होते हुए सीतापुर ट्रेनों का संचालन पहले किया जा रहा था। इससे बरेली और आसपास के व्यापारियों को पीलीभीत और सीतापुर आदि जाकर व्यापार करने में काफी सुविधा रहती थी।

**क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स**
193-ए, सिविल लाइन्स, बरेली मण्डल, बरेली।
**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अजय कुमार गुप्ता पुत्र श्री नन्हे मल द्वारा संस्था श्रीश्याम संकीर्तन सेवा समिति, मो. कानून गोयान पो. व तह. जिला बरेली के अध्यक्ष की हैसियत से पंजीकरण हेतु सोसा. रजि. अधि. 1860 के अन्तर्गत ऑनलाइन पंजीकरण शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त संस्था के स्मृति पत्र व नियमावली में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये है :- 1. अशोक कुमार अरोरा पुत्र श्री लक्ष्मन दास संरक्षक 2. अजय कुमार गुप्ता पुत्र श्री नन्हे मल अध्यक्ष 3. राजीव कुमार गुप्ता पुत्र श्री शिवजी प्रसाद गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष 4. निखित मित्तल पुत्र श्री अजय कुमार उपाध्यक्ष 5. अभिषेक गुप्ता पुत्र श्री ओमकार गुप्ता महामंत्री 6. वीरेन्द्र चन्द्रा पुत्र श्री ठाकुर दास संयुक्त महामंत्री 7. शुभम गुप्ता पुत्र श्री विजेन्द्र कुमार गुप्ता मंत्री 8. उमाशुकर पुत्र श्री रामप्रकाश कोषाध्यक्ष 9. अनुराग गुप्ता पुत्र श्री अशोक कुमार मीडिया प्रभारी 10. अंकित कुमार पुत्र श्री परमानन्द सदस्य 11. रोहित गुप्ता पुत्र श्री महेश चन्द्र गुप्ता सदस्य 12. रवि गुप्ता पुत्र श्री कृष्ण गोपाल गुप्ता सदस्य 13. ऋषभ गुप्ता पुत्र श्री अजय कुमार गुप्ता सदस्य 14. दीपक कुमार पुत्र श्री उदय राज देव सदस्य 15. विशाल जाधव पुत्र श्री नानसो जाधव सदस्य 16. सुमित कुमार पुत्र श्री करन सिंह सदस्य उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को दस्तावेजों साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा. रजि. अधि. 1860 की धारा 3 (1) के "परन्तुक" के अन्तर्गत जारी की जा रही है।
**सहायक रजिस्ट्रार, बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल एल.आई.सी. हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली से श्रीमती सुषमा देवी पत्नी श्री जंगपाल सिंह निवासी ग्राम ढका तहसील दातागंज जिला बदायूँ एक किता प्लाट तादादी 250.33 वर्गमी. खेत नं. 15क व 15ख में से प्लाट नं0 34 (पूर्ण) व प्लाट नं0 32 व 33 निस्फ भाग वाकै ग्राम करेली पर. तह. व जिला बरेली जिसकी चौहददी पूरब में प्लाट सं. 22 व 23 व 24, पश्चिम में रास्ता प्रा. 24 फिट चौड़ा बादहू प्लाट दीगर, उत्तर में प्लाट नं. 35 श्रीमती शिखा राय व दक्षिण में प्लाट नं. 32 का भाग है को बंधक रखकर गृह निर्माण हेतु मेरे मुवक्किल से लोन ले रही है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित पूर्व एक मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 18.12.2004 को श्रीमान स.र. बरेली में फोटोस्टेट प्रति पुस्तक सं. 1 खण्ड 1019 के पृष्ठ 111 से 122 तक क्रमांक 9594 पर हुई है जो नरेन्द्र कुमार सक्सेना आदि द्वारा श्रीमती सुरभि राय के हक में निष्पादित हुआ है कहीं खो गया है जिसके खोने की सूचना दिनांक 12.04.2017 को थाना सुभाषनगर पर दर्ज कराई जा चुकी है।
अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 15 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा श्रीमती सुषमा देवी के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा।
दिनांक : 30.07.2024 **मुनीश कुमार सक्सेना**
**चैम्बर नं. 27 न्यू बिल्डिंग**
**बंगलिया सिविल कोर्ट बरेली।**
**सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेंस लि., बरेली**
**मो.नं. 9997389012**
**इनलोरमेल्ट नं.-3647/06**

**कार्यालय सम्भागीय परिवहन अधिकारी, बरेली सम्भाग, बरेली।**
पत्रांक सं.-1465/टीआर/यू.पी.-25 सीके 8111/2024 बरेली, दिनांक 20 जुलाई 2024
**प्रेस विज्ञप्ति**
श्री ज्ञानेन्द्र पाल सिंह पुत्र श्री करन सिंह, निवासी रोड न. 07, म.न. 14 ए/6, सिद्धार्थ नगर जिला बरेली के नाम पंजीकृत वाहन संख्या यूपी 25 सीके 8111 कार को वाहन के फाइनेन्सर मुख्य शाखा स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया 148 सिविल लाइन्स, बरेली द्वारा वाहन की किस्ते अदा न हो पाने के कारण अपने कब्जे में ली गयी है तथा कम्पनी के कब्जे (गैराज) में है, फाइनेन्सर द्वारा उक्त वाहन के सम्बन्ध में नियम 61 (2) के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने का आवेदन किया गया है। वाहन स्वामी को इस कार्यालय के पत्रांक 979 दिनांक 17.05.2024, पत्रांक 1266 दिनांक 24.06.2024 एवं पत्रांक 1367 दिनांक 06.07.2024 द्वारा सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु पत्र पंजीकृत डाक से प्रेषित किये गये किन्तु न तो वाहन स्वामी द्वारा कोई उत्तर दिया गया और न ही वह स्वयं इस कार्यालय में उपस्थित हुए है। अतः उक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से वाहन स्वामी को एक अंतिम अवसर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु प्रदान किया जाता है। यदि अब भी वाहन स्वामी अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करता है तो फाइनेन्सर के पक्ष में निर्णय लिया जा सकता है।
**सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, (प्रशासन) बरेली।**

**कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, जिला पीलीभीत**
पत्रांकः मैमो/न.पं.गु.भि./2024-25 दिनांकः 05.08.2024
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक स्थानीय निकाय, गोमती नगर विस्तार-7 लखनऊ कार्यालय के पत्रांक- 4/3061/स्व.शौ./22-23 लखनऊ, दिनांक 26.02.2024 के क्रम में मा. उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका संख्या 324 ऑफ 2020 डॉ. बलराम सिंह बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक 20.10.2023 के अनुपालन में प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में मैनुअल स्केवेंजरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण नगर पंचायत गुलडिया भिंडारा (मझोला) सीमांतर्गत समस्त 10 वार्डो में किया जा रहा है। अतः कोई भी सर्वसाधारण दिनांक 10.08.2024 तक कार्यालय नगर पंचायत गुलडिया भिंडारा (मझोला) में उपस्थित होकर अस्वच्छ शौचालय तथा मैनुअल स्केवेंजरों की सूचना दे सकता है। जिससे इनका नियमानुसार सर्वेक्षण / चिन्हींकरण का कार्य पूर्ण किया जा सके।
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा,**
**जिला पीलीभीत**

काव्यशास्त्रविनोदेन कालो गच्छति धीमतां।
व्यसनेन च मूर्खाणां निद्रया कलहेन वा॥

बुद्धिमान लोग काव्य-शास्त्र का अध्ययन करने में अपना समय व्यतीत करते हैं। जबकि मूर्ख लोग निद्रा, कलह और बुरी आदतों में अपना समय बिताते हैं।

## संपादकीय

# बांग्लादेश में संकट

बांग्लादेश में कोटा (आरक्षण) को लेकर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच सोमवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा। सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान ने कहा कि अब सेना अंतरिम सरकार बनाएगी। ढाका में हालात बेकाबू हैं। करीब चार लाख लोग कर्फ्यू तोड़कर सड़कों पर हैं। अवामी लीग का मुख्यालय जला दिया गया। बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी हिंसक आंदोलन गत जून माह से जारी है। अशांति में 300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिससे यह बांग्लादेश के इतिहास में नागरिक अशांति का सबसे घातक दौर बन गया है। रविवार को देश भर में हुई हिंसक झड़पों में करीब 100 लोग मारे गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हसीना को सेना प्रमुख की ओर से 45 मिनट का अल्टीमेटम दिए जाने के बाद जबरन निर्वासित कर दिया गया। बांग्लादेश में राजनीतिक संकट के बाद असम, बंगाल और पूर्वोत्तर की सीमाओं पर संकट गहराया है। सरकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारियों ने कहा कि बीएसएफ ने पड़ोसी देश में घटनाक्रम के मद्देनजर सोमवार को 4,096 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर अपनी सभी संरचनाओं में हाई अलर्ट जारी किया। बीएसएफ देश के पूर्वी हिस्से पर भारतीय मोर्चे की रक्षा करता है, जो पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मेघालय, असम और मिजोरम से होकर गुजरता है।

गौरतलब है कि शेख हसीना ने बांग्लादेश अवामी लीग (एएल) के संसदीय चुनावों में बड़ी जीत हासिल करने के बाद इस वर्ष जनवरी में देश की प्रधानमंत्री के रूप में लगातार चौथी बार कार्यकाल संभाला था। आरक्षण विरोधी आंदोलन ने सत्तारूढ़ अवामी लीग को हिलाकर रख दिया था। हालात ऐसे बने कि सोमवार को सेना सड़कों पर तैनात थी लेकिन वह आंदोलनकारियों को रोक नहीं रही थी। इसका मतलब है कि शेख हसीना की सरकार को सेना का समर्थन हासिल नहीं था। साफ है कि बांग्लादेश में हिंसक आंदोलन से सैनिक शासन का रास्ता बना। बांग्लादेश में सैनिक शासन का होना भारत के लिए चिंता की बात है। हालांकि बांग्लादेश सेना प्रमुख ने कहा है वे देश के लिए समाधान ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं, हमें कुछ समय दीजिए। वहां हुए बदलाव के निहितार्थ को समझकर भारत को वहां के नए सत्ताधारियों के साथ भी संपर्क कायम करना होगा, क्योंकि हमें अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करनी है।

# भारतीय पुलिस की दशा 'व्हिपिंग ब्वाय' जैसी



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

इसी प्रकार वर्ष 2004 में लखनऊ में उच्च न्यायाल्य के सामने एक वकील की गाड़ी सेना के एक ट्रक से टकरा गई,तो वकीलों का हुजूम उस ट्रक के ड्राइवर पर पिल पड़ा। इस पर एक पुलिस के दरोगा ने बीच में पड़कर उस मिलिट्री वाले को बचाने का प्रयत्न किया और कानूनी कार्यवाही हेतु दोनों पार्टियों से थाने में रिपोर्ट लिखाने को कहा।

भारतीय पुलिस की दशा एक 'व्हिपिंग ब्वाय' जैसी है। अंतर केवल इतना है कि 'व्हिपिंग ब्वाय' का अर्थ चुपचाप पिटने वाले लड़के से लगाया जाता है, पर हमारी पुलिस जहां एक ओर राजनैतिक नेताओं, उनकी संतानों,उनके चमचों व प्रशासन, पुलिस, न्यायपालिका के अधिकारियों व उच्च कनेक्शंस वाले अपराधियों, माफियाओं और छात्र, वकील, व्यापारी और धार्मिक समूहों के द्वारा अपमानित किए जाने,अनुचित रूप से दंडित किए जाने तथा अन्य प्रकार से प्रताड़ित किए जाने पर चुपचाप सहते रहने को बाध्य है,वहीं दूसरी ओर वह निर्धन, निर्बल और सामर्थ्यहीन से दुर्व्यहार करने और उन्हें प्रताड़ित करने को स्वतंत्र है। अनेक नेता, पुलिस, प्रशासन और न्याय विभाग के उच्चाधिकारी जहां-तहां पुलिसजन की वर्दी उतरवाने की उसे धमकी देने लगते हैं, अनुशासनहीन छात्र उन्हें 'मामा' कहकर चिढ़ाते हैं और उपद्रवी प्रकृति के धार्मिक व्यक्ति, वकील, मजदूर आदि के समूह प्रायः पुलिस पर टूट पड़ते हैं। अतः अनुशासन के नियमों में बंधी पुलिस शक्तिशाली से अक्सर प्रताड़ना प्राप्त करती है और उससे उपजे फ्रस्ट्रेशन में शक्तिहीन को ब्याज सहित प्रताड़ना देती है। इस कारण पुलिस अन्य विभागों से अधिक बदनाम है। आप किसी भी पुलिस अधीक्षक के कार्यालय के रिकार्ड्स का अचानक अवलोकन करें, आप को निश्चित रूप से दर्जनों पुलिसजन सस्पेंडेड (निलंबित) मिलेंगे, जबकि अन्य किसी विभाग में एक दो निलंबन भी बड़ी बात समझे जाते हैं।

अन्य विभागों की अपेक्षा ढेर सारे पुलिसजनों के निलंबित पाए जाने का मुख्य कारण यह है कि केवल पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों में ही अपने अधीनस्थों को सस्पेंड करने का साहस बचा है,अन्य विभागों के अधिकारी या तो अपने अधीनस्थों से मिलीभगत रखने के कारण अथवा उनके द्वारा घेराव, मारपीट, फंसाए जाने आदि के भय के कारण उन्हें सस्पेंड करने का जोखिम कम ही उठाते हैं। पुलिसजनों के सस्पेंशन का एक और मजेदार कारण है जिसे कम ही लोग जानते हैं। वह यह है कि अनेक अवसरों पर पुलिसजनों का सस्पेंशन शासकों के द्वारा शक्तिशाली व्यक्तियों का क्रोध शांत करने अथवा उनका मान रखने हेतु किया जाता है। वर्ष 1995 में इलाहाबाद

बहरहाल यह बात 'बियोंड ऐनी शेडो ऑफ डाउट' निश्चित है कि शासन चाहे किसी का हो, राजनैतिक, प्रशासनिक अथवा आर्थिक लाभ उठाने के लिए कुछ पुलिस वालों को सदैव बिना किसी दोष के सस्पेंड किया ही जाता रहेगा।

उच्च न्यायालय के वकीलों ने उग्र हड़ताल की थी और मुख्य न्यायाधीश की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय कक्ष में घुसकर तोड़-फोड़ कर दी थी। मीडिया ने खबर फैला दी कि मुख्य न्यायाधीश महोदय इतने नाराज हो गए हैं कि राष्ट्रपति को प्रदेश शासन को बरखास्त करने को लिखने जा रहे हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री महोदय को अपनी कुर्सी हिलती लगी,तो उन्होंने मुख्य न्यायाधीश महोदय को शांत करने के उद्देश्य से आईजी जोन इलाहाबाद को निलंबित कर दिया था। तोड़-फोड़ करने वाले वकीलों के विरुद्ध कार्यवाही की फिक्र न तो शासन को थी और न माननीय उच्च न्यायालय के प्रशासन को।

इसी प्रकार वर्ष 2004 में लखनऊ में उच्च न्यायाल्य के सामने एक वकील की गाड़ी सेना के एक ट्रक से टकरा गई,तो वकीलों का हुजूम उस ट्रक के ड्राइवर पर पिल पड़ा। इस पर एक पुलिस के दरोगा ने बीच में पड़कर उस मिलिट्री वाले को बचाने का प्रयत्न किया और कानूनी कार्यवाही हेतु दोनों पार्टियों से थाने में रिपोर्ट लिखाने को कहा। उसका यह कहना वकील साहबानों को इतना नागवार गुजरा कि उस दरोगा पर ही पिल पड़े और फिर उसकी रक्षा हेतु आए पुलिस उपाधीक्षक और सिटी मजिस्ट्रेट पर भी हमला किया। फिर वकीलों द्वारा अन्य पुलिसजनों पर ईंट-पत्थर, लाठी-भाला और आग-बंदूक से हमला किया गया और अपना कोप अनेक सरकारी और गैर-सरकारी कारों, बसों आदि को अग्नि में स्वाहा कर शांत किया गया। इन सब 'वकीलोचित' कार्यवाहियों के साथ-साथ पुलिसजनों के निलंबन और बंदीकरण हेतु धरने दिए गए और हड़ताल कर जुलूस निकाले गए। अब ऐसे में अगर मुख्यमंत्री महोदय ने वकीलों को खुश करने के लिए पहले उनके द्वारा पीटे गए दरोगा को निलंबित कर उसके विरुद्ध मुकदमा कायम करा दिया और बाद में पुलिस के डीआईजी समेत तमाम अधिकारियों को दंडित करने और वकीलों द्वारा की गई तोड़-फोड़ और मारपीट के संबंध में उनके विरुद्ध कायम हर मुकदमें को वापस ले लेने का आश्वासन दे दिया।

अंग्रेजों के जमाने में पुलिस का उपयोग स्वतंत्रता के आंदोलन को बलपूर्वक दबाने हेतु होता था। अतः जब भारत स्वतंत्र हुआ, तब भी जनसाधारण में पुलिस सहयोगी के रूप में न देखी जाकर जनविरोधी के रूप में देखी गई और उसकी भय पैदा करने वाली छवि के कारण उसके विरुद्ध सच्ची अथवा काल्पनिक शिकायतों का अंबार लगने लगा। उच्चाधिकारियों की कम संख्या के कारण सभी शिकायतों पर भलीभांति जांच संभव नहीं थी। अतः नेताओं के माध्यम से कराई गईं शिकायतों पर अधिक ध्यान दिए जाने के शासकीय आदेश निर्गत हुए। स्थिति यह है कि अनेक प्रकरणों में वे नेता जो किसी पुलिस कर्मचारी को निलंबित या स्थानांतरित कराने के लिए हिंसात्मक आंदोलन तक कर देते हैं, वे ही स्थानांतरण या निलंबन हो जाने के कुछ दिन बाद उसी पुलिस कर्मचारी को किसी प्रकार के दंड से बचाने में एड़ी-चोटी का जोर लगाते देखे गए हैं। जनसाधारण में शिकायत की वास्तविकता अथवा उसके कारणों को जानने की न तो ललक रहती है और न धैर्य। व्यक्ति के रूप में वे प्रायः सत्य की अपेक्षा स्वार्थ को अधिक महत्व देते हैं और समूह का अंग होने पर भावनात्मक आवेग मे बह जाते हैं। छात्रों, मज़दूरों, वकीलों आदि के समूह अथवा धार्मिक समूह स्वयं हिंसात्मक कार्यवाही करते हैं और पुलिस द्वारा रोकथाम करने पर छात्र एकता, मजदूर एकता जैसे नारे लगाकर अथवा धार्मिक जुनून फैलाकर पुलिस के विरुद्ध प्रतिशोधात्मक कार्यवाही करते हैं और राजनैतिक स्वार्थ के माहौल में उन्हीं को दंडित भी करा लेते हैं।

प्रायः देखा गया है कि सत्तादल का नेता अपने द्वारा की गई शिकायत पर पुलिसजन के विरुद्ध अविलंब निलंबन अथवा स्थानांतरण की कार्यवाही न होने पर समझता है कि जिस व्यक्ति के कहने पर उसने शिकायत की है,उसके समक्ष उसकी हेठी हो रही है और स्थानांतरण/ निलंबन को अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लेता है। मंत्रीगण अपनी कुर्सी को हिलने से बचाने के निहित उद्देश्य से नेता की 'प्रतिष्ठा' कायम रखते हुए पुलिसजन के स्थानांतरण/ निलंबन का आदेश कर देते हैं। पुलिसजन का स्थानांतरण/निलंबन नेता की 'प्रतिष्ठा' का प्रश्न कई अन्य कारणों से भी बनता देखा गया है जैसे, पुलिसजन द्वारा नेता के यहां हाजिरी न बजाना, नेता को पुलिस की गाड़ी का दुरुपयोग न करने देना, नेता द्वारा चलाई जाने वाली अवैध गाड़ियों, अफीम चरस की दुकानों अथवा अन्य प्रकार के अवैध व्यापार मे दखलंदाजी करना,नेता द्वारा कराई जाने वाली बूथ कैप्चरिंग की रोकथाम करना अथवा नेता द्वारा मांगी रकम पहुंचाने में कोताही करना। इन कारणों से पुलिसजन अपने उच्चाधिकारियों के प्रति तथा सन्मार्ग पर चलने की सीख के प्रति अनास्था से ग्रस्त हो जाते हैं। वे सोचते हैं कि जब अंत में असत्य का ही वर्चस्व रहना है तो स्वयं सत्यनिष्ठ बनकर रहने से क्या लाभ? एक ऐसी सम्राज्ञी भी शासन कर चुकी हैं,जिनको तब तक नींद ही नहीं आती थी जब तक वह अगले दिन सस्पेंड किए जाने वाले पुलिस अधिकारियों की सूची अपने मन में नहीं बना लेतीं थीं। जानकारों का कहना है कि इस सूची में कुछ तो उन पुलिस अधिकारियों के नाम होते थे,जिनका कमाऊ स्थान पर अपनी नियुक्ति बनाए रखने हेतु निर्धारित माहवारी योगदान देने में देर हो रही होती थी और कुछ वे लोग होते थे,जिन्हें सजातीय वोटरों को प्रभावित करने हेतु सस्पेंड करना आवश्यक होता था।

बहरहाल यह बात 'बियोंड ऐनी शेडो ऑफ डाउट' निश्चित है कि शासन चाहे किसी का हो, राजनैतिक, प्रशासनिक अथवा आर्थिक लाभ उठाने के लिए कुछ पुलिस वालों को सदैव बिना किसी दोष के सस्पेंड किया ही जाता रहेगा। ऐसी स्थिति में मेरा सुझाव है कि सभी पुलिसजनों को निलंबन मुआवजा दिए जाने का शासनादेश निर्गत कर दिया जाए। तब पुलिस वालों को कम से कम इतना संतोष तो रहेगा कि निलंबित हुए सो हुए,निलंबन मुआवजा तो मिला। अंग्रेजी की वह कहावत भी चरितार्थ हो जाएगी 'व्हेन रेप इज इनएवीटेबिल व्हाई नॉट टु एंज्वाय इट?'

## प्रसंगवश

# आंतरिककरण पर विचार करें

हमारे सामाजिक और बौद्धिक जीवन में एक प्रॉसेस चलता रहता है,जिसे आंतरिककरण (इंटर्नलाइजेशन) कहते हैं। किसी समय पर जो बातें हमारी परिधि से बाहर रहती हैं,उन्हें हम अपनी परिधि का विस्तार करके अंदर कर लेते हैं। यह भाषा में होता है,सामाजिक रीति रिवाजों में होता है,अध्ययन के फील्ड में होता है, इत्यादि। यह प्रक्रिया संस्कृत भाषा में हुई है,हिंदी में हुई है,अंग्रेजी में हुई है।

संस्कृत मुख्यतः विश्वविद्यालयों की भाषा थी। वहां दूर-दूर से विद्यार्थी आते थे,जिनकी घरेलू भाषाएं अलग-अलग थीं। उनके शब्दों को संस्कृत ने इंटर्नलाइज किया। इससे संस्कृत की शब्दावली बहुत विशाल हुई। इसके अलावा, संस्कृत में प्रचुर शोधग्रंथ भी लिखे गए, किताबें लिखी गईं। इससे संस्कृत का कलेवर बढ़ता गया। इस भाषा को मजबूत और संगठित करने वालों में पाणिनि भी थे और वैयाकरण भी थे।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

संस्कृत में इंटर्नलाइजेशन की प्रक्रिया बड़े पैमाने पर हुई,लेकिन ऐसा नहीं है कि संस्कृत में अपवाद के उदाहरण नहीं हैं। हां, इंटर्नलाइजेशन ने उनकी संख्या नगण्य कर दी है।

एंथ्रोपोलॉजी से जूलोजी तक के विषयों पर लाखों किताबें हैं अंग्रेजी में। अंग्रेजी में टेक्नोलॉजी की लाखों किताबें हैं। हजारों वैज्ञानिक जर्नल्स छप रहे हैं, जो अंग्रेजी वाङ्मय को धनी बना रहे हैं।

हम भारतीय,खासकर हिंदीभाषी भारतीय, अक्सर अंग्रेजी का मजाक उड़ाया करते हैं और संस्कृत तथा हिंदी को अनावश्यक महिमा मंडित करते हैं। हम भूल जाते हैं कि अंग्रेजी का वाङ्मय संस्कृत या हिंदी से छोटा नहीं, बड़ा है।

एंथ्रोपोलॉजी से जूलोजी तक के विषयों पर लाखों किताबें हैं अंग्रेजी में। अंग्रेजी में टेक्नोलॉजी की लाखों किताबें हैं। हजारों वैज्ञानिक जर्नल्स छप रहे हैं,जो अंग्रेजी वाङ्मय को धनी बना रहे हैं। संस्कृत या हिंदी कहीं नहीं टिकती हैं अंग्रेजी के सामने। हम इस स्थिति को पसंद करें या न करें,लेकिन हो यही रहा है। हम मिथ्यागौरव से मुक्त होकर विचार करें तो सही करेंगे।

# कोटे के अंदर कोटे का सुप्रीम निर्णय

सुप्रीम कोर्ट की 7 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने एक अहम फैसले में यह साफ कर दिया है कि राज्यों को आरक्षण व्यवस्था में कोटे के भीतर भी कोटा बनाने का अधिकार है। यानी राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग में भी आरक्षण के लिए अलग-अलग श्रेणियां बना सकती हैं। यह अधिकार अभी तक राष्ट्रपति के पास ही सुरक्षित था। संसद में ही प्रस्ताव पारित कर, किसी भी जाति को, आरक्षण के दायरे में लाया जा सकता था अथवा जाति को आरक्षण से बाहर भी किया जा सकता था।

इस फैसले के बाद इन वर्गों में हाशिए पर पड़ी जातियों को आरक्षण का फायदा मिलने की उम्मीद है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि यह बात भी लगातार उठाई जा रही थी कि समुचित अवसर नहीं मिलने के कारण आरक्षित अजा-अजजा वर्ग में भी ऐसी कई जातियां हैं,जो सामाजिक और आर्थिक तौर पर पिछड़ेपन से उबर नहीं पा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय पर राजनीतिक दल,सामाजिक कार्यकर्ता और अन्य समूह दो भागों में बंटते दिखाई दे रहे हैं। राजनीतिक दल अपने नफे नुकसान के हिसाब से इस फैसले पर बयानबाजी कर रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस जैसे बड़े दलों ने इस मुद्दे पर लगभग चुप्पी साध रखी है। राजनीतिक चश्मे से इतर देखें तो संविधान पीठ का फैसला सामाजिक न्याय के लिए 'मील का पत्थर' साबित हो सकता है।

वर्तमान में दलित और आदिवासियों को शिक्षा और नौकरियों में क्रमशः 15 फीसदी और 7.5 फीसदी आरक्षण हासिल है। संविधान पीठ के दो कथन महत्वपूर्ण हैं। एक,एससी-एसटी के कोटे में कुछ जातियों का उप-वर्गीकरण करने से संविधान के अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 341 का उल्लंघन नहीं होता। समानता का



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

वर्तमान में दलित और आदिवासियों को शिक्षा और नौकरियों में क्रमश: 15 फीसदी और 7.5 फीसदी आरक्षण हासिल है। संविधान पीठ के दो कथन महत्वपूर्ण हैं।

सिद्धांत यथावत रहेगा। दूसरे,आरक्षण एक पीढ़ी तक सीमित कर देना चाहिए। यदि पहली पीढ़ी आरक्षण का लाभ लेकर उच्च स्थिति तक पहुंच गई है तो दूसरी पीढ़ी को आरक्षण का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। जस्टिस बीआर गवई ने एससी-एसटी पर भी, ओबीसी की तरह, 'क्रीमीलेयर' लागू करने की बात कही है। यह विवादास्पद मुद्दा बन सकता है। आरक्षण के आधार पर,जो दशकों से राजनीति करते आ रहे हैं अथवा आरक्षण के कारण ही राजस्थान की एक खास जाति में पीढ़ी-दर-पीढ़ी आईएएस अफसर बनते रहे हैं, वे अपने हिस्से को बंटने क्यों देंगे?

अनुसूचित जाति समूह के भीतर जातियों को आरक्षण के लाभ से वंचित करने का इतिहास दशकों पुराना है। 1 अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने अपना ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले से वर्ष 2004 के 'ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र' वाले मामले में दिए गए अपने फैसले का फैसले को पलट दिया है,जिसमें कहा गया था कि राज्य सरकारें आरक्षण के लिए अनुसूचित जातियों व जनजातियों की सब-कैटेगरी नहीं बना सकतीं। सुप्रीम कोर्ट ने अब कहा है कि राज्यों को सब-कैटेगरी देने से पहले एससी और एसटी श्रेणियों के बीच क्रीमीलेयर की पहचान करने के लिए एक पॉलिसी बनानी चाहिए। बेहतर होता कि क्रीमीलेयर पर भी न्यायिक फैसला सुनाया जाता। मंडल आयोग के बाद यह दूसरा ऐतिहासिक फैसला है। 'मील का पत्थर' तभी साबित हो सकता है,जब क्रीमीलेयर वाला फैसला लागू किया जाएगा।

जाहिर है कि फैसले को धरातल पर लागू कराने के लिए राज्यों को काफी काम करने की जरूरत है। एससी-एसटी की गणना उपलब्ध है, लिहाजा जातीय जनगणना अनिवार्य नहीं है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही कह दिया है कि सब-कैटेगरी का आधार उचित होना चाहिए। राज्य अपनी मर्जी से या राजनीतिक आधार पर सब-कैटेगरी तय नहीं कर सकें इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक सुरक्षा का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखा है।

इस फैसले के बाद पर्याप्त संभावना है कि एससी-एसटी अब एक समूह नहीं रह जाएगा। उनके भीतर ही अलग-अलग वर्ग खड़े हो जाएंगे और फिर उनसे जुड़ी नई राजनीति उबलने लगेगी। संविधान निर्माता बाबा अंबेडकर के पौत्र प्रकाश अंबेडकर ने संविधान पीठ के फैसले की आलोचना की है और इसे 'सामाजिक पूर्वाग्रह' करार दिया है। उनकी आशंका है कि दलितों का कोटा कम होने लगेगा। केंद्र सरकार में ही एनडीए की सहयोगी लोजपा (रामविलास) ने फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है, ताकि एससी-एसटी वर्ग में भेदभाव न हो और वे कमजोर न पड़ें। चूंकि इसे राज्य लागू कर सकेंगे, अतएव यह प्रश्न प्रासंगिक है कि कब तक यह निर्णय लागू किया जा सकेगा।

## सोशल फोरम

# ऐसा होता है प्रेम

बहुधा प्रेम को स्त्री-पुरुष के बीच के दैहिक आकर्षण का पर्याय मान लिया जाता है। प्रेम में दैहिक आकर्षण की भूमिका होती है,लेकिन हर दैहिक आकर्षण प्रेम नहीं होता है। आकर्षण की उम्र छोटी होती है। यौन आवेग उतर जाने के बाद यह लुप्त होने लगता है।

इस आकर्षण से अहंकार का उपनिवेश निर्मित होता है। आपको जो आकर्षित करता है, आप चाहते हैं कि वह सदा आपकी संपत्ति बनकर आपके साथ रहे। आपकी आकांक्षा के अनुरूप चले। आपके अहंकार को सहलाता रहे और आपको विशिष्ट होने का गौरव दे। इच्छाएं पूरी न होने पर यह आकर्षण हिंसा का रूप भी धर सकता है। इसके विपरीत प्रेम दो अलग व्यक्तित्वों के मिलने से उपजी एक आंतरिक खुशबू है,जो उनके बिछड़ जाने के बाद भी उनके व्यक्तित्व में सदा के लिए बची रह जाती है।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

प्रेम बेड़ियां नहीं,मुक्ति देता है। वह एकाधिकार नहीं मांगता। जिस किसी ने आपको दो घड़ी,दो दिन भी प्रेम के अनुभव दिए तो आप सदा के लिए उसके कृतज्ञ हो जाते हैं। प्रेम की सफलता पा लेने में नहीं, फासलों और अतृप्तियों में है। दांपत्य में नहीं,उन नाजुक और बेशकीमती संवेदनाओं में है,जिन्हें आपके व्यक्तित्व में भरकर आपके महबूब ने आपको अनमोल कर दिया। प्रेम हमारा स्वभाव है। प्रेम को कुरेदकर जगाने में सबसे बड़ी भूमिका हमारे जीवन में विपरीत सेक्स की होती है। एक पुरुष का स्त्री से या स्त्री का पुरुष से प्रेम स्वाभाविक है,लेकिन यह प्रेम के उत्कर्ष तक पहुंचने का रास्ता भर है,मंजिल नहीं। एक बार प्रेम में पड़ जाने के बाद प्रेम व्यक्ति केंद्रित नहीं रह जाता। वह हमारी मनः स्थिति बन जाता है।

एक बार आप प्रेम में हैं तो आप हमेशा के लिए प्रेम में हैं। आप एक के प्रेम में पड़े तो आप सबके प्रेम में पड़ जाते हैं। समूची मानवता के प्रेम में। सृष्टि के तमाम जीव-जंतुओं के प्रेम में। समूची प्रकृति के प्रेम में। अवनि से अंबर तक आपको प्रेम ही नजर आएगा। सोचकर देखिए कि आप सचमुच प्रेम में हैं कि प्रेम के नाम पर अपने अहंकार के उपनिवेश निर्मित करना चाहते हैं?

**-फेसबुक वॉल से**

# धर्म को आवश्यक मानते थे विवेकानंद

रामधारी सिंह दिनकर के अनुसार विवेकानंद के विदेश जाने के स्पष्ट उद्देश्य थे : पहला, भारतवासियों के इस अंधविश्वास को दूर करना कि समुद्र पार नहीं करना है, दूसरा, भारत पश्चिम को क्या दे सकता है,इसे देखना-समझना और तीसरा, चूंकि सभी धर्म मूलतः एक हैं,इसलिए धार्मिक एकता की बात करना। विवेकानंद के अनुसार,"विश्व के दूसरे देशों से हमारा अलगाव ही हम लोगों के पतन का कारण बना।" शिकागो सम्मेलन से उत्साहित होकर स्वामीजी अमेरिका और इंग्लैण्ड में तीन साल रह गए और इस अवधि में उन्होंने हिन्दू धर्म के सार को सारे यूरोप में फैलाया। जब भारतवासियों ने यह सुना कि सारा पश्चिम जगत स्वामी जी के मुख से हिन्दुत्व का आख्यान सुनकर गद्गद हो रहा है,तब हिन्दू भी अपने धर्म और संस्कृति के गौरव का अनुभव तीव्रता से करने लगे।

अमेरिका की जीवनी शक्ति, वहां की स्वच्छता, वहां की सौंदर्य भावना और वहां के वैज्ञानिक साधनों का उपयोग, ये बातें स्वामीजी को बहुत पसंद आईं थीं,किंतु यूरोप और अमेरिका में जो जातीय अहंकार है,स्वार्थ साधन और विलासिता के लिए जो पारस्परिक होड़ हैं, धर्म और संस्कृति के मामले में वहां जो भयानक असहिष्णुता है,गरीबों के आर्थिक शोषण का जो विकराल भाव तथा राजनैतिक चालबाजियां और हिंसा के जो उद्वेग हैं,उन्हें स्वामीजी यूरोपीय सभ्यता के पाप कहते थे और पश्चिमी देशों के श्रोताओं के सामने वे इनका खुलकर उल्लेख करते थे। यह भी ध्यान देने की बात है कि स्वामी जी ने बौद्धों और जैनियों की अहिंसा की कभी खुलकर प्रशंसा नहीं की। इतना ही नहीं अपने अमेरिकी प्रवास के दौरान किसी भी



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

स्वामीजी ने पश्चिम के निवासियों को संयम और त्याग की शिक्षा दी, किंतु भारत में दरिद्रता का साम्राज्य था, अतएव भारतवासियों में उन्होंने कर्म की भावना को आंदोलित करने की, उनको प्रवृत्ति के कर्म-मार्ग पर आरूढ़ करने का प्रयास किया।

प्रकार के भोजन से उन्हें परहेज नहीं था। उन्हें अंधविश्वासों से नफरत थी और उन्होंने बल देकर कहा कि "मैं चाहूंगा कि तुम में से अधिकांश अंधविश्वासी मूर्ख बनने के बजाए नास्तिक बन जाओ, क्योंकि नास्तिक जीवंत होता है और तुम उससे कुछ निर्माण कर सकते हो। हम अपने बारे में ही सोचें कि पिछले छह-सात सौ वर्षों में हमने क्या किया है? उनके अनुसार हमने तमाम निरर्थक बातें की हैं-इस गिलास को दाएं हाथ से लें या बाएं हाथ से? हम अपने हाथ दो बार धोएं या तीन बार?

स्वामी विवेकानंद ने भारतीयों को बहुत ललकारा,बहुत उकसाया और एक बात वह बार-बार कहते रहे "निर्भीक और मजबूत बनो।" उन्होंने कमजोर लोगों को पूजा करने के बजाए फुटबाल खेलने की बात कही। स्वामी जी के अनुसार, "मैं इस दृष्टि से समाजवादी हूं कि रोटी न मिलने की तुलना में आधी-आधी रोटी सबको मिले"। व्यक्ति और समाज, दोनों की रक्षा और शांति के लिए स्वामीजी धर्म को आवश्यक मानते थे। अतएव यूरोप को धर्म से विमुख होते देखकर उन्हें चिंता हुई। स्वामी जी के अनुसार "धर्म मनुष्य के भीतर निहित देवत्व का विकास है।" "धर्म जीवन का अत्यंत स्वाभाविक तत्व है। पूर्णता, ज्ञान और आनंद की खोज जीवन के उच्च स्तर पर की जानी चाहिए। जीवन का स्तर जहां हीन है,इन्द्रियों का आनंद वहीं अत्यंत प्रखर होता है। कुत्तों और भेड़ियों का सारा आनंद उनकी इन्द्रियों में केन्द्रित होता है। यूरोप और अमेरिका के निवासियों पर स्वामीजी ने यह प्रभाव डालना चाहा कि व्यक्ति अथवा समूह के जीवन की सफलता उसकी आधिभौतिक समृद्धि अथवा बौद्धिक उपलब्धियों पर निर्भर नहीं, उसकी आध्यात्मिक उन्नति पर निर्भर करती है। अतएव मनुष्य को चाहिए कि पहले वह पवित्रता, भक्ति, विनयशीलता, सच्चाई, निःस्वार्थता और प्रेम का विकास करे तथा बाद को अन्य गुणों का।

स्वामीजी ने पश्चिम के निवासियों को संयम और त्याग की शिक्षा दी, किंतु भारत में दरिद्रता का साम्राज्य था, अतएव भारतवासियों में उन्होंने कर्म की भावना को आंदोलित करने की, उनको प्रवृत्ति के कर्म-मार्ग पर आरूढ़ करने का प्रयास किया। भारतवर्ष को वे संन्यासियों का देश बनाना नहीं चाहते थे,न उनका यही उद्देश्य था कि यहां के लोग धर्म की साधना करते हुए निर्धनता और गुलामी का दंश सहें। अपने एक शिष्य द्वारा यह पूछे जाने पर कि संन्यासियों को मांस-मछली खानी चाहिए या नहीं, स्वामीजी ने कहा, "हां, निंदा का भय माने बिना मांस-मछली तुम जी भर खा सकते हो। शाक-पात खाकर जीने वाले आमाशय के रोगी साधुओं से सारा देश भर गया है।

# 'ना' कहने की स्वाधीनता

एक छोटा-सा शब्द है 'ना',पर जब यह किसी अन्याय या दमन के समय कहा जाता है,एक असाधारण शब्द हो जाता है। किसी समाज में 'नहीं' कहने की स्वाधीनता उस समाज की जीवंतता का चिह्न है,हालांकि यह शब्द अकसर नीरवता के अंधेरे में रहता है। किसी भी शिक्षालय में 'नहीं' कहने की शिक्षा नहीं दी जाती। इसे नकारात्मकता का चिह्न माना जाता है। इसलिए आदमी प्रायोजित अज्ञानता को अपनी अज्ञानता बना लेता है और जो असह्य होना चाहिए उसे सहता है।

देखा जाता है कि अन्याय होता देखकर भी ज्यादातर लोग स्वभाववश चुप रहते हैं। इसे कई बार भद्रता कहते हैं। कोई भय से चुप रहता है। कोई दुविधा में होने की वजह से सोचता है, जैसा चल रहा है चलने दो। कोई सुख में चुप रहता है। खासकर इन दिनों बिल्कुल सामने घटित होते हुए भी बहुतों को समझ में नहीं आता कि क्या सत्य है। एक घटना यह है कि वर्तमान दौर में उदार सामाजिक मंच कम होते जा रहे हैं और ज्यादातर लोग चुप हैं। आखिर वे कहां खड़ा होकर बोलें? धूमिल ने लिखा था, 'इंकार से भरी हुई एक चीख/ और एक समझदार चुप/ दोनों का मतलब एक है- भविष्य गढ़ने में चुप और चीख/ अपनी-अपनी जगह एक ही किस्म से/अपना फर्ज अदा करते हैं।'(मोचीराम)। इस युग में चुप्पी के पीछे 'समझदारी' से ज्यादा 'दुविधा' और 'उदासीनता' है। इसलिए कोई स्त्री सड़क पर लांछित की जा रही होती है तो लोग गोल घेरे में बस चुप देख रहे होते हैं या वीडियो बना रहे होते हैं। भीड़ से निकलकर कोई व्यक्ति नहीं कहता- 'ना'!



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

प्रह्लाद ने सबसे पहले कहा था- 'ना'! उसके पिता हिरण्यकश्यप ने विष्णु की उपासना करते देखकर उससे कहा,'मुझे सर्वशक्तिमान मानो, मैं ईश्वर हूं!' प्रह्लाद ने दृढ़ता से कहा- 'ना'! इसे पौराणिक कथारूप में ही सही,सत्याग्रह का पहला बिंब माना जाता है। हिरण्य का अर्थ है स्वर्ण। हिरण्यकश्यप था भौतिक संपदाओं का अहंकार से भरा स्वामी। प्रह्लाद का 'ना' नकारात्मक न था, उसके पीछे थी सादगी, शांति और प्रेम की कामना। इसके लिए उसे हाथियों से कुचला गया, पहाड़ से फेंका गया, पर 'नारायण' का नाम लेना उसने नहीं छोड़ा। इसी तरह जटायु की कथा है। जब रावण सीता का हरण करके ले जा रहा था,यह जानते हुए भी कि वह बलशाली है,जटायु ने अकेले प्रतिरोध किया और कहा- 'ना'। रामकथा में जटायु कम महत्वपूर्ण चरित्र नहीं है,भले उसके मंदिर नहीं बने।

## तिरंगा यात्रा: देशभक्ति के साथ कांग्रेस को घेरेगी भाजपा

**लखनऊ, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के बाद भी कांग्रेस को घेरने के लिए भाजपा दुखती रग पर हाथ रखने में पीछे नहीं है। तिरंगा यात्रा को लेकर राज्य मुख्यालय पर हुई कार्यशाला में भाजपा ने तय किया कि देश विभाजन के काले अध्याय को लेकर 14 अगस्त को मौन जुलूस, प्रदर्शनी व गोष्ठियों के जरिए बंटवारे के जिम्मेदार कांग्रेस के खिलाफ माहौल बनाएगी।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को कार्यशाला के बाद पत्रकारों को बताया कि प्रदेश में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के दिन हर घर तिरंगा के संकल्प के साथ अभियान की विस्तृत रूपरेखा तय की गई है। कहा कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर काले अध्याय को याद करते हुए लाखों की संख्या में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: योगी

## समीक्षा के दौरान कहा- विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता न बरतें अफसर

संवाददाता, गोंडा

- बाढ़ राहत कार्य में न बरती जाए लापरवाही, प्रभावितों को पर्याप्त राहत सामग्री प्रदान की जाए

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को देवीपाटन मंडल में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि अगर विकास कार्यों में लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चेताया कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता न बरतें। समय से परियोजनाओं को पूरा करें, ताकि आम जनता को उसका लाभ मिल सके। समीक्षा बैठक के बाद सीएम ने निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री सोमवार को जिले में विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से एक घंटे की देरी से पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले सर्किट हाउस पहुंचकर पार्टी के जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की और उनसे मंडल नें चल रही विकास योजनाओं की जानकारी ली। इसके बाद मुख्यमंत्री सीधे कलेक्ट्रेट सभागार पहुंच गए। यहां पार्टी के सांसद,जिला पंचायत अध्यक्ष व मंडल के सभी विधायकों की मौजूदगी में विकास कार्यों की समीक्षा शुरू की। समीक्षा में गोंडा जिले के अधिकारी मौजूद रहे, जबकि बलरामपुर, बहराइच व श्रावस्ती के अधिकारी विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े। मुख्यमंत्री ने सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा समेत सभी योजनाओं पर गहनता से चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को जन कल्याणकारी योजनाएं का लाभ मिले, इसके लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने में लापरवाही न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडल के तीन जिले बलरामपुर, बहराइच व श्रावस्ती आकांक्षी जिले हैं। इसमें संचालित होने वाली सभी योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू किया जाए।


गोंडा में नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्यमंत्री।

### सड़कें खराब मिलीं तो अफसरों की जेब से होगी वसूली

गोंडा, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोंडा में विकास योजनाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि आज के बाद कहीं सड़क खराब मिली तो अधिकारियों की जेब से पैसे की वसूली की जाएगी। दरअसल, समीक्षा के दौरान विधायकों ने मुख्यमंत्री को बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जो पाइप बिछाई जा रही है, उससे सड़के क्षतिग्रस्त हो रही हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने जल निगम के अधिशासी अभियंता को कड़ी फटकार लगाते हुए सड़कों को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। विकास योजनाओं के संचालन और कानून व्यवस्था की स्थिति जांचने के लिए सोमवार को गोंडा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने देवीपाटन मंडल के चारों जिलों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विधायकों ने बदहाल बिजली आपूर्ति का मुद्दा उठाया तो सीएम ने अधीक्षण अभियंता को फटकार लगाते हुए आपूर्ति सुधार के निर्देश दिए।

## जल्द घोषित होंगी बिजली की नई दरें

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में वर्ष 2024-25 के लिए नई बिजली दरें शीघ्र घोषित होंगी। बिजली दरों के निर्धारण के लिए राज्य विद्युत नियामक आयोग ने सोमवार को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत सहायक बिजली कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें उपभोक्ता प्रतिनिधि भी शामिल हुए। शासन की ओर से अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण के अलावा पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, सचिव नगर विकास अजय कुमार शुक्ला, मध्यांचल निगम के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत, निदेशक नेडा अनुपम शुक्ला आदि अधिकारी शामिल हुए, जबकि उपभोक्ता प्रतिनिधि की ओर से उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा मौजूद रहे। बैठक में बिजली कंपनियों की ओर से वार्षिक राजस्व आवश्यकता वर्ष 2024-25 को लेकर प्रस्तुतीकरण किया गया।

## सार-संक्षेप

### एसडीम मुरादाबाद को हाईकोर्ट ने किया तलब

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अवमानना के एक मामले को गंभीरता से लेते हुए उपमंडल मजिस्ट्रेट, बिलारी, मुरादाबाद को व्यक्तिगत रूप से 7 अगस्त को कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि वर्तमान क्रमिक स्थानांतरण के मामले में उप मंडल मजिस्ट्रेट के साथ अन्य अधिकारी विभागीय पक्षपात कर रहे हैं। प्रतिशोध और पक्षपात के इस नए पहलू पर कोई भी आदेश पारित करने से पहले न्याय के हित में एसडीएम को व्यक्तिगत रूप से सुनना वांछनीय है। उक्त तल्ख टिप्पणी न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने तेहर सिंह की याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट द्वारा पूर्व पारित आदेश की अवहेलना पर उप मंडल मजिस्ट्रेट, बिलारी के लापरवाह रवैये पर की। दरअसल, याची ने वर्तमान मामला दुर्भावनापूर्ण और क्रमिक स्थानांतरण को लेकर दर्ज किया है। वर्ष 2022 में कोर्ट ने त्वरित और लगातार स्थानांतरण को दुर्भावनापूर्ण मानते हुए याची के स्थानांतरण आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी।

### पार्क में मंदिर निर्माण पर मुरादाबाद डीएम का हलफनामा

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुरादाबाद जिले के बुद्ध विहार मझोला में आवास विकास परिषद के सार्वजनिक उद्यान (पार्क) में एक मंदिर के अवैध निर्माण के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान मुरादाबाद के जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों को स्पष्ट करते हुए सरकारी अधिवक्ता ने बताया कि प्राधिकरणों द्वारा माप लिया गया है, जिसमें लेआउट के अनुसार कुल क्षेत्रफल 18.161 हेक्टेयर है, जिसमें पार्क/हरित क्षेत्र 2.652 हेक्टेयर है, जो संरक्षित है और संबंधित मंदिर 2.652 हेक्टेयर के उक्त हरित क्षेत्र/पार्क में बाधा नहीं डाल रहा है। उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद और राजस्व विभाग की संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर जारी निर्देश स्पष्ट रूप से केवल यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उचित है कि मंदिर का आपत्तिजनक निर्माण वर्तमान जनहित याचिका से बाहर कर दिया जाए। कोर्ट ने यह भी पाया कि आपत्तिजनक निर्माण एक अतिक्रमण है और विपक्षी ने उक्त निर्माण को ध्वस्त करने के उद्देश्य से पुलिस की सहायता मांगी है।

### राजनीतिक दल दाखिल कर सकते हैं जनहित याचिका

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार की ओर से आए उस आपत्ति को दरकिनार कर दिया, जिसमें कहा गया कि राजनीतिक दल होने के नाते याची पार्टी को जनहित याचिका दाखिल करने का अधिकार नहीं है। न्यायालय ने कहा कि इस आपत्ति में कोई मेरिट नहीं है। उक्त याचिका जनहित की है। लिहाजा ऐसा कोई कारण नहीं है कि याची वर्तमान जनहित याचिका नहीं दाखिल कर सकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने नैतिक पार्टी की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याची पार्टी की ओर से वर्ष 2014 में दाखिल उक्त याचिका में किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम का मुद्दा उठाया गया है। याची की ओर से दलील दी गई है कि कार्यक्रम को लागू करने के विषय में राज्य सरकार द्वारा बताया गया है लेकिन कार्यक्रम को लेकर जागरुकता के सम्बन्ध में क्या कदम उठाए गए, इस पर सरकार से कोई जवाब नहीं आया है।

### नहीं हुआ सफर का चांद, चेहलुम 26 अगस्त को होगा

**लखनऊ, अमृत विचार :** कर्बला के शहीदों का चेहलुम 26 अगस्त को मनाया जाएगा। शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि आज सफ़र का चांद नहीं हुआ, इसलिए सात अगस्त को पहली सफ़र और 26 अगस्त को चेहलुम होगा। उधर, मरकजी चांद कमेटी फिरंगी महल के अध्यक्ष और शहर काजी मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने भी यह एलान किया कि आज 29 मोहर्रम को सफ़र का चांद नहीं हुआ। इसलिए पहली सफ़र सात अगस्त को होगी।

## अयोध्या: सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता क्वीन मेरी अस्पताल में भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डॉक्टरों ने शुरू किया इलाज अस्पताल में सुरक्षा कड़ी

**अमृत विचार :** अयोध्या में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार हुई बच्ची को सोमवार को कड़ी सुरक्षा के साथ किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के स्त्री व प्रसूति रोग विभाग क्वीन मेरी में भर्ती कराया गया। यहां स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ प्रो. सुजाता देव की टीम ने पीड़िता का परीक्षण कर इलाज शुरू करा दिया है। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल भी टीम के साथ मौजूद रहे।

दुष्कर्म पीड़िता की अयोध्या से आने की जानकारी पर स्थानीय पुलिस व अस्पताल प्रशासन अलर्ट हो गया था। अस्पताल परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। तीमारदारों को बाहर निकाल दिया गया। इससे कई तीमारदारों ने नाराजगी भी जताई। वे भर्ती मरीज के लिए खाना-दवाएं भी नहीं ले जा पाए। अयोध्या की स्वास्थ्य विभाग की टीम सोमवार करीब 3:20 बजे पीड़िता को एंबुलेंस से लेकर पहुंची। उसे दूसरे फ्लोर पर स्थित लेबर वार्ड में पहुंचाया गया। जहां स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ प्रो. सुजाता देव, प्रो. वंदना सोलंकी और प्रो. मोनिका ने टीम के साथ परीक्षण कर उसका इलाज शुरू किया।

> पीड़िता को भर्ती कर प्राथमिक जांचें की गई हैं। विशेषज्ञों की टीम उसकी स्थिति का आंकलन कर रही है। उसे उचित उपचार दिया जा रहा है।
> -डॉ. सुधीर सिंह, प्रवक्ता केजीएमयू

## वक्फ एक्ट में बदलाव को कोर्ट में चुनौती देगा पर्सनल लॉ बोर्ड

**कानपुर, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा है कि वक्फ एक्ट में किसी प्रकार का बदलाव मंजूर नहीं होगा। बोर्ड के प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास ने कहा कि बोर्ड ने इसके खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का फैसला लिया है।

सोमवार को जारी बयान में बोर्ड प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि भारत सरकार वक्फ एक्ट 2013 में लगभग 40 संशोधनों के माध्यम से वक्फ संपत्तियों की हैसियत और प्रकृति को बदलना चाहती है। उन्होंने कहा कि वक्फ एक्ट 2013 में कोई भी ऐसा बदलाव, जिससे वक्फ जायदाद की हैसियत और प्रकृति बदल जाए हरगिज कबूल नहीं होगा।

# अब मंडियों में बनेंगे कोल्ड स्टोरेज

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** मंडी समितियों में खरीद-बिक्री को रखी सब्जियां व फल खराब नहीं होंगे। इन्हें सुरक्षित रखने के लिए सभी जिला मुख्यालय की मंडियों में डबल स्टोरी के कोल्ड स्टोर (शीतगृह) बनेंगे। साथ ही पपीता, केला आदि फल पकाने के लिए रायपनींग चेंबर बनाए जाएंगे। मंडी परिसर में नीचे कोल्ड स्टोर होगा, जबकि ऊपर रायपनींग चेंबर व पैकिंग आदि कक्ष होंगे।

इसकी शुरुआत मंडी परिषद ने लखनऊ की सीतापुर रोड स्थित नवीन मंडी से की गई है। साथ ही 11 और मंडियों के नामों का चयन किया जा रहा है। दूसरे चरण में अन्य जिला मुख्यालय की मंडियों में कोल्ड बनेंगे। सरकार ने किसानों व व्यापारियों की



मांग पर यह कदम उठाया है। इससे हड़ताल व अन्य कारणों से समय पर सामान बाहर न जाने के कारण खराब नहीं होगा। गुणवत्ता भी बनी रहेगी।

**100 टन क्षमता, डेढ़ करोड़ लागत:** लखनऊ के सीतापुर रोड स्थित नवीन मंडी परिसर में कोल्ड स्टोर की नींव पड़ने के साथ अन्य कार्य शुरू हो गए हैं। यहां 600 वर्गमीटर में 100 टन क्षमता का 1.50 करोड़ रुपये से कोल्ड स्टोर व रायपनींग चेंबर बनेगा। साथ ही कुछ टाइप बी की आढ़तियों के लिए दुकानें बनेंगी। इसी मॉडल पर अन्य जिलों पर कोल्ड स्टोर बनेंगे, लेकिन क्षमता और लागत अलग-अलग होगी।

### जमीन का चयन करने में आ रही समस्या

कोल्ड स्टोर मंडी परिसर की उन खाली जगह पर बनेंगे जिसका उपयोग कारोबार व अन्य कार्य के लिए नहीं किया जाता है। लखनऊ के अलावा पूर्व में 11 अन्य मंडियों का चयन किया गया था। लेकिन, कारोबार को देखते हुए जमीन उपयोग नहीं मिली। इसमें संशोधन करके दूसरी मंडियों का चयन करने की प्रक्रिया चल रही है।

> प्रदेश की 11 मंडियों में कोल्ड स्टोर बनाने की योजना है। लखनऊ से शुरुआत की गई है। इसका फायदा किसानों व व्यापारियों को मिलेगा। **-चंदन पटेल**, उपनिदेशक, मुख्यालय मंडी परिषद

## धर्म दर्शन

### वैदिक देवमंडल में विष्णु

यह दुखद आश्चर्य है कि आजकल संस्कृत भाषा से सर्वथा अपरिचित अथवा अल्पज्ञ वेदों और शास्त्रों पर संस्कृत भाषा से सर्वथा अपरिचित पाश्चात्यों की मनमानी टिप्पणी को आधार मान तथ्यों को तोड़-मरोड़कर अपना शाही फरमान जारी करने लगे हैं। ऐसे ही एक तथाकथित 'मनीषी' वैदिक देवमंडल के "विष्णु" के उद्धार या उन पर उपकार कर 'वैष्णव धर्म' की स्थापना का श्रेय किसी जाति विशेष को दे दिया है। वह सज्जन इस वास्तविक कटु सत्य को पूरी तरह भूल जाते हैं कि वेदों में "वर्ण" का निर्धारण जन्म से नहीं कर्म से होता है। जन्म आधारित आगे चलकर भारत को विखंडित करने वाली "जाति व्यवस्था" उत्तर वैदिक एवं परवर्ती विशेषकर सूत्र, स्मृति तथा परवर्ती पौराणिक युग की देन है। यही कारण है कि ऐसे तथाकथित लेखक संदर्भ ग्रंथों या लेखकों को जानबूझकर संदर्भित नहीं करते हैं। संस्कृत का 'देवता' शब्द यों तो स्त्रीलिंग है, किंतु हिंदी भाषा में यह पुल्लिंग के रूप में प्रयुक्त होता है। वहां 'देव' शब्द पुल्लिंग तथा 'देवी' शब्द स्त्रीलिंग वाचक है। 'देव' शब्द हिन्दू धरा का एक महत्वपूर्ण तत्व है। यास्क के 'निरूक्त' के अनुसार दया, दान, दीपन, द्योतन, द्युस्थान के अर्थ में यह शब्द प्रयुक्त होता है। वेदों में ईश्वरीय शक्ति के विभिन्न रूपों की कल्पना 'देव' शब्द में की गई है। यह सुस्पष्ट है,"एकं सद्विप्राः बहुधा वदंति, अग्निं यमं मातरिश्वामंमाहुः"। (अर्थात सत्ता एक ही है, विद्वान लोग इसको विविध प्रकार से अग्नि, यम, मातरिश्वा आदि देवताओं के रूप में कहते हैं।) ऋग्वेद के पुरुष सूक्त के मंत्र 17 के अनुसार परमेश्वर ने मनुष्य शरीर आदि की रचना की है, अतः मनुष्य भी दिव्य कर्म करके देव कहलाते हैं और जब उपासना से विद्या, विज्ञान आदि उत्तम गुणों को प्राप्त होते हैं तब उन मनुष्यों का नाम या संबोधन देव हो जाता है, क्योंकि कर्म से उपासना और ज्ञान उत्तम हैं। ऐसे गुणों वाला जो मनुष्य परमेश्वर की प्राप्ति रूप मोक्ष की इच्छा करके उत्तम कार्य उपासना और ज्ञान से पुरुषार्थ करता है, वह उत्तम "देव" कहलाता है।

वैदिक देवमंडल में अनेक देवताओं की गणना है। प्रारंभ में परिवार क्रम से मुख्यतः 33 देवतिम में 12 अदिति+8 वसु+11 रूद्र+द्यावा तथा पृथ्वी की गणना की गई है। वृद्धिक्रम में अंततः उनकी संख्या 33 कोटि तक पहुंचा दी गई। स्थान क्रम से वैदिक देवताओं के तीन प्रमुख भागों, पृथ्वी (स्थानीय या इह लौकिक), (2) अंतरिक्ष स्थानीय तथा (3) व्योम स्थानीय में गणना की गई। इन्हीं को क्रमशः द्युस्थानीय (ऊपरी आकाश में रहने वाले), (2)अंतरिक्ष स्थानीय (मध्य आकाश के वासी) तथा (3) पृथ्वी स्थानीय (पृथ्वी के वासी) भी कहा गया है। ऋग्वेद के सूक्तों में विशेष रूप से विभिन्न देवताओं की स्तुतियों की अधिकता है। प्रमुख देवताओं में अग्नि, वायु, इन्द्र, वरुण, मित्रा वरुण, अश्विनी कुमारों, विश्वे देवा, सरस्वती, ऋत्त, मरुत, त्वष्टा, ब्रह्मणस्पति, सोम, दक्षिणा, ऋभु, इन्द्राणी, दक्ष्यानी, द्यो, पृथ्वी आदि के नाम हैं। निरुक्त के अनुसार देवता तीन हैं, द्युस्थानीय, पृथ्वी स्थानीय और अंतरिक्ष। इनमें अग्नि पृथ्वी स्थानीय, इनमें इन्द्र एवं वायु अंतरिक्ष तथा सूर्य का स्थान द्युलोक है। प्राचीन भारतीय धर्म शास्त्री ऋग्वैदिक देवताओं की संख्या को ध्यान में रखकर ऋग्वैदिक समाज को 'बहु देववादी' मानते हैं, जो लोग देवताओं की अनेकता को नहीं मानते उनके अनुसार देवों के विभिन्न नाम एक सर्वोत्तम सत्ता परमेश्वर का ही विभिन्न स्वरूप बता सभी स्तुतक को एक ही परमात्मा परक मानते हैं। उनके अनुसार सभी देवता और संपूर्ण सृष्टि एक ही परमात्मा की विभूति है।


डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

### रुद्राभिषेक

रुद्राभिषेक में भौतिक पदार्थों से ज्यादा प्रभावी होती है, आंतरिक पवित्रता आस्था, निष्ठा, विनम्रता एवं समर्पण आदि ऐसे भाव हैं कि इसके जरिए व्यक्ति हर जगह सम्मान ही नहीं परस्पर सानिध्य एवं भरपूर सहयोग भी प्राप्त कर लेता है। इन्हीं सद्गुणों के बल पर पूजा पाठ तथा धार्मिक कार्यक्रमों में अपने ईष्टदेव तक की कृपा का भी द्वार खुलता है। इसीलिए धार्मिक कार्यक्रमों में अपने ईष्टदेव के प्रति पूर्ण विश्वास एवं समर्पण की सराहना की गई है। धर्म ग्रंथों में अनेक दृष्टांत मिलते हैं कि बड़े-बड़े ऋषि-मुनि-तपस्वी तथा सम्राट ईश्वरीय कृपा नहीं प्राप्त कर सके, जबकि अत्यंत दीन-हीन अवस्था में रहने वालों को ईश्वर की कृपा सहज एवं सरल ढंग से मिल गई। सावन के महीने में दीनों के नाथ भगवान शिव के रुद्राभिषेक के लिए यदि पास में धन का अभाव है तब भी किया जा सकता है। यह भारी भरकम द्रव्य और वस्तु से भी ज्यादा प्रभावी हो सकता है। रुद्राभिषेक में जिस प्रकार अलग-अलग ग्रहों को अनुकूल करने के लिए अलग-अलग पदार्थों यथा दूध, शहद, गन्ने के रस आदि से अभिषेक किया जाता है। यदि इन वस्तुओं में खुद के पास कुछ न हो तो मानसिक अभिषेक के वक्त सूर्य की अनुकूलता के लिए यह संकल्प लिया जाए कि उपासक हर जगह प्रकाश उसी तरह फैलाएगा जिस तरह सूर्य के उदित होते अंधकार दूर हो जाता है। यह प्रकाश बहुआयामी होना चाहिए। इसी तरह चन्द्रमा ग्रह के लिए हमेशा मन शीतल रखने का तथा मंगल ग्रह के लिए वचनों तथा आचरण में उग्रता की जगह विनम्रता का भाव रखने का संकल्प लेना चाहिए। बुद्ध एवं गुरु ग्रह की अनुकूकता के लिए बौद्धिक ज्ञान वृद्धि तथा शुक्र ग्रह के लिए भौतिक धरातल पर अभावों में जीने वालों को भौतिक समृद्धि का रास्ता दिखाने का भाव मन में रखना चाहिए। इसके बाद शनि ग्रह की कृपा के लिए किसी का हक-हिस्सा न छीनने का संकल्प एवं राहु एवं केतु ग्रह को अनुकूल करने के लिए आलस्य त्याग तथा दूसरों के आगे हाथ न फैलाकर खुद पुरुषार्थी बनने का संकल्प लेना चाहिए।




सलिल पांडेय
मिर्जापुर

## वर्ग पहेली-153

**बाएं से दाएं**

1. (उर्दू साहित्य) वह कविता जिसमें दो-दो चरण एक साथ रहते हैं और दोनों में तुकांत मिलाया जाता है।
2. महल या हवेली के सामने या चारों ओर स्थित बाग।
3. 1. आटे या बेसन के घोल से बनाया गया मीठा या नमकीन पकवान, चिल्ला, उलटा।
4. 1. अच्छा-बुरा परखने वाला 2. तेज़ नज़र रखने वाला, चालाक 3. नज़र लड़ाने वाला, आंख लड़ाने वाला।
4. 1. बात-बात में क्रोधित होने वाला, तुनकमिज़ाज, चिड़चिड़ा, बदमिज़ाज 2. घमंडी।
5. रटने की क्रिया, धुन।
6. 1. चिपकना 2. किसी जीव का दूसरे जीव या पदार्थ को अच्छी तरह पकड़कर उसके साथ सटना, लिपटना 3. बहुत बुरी तरह से किसी के पीछे पड़ना और जल्दी उसका पिंड न छोड़ना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. मैल, गंदगी 2. गुह, विष्ठा 3. पाप, दुर्गुण, बुराई 4. मनोविकार।



### वर्ग पहेली -152 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 आँ | 2 व | ■ | 3 धुँ | ■ | 4 अ |
| ■ | न | ■ | ध | ■ | नु |
| 5 रु | प | ह | ला | ■ | सू |
| ■ | शु | ■ | प | ■ | च |
| 6 दा | ■ | 7 ज | न | 8 लो | क |
| शे | ■ | ■ | ■ | लु | ■ |
| र | ■ | 9 लं | क | प | ति |

## सुडोकू -66

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 9 | | 3 | | | | 7 |
| | 4 | | | 2 | 7 | | 9 | |
| 7 | | | | | | 8 | | |
| | | 6 | | | 5 | | | 9 |
| 4 | | | 2 | | | | 7 | |
| 9 | | | | 1 | | | 6 | |
| | | 4 | | | 3 | | 2 | |
| 6 | | | 5 | | | 7 | | |
| | | | | | 6 | | | 4 |

### सुडोकू -65 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 7 | 2 | 9 | 3 | 6 | 4 | 5 |
| 5 | 9 | 3 | 1 | 6 | 4 | 8 | 7 | 2 |
| 4 | 2 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 | 7 |
| 7 | 4 | 5 | 8 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 5 | 2 | 7 | 4 | 8 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 अगस्त मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 19.52 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 19.44 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष:** आज रियल एस्टेट से संबंधित व्यवसाय में आपको लाभ प्राप्त होगा। प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। समाज से आपका यश बढ़ेगा। आपका स्वास्थ्य कुछ नरम सा हो सकता है। धार्मिक कार्यों में आप विशेष रुचि लेंगे।

**वृष:** आज दोपहर के समय सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। विवाह योग्य जातकों के विवाह तय होने में बाधा आ सकती है। विद्यार्थियों की अध्ययन के प्रति रुचि कम हो सकती है। उच्च पदासीन लोगों के ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा।

**मिथुन:** आज भाइयों और मित्रों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। प्रियजन के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। व्यवसाय में बिक्री बढ़ने से आय में वृद्धि होगी। आपको कई शुभ समाचार एक साथ मिल सकते हैं। अपनी कार्यप्रणाली में विशेष सुधार आने का प्रयास करेंगे।

**कर्क:** आज घरेलू काम के दबाव के कारण थोड़ी थकावट महसूस करेंगे। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। हृदय रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिए। निजी रिश्तों में प्रेम भाव कुछ कम रहेगा। स्वार्थी रवैये के कारण संबंध प्रभावित हो सकते हैं।

**सिंह:** आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। नया वाहन खरीदने का विचार बनाएंगे। ऑनलाइन कारोबार में लाभ होगा। परिवार के बड़े लोगों की सलाह लेनी चाहिए। परिवार को आप पर्याप्त समय देंगे। जीवनसाथी को आप कोई गिफ्ट दे सकते हैं।

**कन्या:** आज नींद में कमी के कारण चिड़चिड़ेपन और अवसाद जैसा महसूस करेंगे,किंतु अपनी वाणी और क्रोध पर नियंत्रण रखें। यात्रा के दौरान परेशानियां हो सकती है। किसी को धन उधार न दें। वरना आपका धन वापस मिलने में कठिनाई होगी।

**तुला:** आज बेरोजगार लोगों को नया रोजगार मिल सकता है। जीवनसाथी आपको उपहार दे सकता है। कारोबारी यात्रा से लाभ प्राप्त होगा। समाज में आपका यश बढ़ेगा,जिसके कारण आपके बहुत से काम बिना रुकावट के हो जाएंगे।

**वृश्चिक:** आज नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी। भविष्य को लेकर नई योजना बनाएंगे। आपके सम्मान को कुछ लोग ठेस पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। योजना बनाकर काम करना बेहतर होगा।

**धनु:** आज आपको सभी कार्य शांतिपूर्ण तरीके से काम करना चाहिए। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। युवाओं को करियर में शानदार परिणाम मिलेंगे। समाज में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। घर के बड़े-बुजुर्गों की बात अवश्य मानें।

**मकर:** आज दांपत्य जीवन में आपसी समझ में कमी आ सकती है। अपने सहयोगियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। बेवजह की यात्राओं के कारण परेशानी हो सकती है। रुके हुए कार्यों को पूरा करने का दबाव रहेगा। उच्च शिक्षा में अवरोध आने की आशंका है।

**कुंभ:** आज मानसिक रूप से काफी सुकून का अनुभव करेंगे। जीवनसाथी के सहयोग से आपका मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ेगा। पारिवारिक खुशियों में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में उन्नति होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। शत्रुओं पर आप हावी रहेंगे।

**मीन:** आज आप अपने शौक को पूरा करने में लगे रहेंगे। परिवार के साथ डिनर के लिए जा सकते हैं। पुराने अनुभवों का आपको भरपूर लाभ मिलेगा। आपके खर्चे कम होने की संभावना बन रही है। बढ़ते हुए कर्जों को चुकाने के लिए तत्पर रहेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- अकेले हम अकेले तुम — सुबह : 09.57
- प्लेटफॉर्म — रात : 07.00

**&pictures**
- टॉइलेट-एक प्रेम कथा — सुबह : 11.05
- नाम शबाना — रात : 08.00

**Sony Pix**
- जर्नी 2 — सुबह : 11.06
- वंडर वुमन 1984 — रात : 09.00

**Zee Cinema**
- मिली — सुबह : 10.36
- भैरवकोना — रात : 08.00

**Colors Cineplex**
- गालोड्डु — दोपहर : 12.58
- गॉड फादर — रात : 07.59

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

15 साल का चिंटू अपने पापा के साथ एक होटल में गया।
पापा (वेटर से) - एक बियर और एक आइसक्रीम लाओ।
चिंटू- आइसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिए न
उसके बाद होटल से घर तक चिंटू की सुताई चालू रही।
ये देखकर होटल का वेटर जोर-जोर से हंसने लगा।

पत्नी (पति से)- पूरा दिन क्रिकेट, क्रिकेट..!!
मैं घर छोड़ कर जा रही हूं..
पति- (कोमेन्टरी के अंदाज़ में)
पहली बार कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल!!

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** – तुलसी 2060, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1955, फॉर्चुन ली. 1570, जय जवान 1495, सचिन 1520, सूरज 1520, अवसर 1645, राग गोल्ड 1600, गृहणी ली 1510, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1640, चक्र टिन 1875, ब्लू 1630, आशीर्वाद मस्टर्ड 1880, स्वास्तिक 2030 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19200, जीरा 32500, लाल मिर्च 19500-25000, धनिया 9000-11000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 । चावल- (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन- मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10700, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, चना काला 7850, दाल चना 8450, लाल हिंदुस्तान 8550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8400, डबरा 9800-11200, सच्चा हीरा 12400, मोटा हीरा 14000, अरहर गोला मोटा 14800, अरहर पटका मोटा 15000, अरहर कोरा मोटा 15400, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16700 । चीनी- डालमियां 4120, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090, बहेड़ी 4100 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72600 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71600 |
| सिल्वर (पक्की) | 845 (अनुमानित) |

# भारतीय अर्थव्यवस्था के 7-7.2% की दर से बढ़ने की संभावना

## डेलॉयट इंडिया ने मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे और घरेलू नीति सुधारों पर जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

डेलॉयट इंडिया ने सोमवार को कहा कि मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे और घरेलू नीति सुधारों में निरंतरता से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की अर्थव्यवस्था सात से 7.2% की दर से बढ़ने की उम्मीद है। डेलॉयट के अगस्त के भारत आर्थिक परिदृश्य के अनुसार, केंद्रीय बजट 2024-25 में कृषि उत्पादकता में सुधार, युवाओं के लिए रोजगार सृजन, विनिर्माण तथा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए वित्त तक पहुंच की चुनौती का समाधान करने की दिशा में की गई कई पहलों से आपूर्ति पक्ष की मांग में सुधार, मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

डेलॉइट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी



- मुद्रास्फीति पर अंकुश और ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा से मिलेगी मदद

मजूमदार ने कहा कि वर्ष के पहले छह महीनों में अनिश्चितता के दौर के बाद भारत दूसरी छमाही में मजबूत वृद्धि दर्ज करेगा। रिपोर्ट में कहा गया, मजबूत आर्थिक बुनियाद वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी की वृद्धि दर 7 से 7.2% के बीच रहेगी। शहरी-ग्रामीण उपभोक्ता व्यय अंतर, मुद्रास्फीति तथा रोजगार संबंधी चिंताओं से प्रभावी ढंग से निपटने से ग्रामीण उपभोक्ताओं की सामर्थ्य में वृद्धि हो सकती है। डेलॉइट इंडिया का वृद्धि अनुमान आरबीआई के अनुमान के बराबर है।

### भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली।** भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि जून की तुलना में जुलाई में थोड़ी धीमी रही। मासिक सर्वेक्षण में मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई में 60.3 रही जबकि जून में यह 60.5 थी। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का मतलब गतिविधियों में विस्तार और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है।

आरबीआई ने 2024-25 में 7.2% की वृद्धि का अनुमान लगाया है। यह वित्त मंत्रालय की आर्थिक समीक्षा में लगाए अनुमान से अधिक है, जिसमें जीडीपी विस्तार का अनुमान 6.5 से 7% के बीच लगाया गया है।

## प्रमुख बंदरगाहों पर माल ढुलाई 5.92% बढ़कर हुई 700 लाख टन : आईपीए

**मुंबई।** देश के 12 प्रमुख बंदरगाहों पर माल ढुलाई जुलाई में 5.92% बढ़कर 700.8 लाख टन हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 661.7 लाख टन थी। प्रमुख बंदरगाहों के शीर्ष निकाय भारतीय बंदरगाह संघ (आईपीए) के अनुसार, इनमें से 10 बंदरगाहों के माल ढुलाई परिचालन में वृद्धि हुई, जबकि दो में गिरावट आई।

- मुंबई और मार्मुगाओ बंदरगाह पर क्रमश: 1.23 व 1% की गिरावट

ये 12 प्रमुख बंदरगाह दीनदयाल (कांडला), मुंबई, मार्मुगाओ, न्यू मेंगलोर, कोचीन, चेन्नई, एन्नौर (कामराजार), तूतीकोरिन (वीओ चिदंबरनार), विशाखापत्तनम, पारादीप तथा कोलकाता (हल्दिया सहित) और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह हैं। जुलाई में कोचीन में माल ढुलाई में सालाना आधार पर 24.77% की वृद्धि हुई। विशाखापत्तनम में 10.80%, जेएन में 9.07%, चेन्नई में 8.89%, दीनदयाल और वीओ चिदंबरनार बंदरगाह में क्रमशः 7.13 व 6.74% की वृद्धि हुई। पारादीप में 3.60%, कोलकाता में 2.26%, कामराजर में 0.69% और न्यू मैंगलोर में 0.18% की वृद्धि हुई। मुंबई बंदरगाह पर माल ढुलाई में सालाना आधार पर 1.23 प्रतिशत और मार्मुगाओ बंदरगाह पर एक प्रतिशत गिरावट आई।

# ई-वाणिज्य निर्यात को 350 अरब डॉलर बढ़ाना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- कुछ सीमा शुल्क तथा बैंकिंग नियमों में सुधार और चीन के समान प्रोत्साहन जैसे उठाने होंगे कदम

भारत को ई-वाणिज्य से अपने निर्यात को 2030 तक बढ़ाकर 350 अरब डॉलर पहुंचाने के लिए कुछ सीमा शुल्क तथा बैंकिंग नियमों में सुधार, ऋण तक पहुंच और चीन के समान प्रोत्साहन जैसे कदम उठाने होंगे।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने अपनी रिपोर्ट में दो प्रकार के ई-वाणिज्य निर्यात प्रत्यक्ष निर्यात और विदेशी गोदाम मॉडल को समर्थन देने के लिए अलग-अलग विनियमन तथा परिवेश बनाना, प्रमुख विदेशी शहरों में गोदाम खोलने के लिए कंपनियों को समर्थन देना, भौतिक पोत परिवहन के बराबर निर्यात प्रोत्साहन, विपणन समर्थन और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) के लिए क्षेत्रीय केंद्रों के निर्माण का सुझाव दिया। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि चीन के ई-वाणिज्य निर्यात (2023 में 330 अरब अमेरिकी डॉलर) का 60% से अधिक हिस्सा तेजी से आपूर्ति के लिए विदेशी गोदामों का इस्तेमाल करता है। उनके पास विशेष नियम और सहायता प्रणालियां हैं जो उनके ई-वाणिज्य क्षेत्र को बढ़ने में मदद करती हैं। यदि ऐसे उपाय नहीं अपनाएंगे तो हमारा ई-वाणिज्य निर्यात 2030 तक 25 अरब डॉलर ही पहुंच पाएगा, जबकि 350 अरब डॉलर तक पहुंचने की क्षमता है।

## इंडिगो 12 घरेलू मार्गों पर बिजनेस क्लास की सेवाएं करेगी शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

विमानन कंपनी इंडिगो नवंबर के मध्य में 12 घरेलू मार्गों पर उड़ानों में बिजनेस क्लास सीट की सेवा शुरू करेगी। इंडिगो उड़ान सेवा के 18 वर्ष पूरे होने पर दिल्ली में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में एयरलाइन के सीईओ पीटर एल्बर्स ने यह बात कही।

एल्बर्स ने कहा कि सीट के लिए बुकिंग मंगलवार से शुरू होगी। बिजनेस क्लास सीट की सेवाएं व्यस्तम मार्गों के साथ व्यावसायिक मार्गों पर भी उपलब्ध होंगी, जिनमें दिल्ली से चुनिंदा उड़ानें भी हैं। सीईओ ने कहा कि नवंबर के मध्य से 12 घरेलू मार्गों पर बिजनेस क्लास



नई दिल्ली में 18वीं वर्षगांठ में इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स और सह-संस्थापक राहुल भाटिया।

सीट की सेवा उपलब्ध होगी। वर्तमान में, टाटा समूह की एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और विस्तारा बिजनेस क्लास की सेवाएं देती हैं। एल्बर्स ने कहा कि एयरलाइन 2024-25 में सात और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू करेगी।

## आईईएक्स ने 13.25 करोड़ यूनिट का किया व्यापार, गत वर्ष से 56% अधिक

**नई दिल्ली।** इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) ने जुलाई 2024 में अब तक का सर्वाधिक 13,25 करोड़ यूनिट (एमयू) का कुल व्यापार किया। यह पिछले साल की समान अवधि से 56% अधिक है। आईईएक्स के अनुसार, कुल व्यापार मात्रा में अक्षय ऊर्जा प्रमाणपत्र और ऊर्जा-बचत प्रमाणपत्र शामिल हैं।

बिजली की मात्रा 1009.3 एमयू तक पहुंच गई, जो पिछले साल की तुलना में 29% की वृद्धि को दर्शाता है। अक्षय ऊर्जा प्रमाणपत्र (आरईसी) में उछाल देखा गया, जिसकी मात्रा सालाना आधार पर 405% बढ़कर 315 एमयू तक पहुंच गई। समीक्षाधीन माह में हरित बिजली की मात्रा 259% बढ़कर एक अरब यूनिट हो गई। गौरतलब है कि 31 जुलाई 2024 को कारोबारी सत्र में 120 रुपये प्रति प्रमाण पत्र पर आरईसी बाजार ने अब तक का सबसे निचला मूल्य दर्ज किया।

# म्यूचुअल फंड नियमों में सेबी ने किया संशोधन

- फ्रंट रनिंग, भेदिया कारोबार पर अंकुश लगाना चाहता है बोर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड मानदंडों में संशोधन किया है, जिसके तहत परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां (एएमसी) को प्रतिभूतियों में फ्रंट-रनिंग और भेदिया कारोबार की पहचान करने तथा रोकने के लिए संस्थागत तंत्र स्थापित करना होगा। इसके अतिरिक्त एएमसी का प्रबंधन संस्थागत तंत्र की दक्षता सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा।

### कारोबार के लिए समान समयसीमा का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** सेबी ने बोनस शेयर को खाते में जमा करने और कारोबार सुनिश्चित करने के लिए समान समयसीमा का प्रस्ताव रखा। सेबी ने कहा कि रिकॉर्ड तिथि के बाद ऐसे शेयरों के टी+2 यानी सौदे वाले दिन के अलावा दो दिन में कारोबार को सक्षम करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए ऐसा जरूरी है। इस समय आईसीडीआर (पूंजी जारी करना और खुलासा) नियम बोनस निर्गम के कार्यान्वयन के संबंध में समग्र समयसीमा तय करते हैं। निर्गम की रिकॉर्ड तिथि से बोनस शेयरों को खाते में जमा करने और इसके व्यापार के लिए कोई विशिष्ट समयसीमा नहीं है।

नियामक ने एएमसी को व्हिसल-ब्लोअर तंत्र बनाने का निर्देश दिया है। सेबी का यह निर्णय एक्सिस एएमसी और एलआईसी से जुड़े फ्रंट-रनिंग मामलों के संबंध में दो आदेश पारित करने के बाद आया है। सेबी ने एक अगस्त की गजट अधिसूचना में कहा कि परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट संस्थागत तंत्र स्थापित करेंगी, ताकि प्रतिभूतियों में फ्रंट-रनिंग और भेदिया कारोबार सहित संभावित बाजार दुरुपयोग की पहचान तथा रोकथाम की जा सके।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### पटना में पंजाब नेशनल बैंक से 20 लाख की लूट

**पटना।** बिहार में पटना जिले के दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र में अपराधियों ने सोमवार को पंजाब नेशनल बैंक से करीब 20 लाख रुपये लूट लिये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बाइक पर सवार चार संख्या में अपराधियों ने कोरेया गांव स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में धावा बोला। इसके बाद अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर बैंक के कर्मचारी और ग्राहकों को बंधक बना लिया और करीब 20 लाख रूपये लूटकर फरार हो गये। सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं।

### पटरियों पर पत्थर गिरने से हुई मालगाड़ी बेपटरी

**अजमेर।** राजस्थान में उत्तर पश्चिमी रेलवे के अजमेर मंडल के अधीन ब्यावर जिले में रायपुर के निकट रेलवे पटरियों पर पहाड़ से बड़े पत्थर गिरने से एक मालगाड़ी बेपटरी हो गई। गनीमत रही की हादसे में किसी तरह के जन-धन हानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्यावर के हरीपुर रेलवे स्टेशन से करीब 20 किमी दूर अमरापुरा-सेंदड़ा के बीच बारिश के दौरान मालगाड़ी पर पहाड़ से पत्थर टूटकर गिर गए। इससे मालगाड़ी का इंजन एवं एक डिब्बा पटरी से उतर गये।

### सेना ने घुसपैठियों पर चलाई गोली, तलाश जारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के अखनूर और सुंदरबनी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास रविवार आधी रात को संदिग्ध घुसपैठियों के दो समूहों की गतिविधि का पता लगने के बाद सेना के जवानों ने उन पर गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि दूसरी तरफ से गोलीबारी की कोई सूचना नहीं है, लेकिन सीमा पार से घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम करने के लिए अखनूर और सुंदरबनी सेक्टर में बड़े पैमाने पर तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है।

# एसएफआईओ कर रहा सहारा मामले की जांच

## लोकसभा में बोलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, रिपोर्ट आने के बाद होगी आगे की कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय (एसएफआईओ) सहारा समूह की कंपनियों से संबंधित मामले की जांच कर रहा है और इसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सदन में सीतारमण ने यह भी कहा कि सहारा समूह के पूरे मामलों की निगरानी उच्चतम न्यायालय द्वारा की जा रही है और सरकार उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि यह सच है कि केवल छोटे निवेशक ही रिफंड का दावा करने के लिए आगे आए हैं। एसएफआईओ पूरे मामले की जांच कर रहा है। यह भी देख रहा है कि सभी निवेशक रिफंड का दावा



- सुप्रीम कोर्ट कर रहा निगरानी, सरकार कोर्ट के निर्देशों पर कर रही काम

करने के लिए आगे क्यों नहीं आए और वे कहां हैं। मंत्री ने कहा कि एसएफआईओ के विस्तृत विश्लेषण के बाद पूरी तस्वीर साफ हो जायेगी और कार्रवाई की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि सहारा समूह की कंपनियों में 3.7 करोड़ निवेशक हैं और अब तक 19,650 करोड़ रिफंड का दावा करने के लिए आगे आए हैं।

उनके मुताबिक, इन दावों में से 17,250 दावों का निपटारा कर दिया गया जबकि बाकी आवेदकों को और कागजात उपलब्ध कराने के लिए कहा गया ताकि उनके दावों का निपटारा किया जा सके।

### मुद्रा ऋण पर बैंकों का एनपीए घटकर 3.4% हुआ

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की मुद्रा ऋण श्रेणी से जुड़ी गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) घटकर 3.4% रह गयी है। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि यह 2020-21 में 4.77%, 2019-20 में 4.89% और 2018-19 में 3.76% रहा। सीतारमण ने मुद्रा ऋण से जुड़े एनपीए के संबंध में सवालों को जवाब दिया। वित्त मंत्री ने सदन को बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का मुद्रा लोन पर एनपीए घटकर 3.4 % हो गया है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के वाणिज्यिक बैंकों में मुद्रा ऋण एनपीए 2020-21 में 1.77% के उच्चतम स्तर और 2018-19 में 0.67% से गिरकर 2023-24 में 0.95% हो गया। मुद्रा ऋण की ब्याज दरों पर कहा कि वे विभिन्न बैंकिंग क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 9.15 से 12.80% के बीच दर है, जबकि निजी क्षेत्र के बैंकों में यह 6.96 से 28 % तक है।

सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार चाहकर भी सहारा समूह की कंपनियों के मामले में कुछ नहीं कर सकती क्योंकि हर चीज की निगरानी उच्चतम न्यायालय द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम उच्चतम न्यायालय को लगातार रिपोर्ट कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि दिसंबर, 2023 में वित्त मंत्रालय द्वारा संसद को उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, सहारा समूह की तीन कंपनियों के मामलों की जांच 31 अक्टूबर, 2018 को एसएफआईओ को सौंपी गई थी।



संविधान के अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त करने की पांचवीं वर्षगांठ के मौके पर श्रीनगर के लाल चौक पर एकत्र लोग। ● एजेंसी

# जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों की आकांक्षाओं को सरकार करेगी पूरा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख के लोगों को विश्वास दिलाया कि केंद्र सरकार उनके लिए काम करती रहेगी और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करेगी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि संसद ने पांच साल पहले आज ही के दिन अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त किया था जो ऐतिहासिक क्षण था।



उन्होंने कहा कि यह जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख में प्रगति और समृद्धि के नए युग की शुरुआत थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के साथ उन महिलाओं, युवाओं, पिछड़ों, आदिवासियों और हाशिए के समुदायों को सुरक्षा, गरिमा और अवसर मिला जो विकास के लाभ से वंचित थे।

### फैसला थोपने के बजाय सहमति से लेना चाहते थे

प्रधानमंत्री मोदी ने अनुच्छेद-370 निरस्त करने के फैसले पर कहा कि मेरे मन में यह बात स्पष्ट थी कि इस फैसले के क्रियान्वयन के लिए जम्मू कश्मीर की जनता को विश्वास में लेना आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी ने 370 : अनडूइंग द अनजस्ट, ए न्यू फ्यूचर फॉर जम्मू कश्मीर नामक किताब की प्रस्तावना में ये टिप्पणियां की हैं।

### लोकतंत्र मजबूत हुआ: शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के पांच वर्ष पूरे होने पर सोमवार को कहा कि इससे जम्मू कश्मीर और लद्दाख में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र मजबूत हुआ है। शाह ने सोशल मीडिया पर कहा कि युवाओं ने सामाजिक-आर्थिक विकास और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को प्रेरित किया है, जिससे विकास को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों को सफलता मिली है।

## जीडीपी का 2.5% स्वास्थ्य सेवाओं पर होगा खर्च

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार जीडीपी का 2.5% बजट स्वास्थ्य क्षेत्र में आवंटित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है और उसने दस साल में स्वास्थ्य बजट आवंटन में 164% की वृद्धि की है। नड्डा ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों पर लोकसभा में कहा कि सरकार ने पूरी ईमानदारी के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है।

स्वास्थ्य मंत्री के जवाब के बाद विपक्षी सांसदों के कटौती प्रस्तावों को



- दस साल में स्वास्थ्य बजट आवंटन में 164% की हुई वृद्धि

- विपक्षी सांसदों के कटौती प्रस्तावों को किया गया अस्वीकृत

अस्वीकृत करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान मांगों को पारित किया। नड्डा ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट आवंटन कम होने के विपक्ष के दावों पर कहा कि 2013-14 में स्वास्थ्य बजट 33,278 करोड़ का था जो आज 90,958 करोड़ रुपये है। बजट में दस वर्ष में 164% प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। सरकार ने 2017 में जीडीपी का 2.5% स्वास्थ्य पर खर्च करने का लक्ष्य तय किया था और इस दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। सरकार ने इस बजट में जीडीपी का 1.9% स्वास्थ्य के लिए आवंटित किया है। नड्डा ने कहा कि पीएम जन-आयुष्मान योजना के तहत 12 करोड़ परिवारों के 55 करोड़ लोग, पांच लाख रुपये सालाना स्वास्थ्य कवरेज का लाभ उठा रहे हैं। टीएमसी सदस्य कल्याण बनर्जी और कुछ अन्य सदस्यों के हंगामा करने पर नड्डा ने कहा कि मैं राजनीतिक दृष्टि से लाभ नहीं उठाना चाहता लेकिन पूछना चाहता हूं कि पश्चिम बंगाल सरकार डेंगू की रजिस्ट्री केंद्र सरकार से क्यों छिपाती है, क्यों केंद्र को नहीं भेजती।

## प. बंगाल से पिछड़ेपन के कारणों के आंकड़े सुप्रीम कोर्ट ने मांगे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प. बंगाल सरकार से सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन तथा नौकरियों में पिछड़ी जातियों के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व पर परिणाम के कारणों के आंकड़े देने के लिए कहा। प. बंगाल सरकार ने कई जातियों को आरक्षण देने के लिए उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सूची में शामिल किया था।

**ओबीसी सूची मामला**

सुप्रीम कोर्ट ने उन निजी वादियों को भी नोटिस जारी किया, जिन्होंने 77 जातियों को ओबीसी की सूची में शामिल करने के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिन 77 जातियों को सूची में शामिल किया गया, उनमें ज्यादातर मुस्लिम हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि (राज्य सरकार द्वारा दायर निर्णय) स्थगन सहित नोटिस जारी करें।

## न्यायालय ने पानी की गुणवत्ता की जांच करने का आदेश दिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि विक्षिप्त लोगों के लिए शहर की सरकार द्वारा संचालित आशा किरण आश्रय गृह में रह रहे 14 लोगों की हाल में हुई मौत एक अजब संयोग है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि सभी मृतक टीबी से पीड़ित थे। पीठ ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को आश्रय गृह में पानी की गुणवत्ता और सीवर पाइपलाइन की स्थिति की जांच करने तथा इस संबंध में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने समाज कल्याण विभाग के सचिव को भी छह अगस्त को आश्रय गृह का दौरा करने और एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

**आश्रय गृह में मौतों का मामला**

## प्रसारण विधेयक से डिजिटल मीडिया पर ताला लगाना चाहती है सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक के माध्यम से डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया और निजी हैसियत में लिखने-बोलने वालों की 'जुबान पर ताला लगाना चाहती' है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह प्रयास पूरी तरह अस्वीकार्य है।

प्रियंका गांधी ने महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू के प्रेस की आजादी से जुड़े कथनों का हवाला देते हुए एक्स पर पोस्ट किया,



- कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा- सरकार का यह प्रयास पूरी तरह अस्वीकार्य है

ये दो उदाहरण बताते हैं कि हमारे नागरिकों को अभिव्यक्ति और प्रेस की स्वतंत्रता यूं ही नहीं मिली है। इसके लिए वर्षों तक लाखों लोगों ने लड़ाई लड़ी है। प्रेस की आजादी शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत है तथा भारत के इतिहास में कोई सरकार स्वतंत्रता को कुचलने के बारे में सोच भी नहीं सकती थी।

# जान जोखिम में डाल लोगों को बचाने वाला खुद लापता

**वायनाड त्रासदी**

वायनाड, एजेंसी

वायनाड में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र मुंडक्कई में युवक प्रजीश ने अपनी जीप को दो बार खतरनाक पहाड़ी रास्ते से ऊपर तक पहुंचाया और कई असहाय लोगों को लेकर लौटा, लेकिन अब वह खुद लापता है। इससे पहले कि वह सुरक्षित स्थान पर पहुंच पाता, उसे तीसरे मिशन के लिए फोन आया। तीसरे मिशन पर निकला, सुपर हीरो के नाम से लोकप्रिय यह व्यक्ति अब खुद गायब है। चूरलमाला में उसकी क्षतिग्रस्त जीप देखी गई। अपनी जान जोखिम में डालकर, प्रजीश ने तीसरी बार जीप को पहाड़ी पर चढ़ाया, लेकिन वह बीच रास्ते में बाढ़ के पानी, कीचड़ और पहाड़ों से लुढ़कते पत्थरों के बीच फंस गया, जिससे बाद से वह लापता है।

### एक मौत, तीन मजदूर लापता

मुंडक्कई और चूरलमाला के भूस्खलन में तीन प्रवासी मजदूर लापता हैं और एक की मौत हो गई है। सरकार ने कहा कि 406 श्रमिकों को राहत शिविरों में भेजा गया है। राज्य सरकार ने कहा कि ये मजदूर असम, मध्य प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल से हैं।

### राहत शिविरों में रह रहे 2,500 से अधिक लोग

वायनाड में 599 बच्चों और छह गर्भवती महिलाओं समेत 2,500 से अधिक लोगों ने राहत शिविरों में आश्रय ले रखा है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, मेप्पडी और अन्य ग्राम पंचायतों में भूस्खलन प्रभावित लोगों के लिए कुल 16 राहत शिविर बनाए गए हैं।

### बचाव कर्मियों के लिए ड्रोन से भेजा जा रहा भोजन

त्रासदी में जीवित लोगों और शवों की तलाश जारी रहने के बीच प्राधिकारी प्रभावित क्षेत्रों में भोजन पहुंचाने के लिए मानव रहित ड्रोन की मदद ले रहे हैं। जीवित लोगों की तलाश में लगे कर्मियों के लिए भी भोजन पहुंचाने के लिए आधुनिक ड्रोन का प्रयोग हो रहा है।

### मरने वालों की संख्या हुई 222

भूस्खलन में मरने वालों की संख्या 222 तक पहुंच गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, मृतकों में 97 पुरुष, 88 महिलाएं और 37 बच्चे हैं। 222 मृतकों में से 172 की पहचान उनके रिश्तेदारों ने कर ली है। विभिन्न स्थानों से 180 मानव अंग मिल चुके हैं।






# पेरिस ओलंपिक 2024



## आज भारत के मुकाबले

- **टेबल टेनिस :** पुरुष टीम (प्री क्वार्टर फाइनल) : भारत (हरमीत देसाई, शरत कमल और मानव ठक्कर) बनाम चीन - दोपहर 1.30 बजे
- **एथलेटिक्स :** पुरुष भाला फेंक (क्वालीफिकेशन) : किशोर जेना- 1.50 बजे। (क्वालीफिकेशन) : नीरज चोपड़ा -3.20 बजे। महिला 400 मीटर (रेपेचेज) : किरण पहल-2.50 बजे
- **कुश्ती :** विनेश फोगाट (50 किग्रा) बनाम युई सुसाकी (जापान), प्री क्वार्टर फाइनल- दोपहर 2.30 बजे से
- **हॉकी :** पुरुष सेमीफाइनल : भारत बनाम जर्मनी- रात 10.30 बजे।

## खेल डायरी


बैडमिंटन पुरुष एकल में स्वर्ण जीतने के बाद जश्न मनाते डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन ● एजेंसी >>

### डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन ने बैडमिंटन पुरुष एकल का स्वर्ण जीता

**पेरिस।** डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन ने सोमवार को यहां थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसार्न को सीधे गेम में हारकर पुरुष एकल ओलंपिक खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए स्वर्ण पदक जीता। एक्सेलसन ने फाइनल में वितिदसार्न को सिर्फ 52 मिनट में 21-11, 21-11 से हराकर लगातार दूसरा स्वर्ण और ओलंपिक में लगातार तीसरा पदक जीता। एक्सेलसन बैडमिंटन में लगातार दो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले यूरोप के पहले खिलाड़ी हैं।

### द. कोरिया की एन से यंग ने जीता महिला एकल का स्वर्ण

**पेरिस।** दक्षिण कोरिया शीर्ष रैंक की शटलर एन से यंग ने पेरिस ओलंपिक में महिला एकल बैडमिंटन के फाइनल मुकाबले में चीन की हे बिंगजियाओ को 21-13, 21-16 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। ला चैपल एरिना में सोमवार को 52 मिनट तक चले मुकाबले में 22 वर्षीय दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी ने चीन की बिंगजियाओ को हराकर मुकाबला अपने नाम किया। हे बिंजियाओ को रजत से संतोष करना पड़ा। ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग ने कांस्य पदक जीता।

### साबले पुरुष 3000 मीटर स्टीपलचेज के फाइनल में

**पेरिस।** भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने पेरिस ओलंपिक में सोमवार को यहां पुरुष 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में अपनी हीट में पांचवें स्थान के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। वह इस स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले भारत के पहले एथलीट बन गये हैं। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी साबले ने दूसरी हीट में आठ मिनट 15.43 समय के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। हर हीट के शीर्ष पांच धावकों ने फाइनल का टिकट कटाया। साबले की हीट में मोरोक्को के मोहम्मद तिंडौफत आठ मिनट 10.62 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। सेना में नायक सूबेदार पदक पर काबिज साबले ने कई बार अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर किया है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आठ मिनट 09.94 सेकंड है जो उन्होंने पिछले महीने की शुरूआत में पेरिस डायमंड लीग हासिल किया था।


फ्रांस के पोंट अलेक्जेंड्रे तृतीय में ट्रायथलॉन प्रतियोगिताओं के मिश्रित रिले में सीन नदी में गोता लगाकर शुरुआत करते एथलीट। ● एजेंसी

### सीन में तैरने के बाद बीमार पड़ी खिलाड़ी, बेल्जियम हटा

**पेरिस।** बेल्जियम की एक खिलाड़ी सीन नदी में तैरने के बाद बीमार पड़ गई जिस कारण उसकी टीम पेरिस ओलंपिक खेलों की मिश्रित रिले ट्रायथलॉन से हट गई। बेल्जियम ओलंपिक समिति ने बयान में कहा कि बुधवार को महिला ट्रायथलॉन में भाग लेने वाली उसकी खिलाड़ी क्लेयर मिशेल दुर्भाग्य से बीमार पड़ गई है जिसके कारण उनकी टीम को मिश्रित रिले ट्रायथलॉन से हटना होगा। पेरिस ओलंपिक खेलों के आयोजकों ने मिशेल की बीमारी को लेकर तत्काल कोई बयान जारी नहीं किया लेकिन कहा कि यह प्रतियोगिता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी। बेल्जियम की ओलंपिक समिति ने भी उनकी बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी।

### समापन समारोह में भारत की ध्वजवाहक होगीं मनु

**पेरिस।** निशानेबाज मनु भाकर पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों के समापन समारोह में भारत की ध्वजवाहक होगी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि 22 वर्षीय मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक 2024 में समापन समारोह के लिए भारत की ध्वजवाहक के रूप में चुना गया है। फ्रांस की राजधानी में मनु का निशानेबाजी अभियान अद्भुत रहा है। वह ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनीं। पेरिस ओलंपिक 2024 का समापन समारोह 11 अगस्त को होगा।

# कांस्य के लक्ष्य को पूरा करने में चूके 'लक्ष्य'

## पेरिस में पांचवीं बार चौथे स्थान पर रहकर पदक से दूर रहा भारत, मलेशिया के ली से हारे वंडरब्वॉय सेन



<< कांस्य पदक मुकाबले में मलेशिया के ली जी जिया के खिलाफ शॉट लगाते लक्ष्य सेन। ● एजेंसी

कांस्य पदक मुकाबले में शॉट खेलते मलेशिया के ली जी जिया। ● एजेंसी

पेरिस, एजेंसी

लक्ष्य सेन पहला गेम जीतने और दूसरे में बढ़त बनाने के बावजूद पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन की पुरुष एकल स्पर्धा के कांस्य पदक के प्ले ऑफ मुकाबले में सोमवार को यहां मलेशिया के ली जी जिया के खिलाफ तीन गेम में हारकर इस स्पर्धा में पदक जीतने वाला पहला भारतीय खिलाड़ी बनने से चूक गए।

सेमीफाइनल की तरह कांस्य पदक के प्ले ऑफ में भी दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने बढ़त गंवाई और उन्हें 71 मिनट चले कांस्य पदक मुकाबले में लक्ष्य को ली जी जिया से 21-13, 16-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। सातवीं वरीयता प्राप्त ली जी जिया पहला गेम हार गए लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए अगले दो गेम आसानी से अपने नाम कर लिए। इस हार के बावजूद लक्ष्य ने ओलंपिक खेलों में पुरुष एकल बैडमिंटन में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया।

इस हार के साथ लक्ष्य साइना नेहवाल (लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य) और पीवी सिंधू (रियो ओलंपिक 2016 में रजत और तोक्यो 2020 में कांस्य) के बाद ओलंपिक पदक जीतने वाला तीसरा भारतीय खिलाड़ी बनने से भी चूक गए। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य की ली के खिलाफ छह मैचों में यह दूसरी हार है। ओलंपिक सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य को रविवार को अंतिम चार के मुकाबले में रियो ओलंपिक के कांस्य और तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता एक्सेलसन के खिलाफ 20-22, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा था।

## महेश्वरी-नरूका स्कीट मिश्रित टीम में एक अंक से कांस्य पदक से चूके

शेटराउ, एजेंसी



भारतीय निशानेबाज महेश्वरी चौहान और अनंत जीत सिंह नरूका पेरिस ओलंपिक स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक के मुकाबले में सोमवार को यहां चीन की यितिंग जियांग और लियू जियानलिन की जोड़ी से एक अंक से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय जोड़ी को 48 निशाने के फाइनल मैच में 44-43 से शिकस्त मिली। महेश्वरी अपने 24 निशाने में से तीन में चूक गईं जबकि नरूका दो निशाने चूक गए। चीन की यितिंग चार निशाने चूक गईं लेकिन उनके पुरुष खिलाड़ी जियानलिन ने अपने सभी निशाने सटिक लगाकर इसकी भरपाई कर दी। इससे पहले क्वालीफिकेशन में भारतीय जोड़ी ने 146 स्कोर कर कांस्य पदक मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया था। भारतीय जोड़ी क्वालीफिकेशन के पहले चरण के बाद 49 अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर थी। पहले दौर में नरूका ने 25 में से 25 और महेश्वरी ने 24 अंक बनाए। दूसरे दौर में महेश्वरी ने 25 अंक बनाए लेकिन नरूका दूसरी और पांचवीं सीरिज में चूककर 23 अंक ही बना सके। तीसरे दौर में महेश्वरी ने 25 और नरूका ने 24 अंक बनाए।



स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में निशानेबाज महेश्वरी चौहान। ● एजेंसी

## गोल्डन ब्वॉय नीरज को पेरिस ओलंपिक में चमकने का इंतजार

पेरिस, एजेंसी

● **अपने दूसरे ओलंपिक में नीरज आज शुरू करेंगे स्वर्ण का सफर**

भारतीय एथलेटिक्स के लिए कई कीर्तिमान रच चुके नीरज चोपड़ा अपने दूसरे ओलंपिक में एक बार फिर अपने भाले से इतिहास रचना चाहेंगे चूंकि 140 करोड़ भारतीयों को उनसे एक बार फिर पीले तमगे की उम्मीद है। उनकी अप्रतिम निरंतरता की एक बार फिर परीक्षा होगी क्योंकि पूरे सत्र में वह जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में (एडक्टर) परेशानी से जूझते आए हैं। नीरज मंगलवार को क्वालीफिकेशन दौर में उतरेंगे और फाइनल 8 अगस्त को खेला जाएगा।

चोपड़ा अगर स्वर्ण जीतते हैं तो ओलंपिक के इतिहास में खिताब बरकरार रखने वाले पांचवें खिलाड़ी हो जाएंगे। इसके साथ ही ओलंपिक व्यक्तिगत वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय भी बनेंगे। ओलंपिक की पुरूष भालाफेंक स्पर्धा में अभी तक एरिक लेमिंग (स्वीडन 1908 और 1912), जोन्नी माइरा (फिनलैंड 1920 और 1924), चोपड़ा के आदर्श जान जेलेंजी (चेक गणराज्य 1992 और 1996) और आंद्रियास टी (नॉर्वे 2004 और 2008) की ओलंपिक में खिताब बरकरार रख सके हैं।

दोहा डायमंड लीग में मई में चोपड़ा ने 88.36 मीटर का थ्रो फेंका। वहीं एडक्टर में असहजता के कारण 28 मई को ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक में एहतियात के तौर पर भाग नहीं लिया। उन्होंने जून में फिनलैंड में पावो नुरमी खेलों में 85.97 मीटर का थ्रो फेंककर स्वर्ण के साथ वापसी की। इसके बाद सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लिया। तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश, जर्मनी के जूलियन वेबर और पूर्व विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स उन्हें फिर चुनौती देंगे। भारत के किशोर जेना भी दौड़ में हैं जिन्होंने पिछले साल एशियाई खेलों में 87.54 मीटर का थ्रो फेंककर क्वालीफाई किया था लेकिन उसके बाद से 80 मीटर तक भी नहीं पहुंच पाए हैं।



### किरण पहल ने महिलाओं की 400 मीटर रेपेचेज में जगह बनाई

**पेरिस।** भारतीय धाविका किरण पहल ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा के पहले दौर में हीट 5 में शानदान प्रदर्शन करते हुए रेपेचेज में जगह बना ली है। आज यहां स्टेड डी फ्रांस में किरण ने 52.51 सेकेंड का समय के साथ अपनी हीट में सातवें और कुल मिलाकर 39वें स्थान पर रहीं। हालांकि किरण पहल आज सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाईं, लेकिन कल रेपेचेज राउंड में उनके पास एक और मौका होगा। महिलाओं का 400 मीटर रेपेचेज राउंड मंगलवार को होगा।

### पदक तालिका

| देश | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 21 | 17 | 14 | 52 |
| अमेरिका | 19 | 29 | 27 | 75 |
| ऑस्ट्रेलिया | 13 | 11 | 8 | 32 |
| फ्रांस | 12 | 15 | 18 | 45 |
| द. कोरिया | 11 | 8 | 7 | 26 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 10 | 13 | 17 | 40 |
| जापान | 10 | 5 | 11 | 26 |
| इटली | 9 | 10 | 6 | 25 |
| नीदरलैंड | 6 | 5 | 4 | 15 |
| जर्मनी | 6 | 5 | 3 | 14 |
| भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |

### तेलंगाना के अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल पेरिस रवाना

**हैदराबाद।** तेलंगाना के खेल अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को ओलंपिक 2024 खेलों का दौरा करने के लिए पेरिस रवाना हुआ। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के निर्देशों के बाद प्रतिनिधिमंडल में तेलंगाना खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष के शिवसेन रेड्डी, सरकारी सलाहकार (खेल) जितेन्द्र रेड्डी, सदस्य महेश कुमार गौड़, वीसी और एमडी ए सोनी बालादेवी-आईएफएस, एन प्रकाश रेड्डी-आईपीएस, पूर्व केंद्रीय मंत्री एस वेणुगोपाल चारी और एम रविंदर रेड्डी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य खेल स्टेडियमों, भविष्य में ओलंपिक के आयोजन की संभावनाओं का पता लगाना है।

## चोटिल निशा क्वार्टर फाइनल में हारीं

पेरिस, एजेंसी

**68** किग्रा स्पर्धा के अंतिम 16 के मैच में यूक्रेन की तेतियाना को हराकर पहुंची थी क्वार्टर फाइनल में, मैच के पहले ही पीरिएड में दाहिना हाथ गंभीर रूप से हो गया था चोटिल


महिलाओं की फ्रीस्टाइल 68 किग्रा कुश्ती क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान उत्तर कोरिया की सोल गम पाक से प्रतिस्पर्धा करती हुई भारत की निशा। ● एजेंसी

भारतीय पहलवान निशा दहिया दायें हाथ में चोट के कारण शुरुआती बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और महिला 68 किग्रा कुश्ती मुकाबले के क्वार्टर फाइनल में सोमवार को उत्तर कोरिया की पाक सोल गम से हार गईं। सोल गम ने निशा को 10-8 से शिकस्त दी।

एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पहलवान निशा ने उत्तर कोरिया की पहलवान के खिलाफ शुरुआती कुछ सेकेंड में ही 4-0 की बढ़त बना ली। उन्होंने इसके बाद तीन मिनट के शुरुआती पीरियड में रक्षात्मक रवैया अपनाकर उत्तर कोरिया की पहलवान को कोई मौका नहीं दिया। सोल गम ने दूसरे पीरियड में आक्रामक शुरुआत कर एक अंक हासिल किया लेकिन निशा ने उन्हें रिंग से बाहर निकल कर अपनी बढ़त 6-1 कर ली। उन्होंने दो और अंक के साथ अपनी बढ़त मजबूत की लेकिन इस दौरान उनका दाहिना हाथ गंभीर रूप से चोटिल हो गया। अभी मुकाबले में एक मिनट बचा था और निशा दर्द से कराहने लगी थी। उन्होंने इलाज के बाद खेल शुरू किया लेकिन उत्तर कोरिया की पहलवान को रोकने में सफल नहीं रही। वह नम आंखों के साथ मैट से नीचे उतरी। इससे पहले 25 साल की इस पहलवान ने अंतिम 16 के मैच में यूक्रेन की तेतियाना सोवा के खिलाफ विजयी शुरुआत की थी। निशा ने यूक्रेन की पहलवान को 6-4 से हराया। निशा शुरुआत में तेतियाना से पिछड़ रही थी लेकिन उन्होंने 4-4 से बराबरी करने के बाद आखिरी कुछ सेकेंड में तेतियान को मैट से बाहर निकाल कर दो अंक हासिल कर जीत दर्ज की।

## सेमीफाइनल मुकाबला आज रोहिदास पर लगा प्रतिबंध

पेरिस, एजेंसी

भारतीय हॉकी टीम के प्रमुख डिफेंडर अमित रोहिदास जर्मनी के खिलाफ मंगलवार को होने वाले सेमीफाइनल मैच में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उन पर लगाए गए एक मैच के निलंबन के खिलाफ दायर की गई हॉकी इंडिया की अपील को विश्व संस्था एफआईएच ने खारिज कर दिया।

रोहिदास को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ रविवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान रेड कार्ड मिला था जिसके कारण एफआईएच ने उन्हें एक मैच के लिए निलंबित कर दिया था। इसका मतलब है कि इस महत्वपूर्ण मैच के लिए भारत के केवल 15 खिलाड़ी ही उपलब्ध रहेंगे जो आठ बार के ओलंपिक चैंपियन के लिए करारा झटका है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने आधिकारिक बयान ने कहा भारत और ग्रेट ब्रिटेन के बीच चार अगस्त को खेले गए मैच के दौरान अमित रोहिदास को एफआईएच आचार संहिता के उल्लंघन के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया था। बयान के अनुसार,निलंबन का असर मैच नंबर 35 (जर्मनी के खिलाफ भारत का सेमीफाइनल मैच) पर पड़ेगा, जिसमें अमित रोहिदास भाग नहीं लेंगे और भारत केवल 15 खिलाड़ियों की टीम के साथ खेलेगा। हॉकी इंडिया ने रोहिदास के निलंबन के खिलाफ अपील दर्ज की थी लेकिन एफआईएच की जूरी बेंच ने उसे नामंजूर कर दिया।



● **हॉकी इंडिया की अपील खारिज डिफेंडर अमित को जर्मनी के मुकाबले में मिला था रेड कार्ड**

## रोमानिया को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम

पेरिस, एजेंसी



<< युगल मैच में एडिना डायकोनू और एलिजाबेटा समारा के खिलाफ शॉट खेलतीं अर्चना कामथ ● एजेंसी

स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा की अगुआई में भारत ने सोमवार को यहां पेरिस ओलंपिक की महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धा में अपने से ऊंची रैंकिंग वाले रोमानिया को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारत 2-0 से आगे चल रहा था लेकिन रोमानिया ने वापसी करते हुए 2-2 से बराबरी हासिल कर ली लेकिन निर्णायक मैच में मनिका ने जीत दर्ज करने टीम को जीत दिला दी।

श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ ने युगल मैच में एडिना डायकोनू और एलिजाबेटा समारा पर 11-9, 12-10, 11-7 से जीत दर्ज करके मुकाबले की शुरुआत की। मनिका ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली बर्नाडेट जोक्स को 11-5, 11-7, 11-7 से हराया जिससे भारत ने अपने चौथे वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ 2-0 की बढ़त हासिल की। प्रतियोगिता में भारत को 11वीं वरीयता दी गई है। दूसरे एकल में पहला गेम जीतने के बाद श्रीजा यूरोपीय चैंपियन समारा से 2-3 (11-8 4-11 11-7 6-11 8-11) से हार गईं। श्रीजा की हार के बाद अर्चना और बर्नाडेट के बीच मुकाबला हुआ। बर्नाडेट ने पहला गेम 11-5 से जीत लिया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने दूसरा गेम 11-8 से जीतकर बराबरी हासिल कर ली। बर्नाडेट ने अगले दो गेम 11-7, 11-9 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया और मुकाबला 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद मनिका ने एडिना को 3-0 (11-5, 11-9, 11-9) से हराकर भारत को अंतिम आठ में जगह दिलाई। क्वार्टर फाइनल में भारत का मुकाबला अमेरिका या जर्मनी से होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### नोबेल विजेता वैज्ञानिक सुंग-दाओ ली का निधन

**ताइपे (ताइवान)।** प्रख्यात चीनी-अमेरिकी भौतिक विज्ञानी सुंग-दाओ ली का निधन हो गया है। वह 97 वर्ष के थे। चीन के एक विश्वविद्यालय और अनुसंधान केंद्र ने यह जानकारी दी। ली ने रविवार को सैन फ्रांसिस्को स्थित अपने घर पर अंतिम सांस ली। ली वर्ष 1957 में नोबेल पुरस्कार पाने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के वैज्ञानिक थे।

### चीनी एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ को 18 महीने की जेल

**बीजिंग।** चीन की एक अदालत ने सोमवार को एक स्व- प्रशिक्षित चीनी एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ को 18 महीने कारावास की सजा सुनाई। चिकित्सक द्वारा किये गए उपचार के कारण एक मरीज की मृत्यु हो गई थी। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। चीन के जियांग्सू प्रांत के यंग्जहौ के बाओयिंग काउंटी के एक गांव की रहने वाली चिकित्सक वांग ने वीडियो देखकर एक्यूपंक्चर सीखा और अपने गांव में लोगों का इलाज करना शुरू कर दिया।

### उष्णकटिबंधीय तूफान डेब्बी ने प्रचंड रूप धारण किया

**टैंपा (अमेरिका)।** फ्लोरिडा के समीप पहुंचते ही उष्णकटिबंधीय तूफान डेब्बी ने श्रेणी-1 के तूफान में बदलते हुए प्रचंड रूप धारण कर लिया है। मियामी में राष्ट्रीय तूफान केंद्र के मौसम विज्ञानियों ने रविवार शाम को कहा कि 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही है। तूफान टैंपा से लगभग 100 मील पश्चिम दक्षिण-पश्चिम में स्थित था और यह 19 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर की ओर बढ़ रहा है।

### इमरान खान को जेल में घटिया खाना दिया जा रहा : पीटीआई

**लाहौर।** इमरान खान की पार्टी ने सोमवार को दावा किया कि मरियम नवाज के आदेश पर पूर्व प्रधानमंत्री को जेल में घटिया खाना दिया जा रहा है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने भी सोमवार को काला दिवस मनाया क्योंकि इमरान खान को राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो द्वारा दर्ज 19 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारी का एक साल पूरा हो गया है।

# बांग्लादेश: भारतीय सांस्कृतिक केंद्र में तोड़फोड़, 4 मंदिरों को क्षति पहुंचाई

## प्रधानमंत्री हसीना के इस्तीफे के बाद स्थिति को लेकर हिंदू समुदाय चिंतित

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की राजधानी में सोमवार को उपद्रवी भीड़ ने एक भारतीय सांस्कृतिक केंद्र में तोड़फोड़ की और देशभर में चार हिंदू मंदिरों को मामूली क्षति पहुंचाई। प्रत्यक्षदर्शियों और समुदाय के नेताओं ने यह जानकारी दी। हिंदू-बौद्ध-ईसाई एकता परिषद की नेता काजोल देबनाथ ने कहा कि उन्हें खबर मिली है कि देशभर में कम से कम चार हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने बताया, ये मामूली क्षति है। हालांकि, प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से इस्तीफा देने के बाद उत्पन्न तनावपूर्ण स्थिति को लेकर हिंदू समुदाय के कुछ नेता चिंतित हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बांग्लादेश की राजधानी के धानमंडी इलाके में स्थित इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र (आईजीसीसी) और बंगबंधु स्मारक संग्रहालय को एक उपद्रवी भीड़ ने सोमवार को क्षतिग्रस्त कर दिया। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, सोमवार अपराह्न प्रदर्शनकारियों ने ढाका में कई प्रमुख स्थानों पर आगजनी की, जिसमें धानमंडी 32 स्थित बंगबंधु भवन भी शामिल है, जिसे बंगबंधु स्मारक संग्रहालय के रूप में भी जाना जाता है। यह संग्रहालय हसीना के पिता शेख मुजीबुर रहमान को समर्पित है, जिनकी 1975 में राष्ट्रपति रहने के दौरान हत्या कर दी गई थी। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से इस्तीफा देकर बांग्लादेश छोड़ना पड़ा है।


ढाका में प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की खबर मिलने के बाद जश्न मनाते प्रदर्शनकारी। • एजेंसी

इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र का मार्च 2010 में औपचारिक रूप से उद्घाटन किया गया था। यह सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सांस्कृतिक संगोष्ठियों, कार्यशालाओं का आयोजन करने तथा योग, हिंदी भाषा, भारतीय शास्त्रीय संगीत और कथक तथा मणिपुरी जैसे भारतीय नृत्यों के लिए भारतीय गुरुओं, पेशेवरों और प्रशिक्षकों को नियुक्त कर भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देता है।

### विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर इंटरनेट सेवा बंद

**ढाका।** बांग्लादेश में सरकार के खिलाफ जारी आंदोलन के मद्देनजर तीन सप्ताह में दूसरी बार इंटरनेट सेवा अस्थायी तौर पर बंद कर दी गयी है। सरकार के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच सोमवार को करीब 99 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लोग घायल हो गये। बीबीसी रिपोर्ट के अनुसार, ढाका और अन्य शहरों में विरोध प्रदर्शन तब शुरू हुआ जब छात्र नेताओं ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग करते हुए सविनय अवज्ञा अभियान शुरू किया। ढाका के प्रवेश द्वार बंद कर दिए गये हैं। शहर भर में पुलिस के साथ-साथ सेना को तैनात किया गया है।

### एयर इंडिया ने ढाका के लिए उड़ानें रद्द कीं

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने के बाद एयर इंडिया ने सोमवार को तत्काल प्रभाव से ढाका के लिए अपनी निर्धारित उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने सोमवार को बयान में कहा, हमने तत्काल प्रभाव से ढाका के लिए अपनी निर्धारित उड़ानों का परिचालन रद्द कर दिया है। बयान में कहा गया है, हम लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और ढाका से आने-जाने के लिए पक्की बुकिंग वाले अपने यात्रियों को सहायता प्रदान कर रहे हैं।

### सभी रेल सेवाएं अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली/कोलकाता।** भारत और बांग्लादेश के बीच सभी रेल सेवाएं अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई हैं। रेल मंत्रालय के अनुसार, मैत्री एक्सप्रेस, बंधन एक्सप्रेस और मिताली एक्सप्रेस ने इस साल जुलाई के मध्य में आखिरी फेरे लगाए थे और बांग्लादेश में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के कारण तब से उन्हें रद्द कर दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि मैत्री एक्सप्रेस और बंधन एक्सप्रेस दोनों को शुरू में 19 जुलाई, 2024 से छह अगस्त, 2024 तक के लिए रद्द किया गया था। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि बांग्लादेश में मौजूदा स्थिति के कारण रद्दीकरण को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि मिताली एक्सप्रेस की सेवा भी अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई है।

### भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार होगा प्रभावित

**नई दिल्ली।** घरेलू निर्यातकों ने सोमवार को बांग्लादेश में संकट पर चिंता जताते हुए कहा कि पड़ोसी देश के घटनाक्रमों का द्विपक्षीय व्यापार पर असर पड़ेगा। निर्यातकों के अनुसार, बांग्लादेश में विदेशी मुद्रा की कमी के कारण उन्हें पहले ही वहां निर्यात में रुकावटों का सामना करना पड़ रहा है। भारत की सीमा पर बांग्लादेश को निर्यात के लिए पहुंचे जल्दी खराब होने वाले सामानों को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, बांग्लादेश संकट से कुछ व्यवधानों का सामना करना पड़ रहा है।

# फिर बेघर हुईं शेख हसीना

**ढाका।** बांग्लादेश में लगातार चौथी बार और कुल मिलाकर पांचवीं बार प्रधानमंत्री निर्वाचित हुईं शेख हसीना को उनके समर्थक हमेशा एक आयरन लेडी के रूप में सराहते रहे हैं। लेकिन, देश में आरक्षण को लेकर हो रहे हिंसक प्रदर्शनों के कारण अब उनके 15 साल के शासन का नाटकीय ढंग से अंत हो गया है।

- 1971 में पाकिस्तान से स्वतंत्रता मिलने के बाद हसीना के पिता मुजीबुर रहमान देश के राष्ट्रपति और फिर प्रधानमंत्री बने।
- अगस्त 1975 में मुजीबुर रहमान, उनकी पत्नी और तीन बेटों की सैन्य अधिकारियों द्वारा उनके घर में ही हत्या कर दी गयी।
- भारत में छह साल निर्वासन में बिताने के बाद में उन्हें उनके पिता द्वारा स्थापित पार्टी अवामी लीग का नेता चुना गया।
- हसीना 1981 में स्वदेश लौट आईं और सेना द्वारा शासित देश में लोकतंत्र की मुखर आवाज



बनीं, जिसके कारण उन्हें कई बार नजरबंद रखा गया।
- 1991 के आम चुनाव में हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग बहुमत हासिल करने में विफल रही।
- 1996 के आम चुनाव में हसीना प्रधानमंत्री चुनी गईं।
- हसीना को 2001 के चुनाव में सत्ता से बाहर कर दिया गया था, लेकिन 2008 के चुनाव में वह भारी जीत के साथ सत्ता में लौट आईं।
- 2004 में हसीना की हत्या की कोशिश की गई थी, उनकी रैली में एक ग्रेनेड विस्फोट हुआ था।
- 2009 से सामरिक रूप से महत्वपूर्ण इस दक्षिण एशियाई देश की बागडोर संभाल रही थीं।
- जनवरी में हुए 12वें आम चुनाव में लगातार चौथी बार प्रधानमंत्री चुना गया
- 15 सालों में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक का नेतृत्व किया और राष्ट्र के जीवन स्तर में सुधार किया।

## तस्लीमा ने हसीना को ही स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया

**कोलकाता।** बांग्लादेश की प्रसिद्ध लेखिका तस्लीमा नसरीन ने वहां की स्थिति के लिए अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को ही ज़िम्मेदार ठहराया है और कहा कि वह कट्टरपंथियों पर शिकंजा कसने और अपने सहयोगियों को भ्रष्टाचार से रोकने में विफल हो गयी थीं।

चर्चित लज्जा उपन्यास की लेखिका नसरीन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बांग्लादेश में लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष



व्यवस्था बनी रहनी चाहिए और उसे पाकिस्तान नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने कहा, हसीना को इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा, वहां की स्थिति के लिए वह ही जिम्मेदार थी, उन्होंने इस्लामवादियों को बढ़ने के लिये प्रेरित किया। नसरीन ने अपने लोगों को भ्रष्टाचार में शामिल होने की अनुमति दी। अब बांग्लादेश को पाकिस्तान जैसा नहीं बनना चाहिए। सेना को शासन नहीं करना चाहिए। राजनीतिक दलों को लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता लानी चाहिए।

# हसीना अब राजनीति में नहीं लौटेंगी: जॉय

लंदन, एजेंसी

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय ने सोमवार को कहा कि उनकी मां अब राजनीति में नहीं लौटेंगी। हसीना के पूर्व आधिकारिक सलाहकार रहे जॉय ने कहा कि उनकी मां ने परिवार के आग्रह पर अपनी सुरक्षा के लिए देश छोड़ दिया।

बीबीसी वर्ल्ड सर्विस पर न्यूजआवर को दिए एक साक्षात्कार में जॉय ने कहा कि उनकी मां की कोई राजनीतिक वापसी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हसीना रविवार से ही इस्तीफा देने पर विचार कर रही थीं और परिवार के आग्रह के बाद अपनी सुरक्षा के लिए देश छोड़कर चली गईं। खबर के मुताबिक, जॉय ने कहा कि 15 साल तक बांग्लादेश पर शासन करने वालीं उनकी मां बहुत निराश थीं कि उनकी इतनी मेहनत के बाद भी लोग उनके खिलाफ उठ खड़े हुए। हसीना की निराशा को अभिव्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, उन्होंने बांग्लादेश को बदल दिया है। जब उन्होंने सत्ता संभाली थी, तो इसे एक असफल राष्ट्र माना जाता था।


• पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे ने कहा- परिवार के आग्रह पर अपनी सुरक्षा के लिए देश छोड़ा

### किसी को भी लूट का मौका नहीं मिलना चाहिए: इस्लाम

**ढाका।** बांग्लादेश में देशव्यापी आंदोलन के समन्वयकों में से एक नाहिद इस्लाम ने सोमवार को छात्रों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि देश में पैदा हुई स्थिति में किसी को भी लूट का मौका न मिले। इसके साथ ही समन्वयकों ने छात्रों से वांछित लक्ष्य हासिल होने तक शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने का आग्रह किया। इस्लाम ने एक बांग्ला समाचार चैनल के साथ बातचीत में कहा, हमें अपनी राष्ट्रीय संपत्ति की रक्षा करनी है।

## मप्र के कूनो उद्यान में शावक की मौत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क (केएनपी) में सोमवार को अफ्रीकी चीता गामिनी के पांच महीने के शावक की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एपीसीसीएफ) और निदेशक लायन प्रोजेक्ट द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, सोमवार सुबह शावक की तबीयत अचानक खराब हो गई और उसे आपातकालीन उपचार दिया गया लेकिन दुर्भाग्य से शावक की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई की शाम को निगरानी के दौरान, गामिनी के पांच शावकों में से एक अपने शरीर के पिछले हिस्से को उठाने में असमर्थ पाया गया। अधिकारी ने बताया कि शावक को पूरे पिछले हिस्से को घसीटते हुए देखा गया, जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल लाया गया।

# फिजी पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू

सुवा (फिजी), एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में सोमवार को फिजी पहुंचीं। वह फिजी के राष्ट्रपति विलियम मैवालिली कटोनिवेरे और प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका के साथ बैठक करेंगी। मुर्मू फिजी के राष्ट्रपति कटोनिवेरे के निमंत्रण पर 5-7 अगस्त तक यहां रूकेंगी। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इस द्वीपसमूह राष्ट्र की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मू का हवाई अड्डे पर फिजी के उप प्रधानमंत्री विलियम गावोका, फिजी में भारतीय उच्चायुक्त पी एस कार्तिकेयन और फिजी के अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया।

फिजी सरकार के आधिकारिक फेसबुक पेज पर एक पोस्ट में कहा गया, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू फिजी की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के लिए नाडी पहुंची हैं। उनकी अगवानी उप प्रधानमंत्री विलियम गावोका और भारत में नियुक्त फिजी के उच्चायुक्त जगन्नाथ सामी ने किया।

• राष्ट्रपति विलियम मैवालिली कटोनिवेरे के साथ द्विपक्षीय संबंधों को लेकर करेंगी बैठक


फिजी पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

## उ. कोरियाई सैन्य इकाइयों को मिसाइल लांचर प्राप्त

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग सीमावर्ती सैन्य इकाइयों को नई सामरिक बैलिस्टिक मिसाइलों के 250 लांचर सौंपने के लिए आयोजित समारोह में शामिल हुए। रविवार को आयोजित समारोह से पहले उत्तर कोरियाई नेता ने लांचरों का निरीक्षण किया। सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने कहा, राष्ट्रीय रक्षा क्षमताओं के अनिश्चित विकास के उद्देश्य से इस समारोह का आयोजन किया गया। इसके अलावा, प्रमुख युद्ध सामग्री औद्योगिक प्रतिष्ठानों में निर्मित 250 नए प्रकार के सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल लांचरों को डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया की सीमांत सैन्य इकाइयों को हस्तांतरित किया गया।

# हिजबुल्ला के दो लड़ाके मारे गए

बेरूत, एजेंसी

लेबनान के दक्षिणपूर्वी गांव हौला को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में रविवार दोपहर लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्ला के दो सदस्य मारे गए। लेबनानी सैन्य और चिकित्सा सूत्रों ने यह जानकारी दी। गुमनाम रूप से बात करने वाले सूत्रों ने कहा कि एक इजराइली युद्धक विमान ने हवा से जमीन पर मार करने वाली दो मिसाइलों से हौला में एक घर को निशाना बनाया और उसे नष्ट कर दिया। जिससे घर में मोहम्मद फरहत और अली अमरो की मौत हो गई।

सूत्रों ने कहा कि नागरिक सुरक्षा टीमों ने मलबा हटाने का काम किया। जबकि एक एम्बुलेंस ने दोनों शवों को दक्षिणी लेबनान के नबातीह शहर के एक अस्पताल में पहुंचाया। उन्होंने कहा कि इजराइली ड्रोन और युद्धक विमानों ने रविवार शाम को दक्षिणी लेबनान के चार गांवों और कस्बों पर छह हमले किए और इजरायली तोपखाने ने दक्षिणी लेबनान के आठ सीमावर्ती कस्बों और गांवों पर 30 गोले दागे। हिजबुल्ला मिलिट्री मीडिया ने शनिवार को 8 अक्टूबर, 2023 से इजराइली सेना के खिलाफ अपने सैन्य अभियानों का सारांश देते हुए एक इन्फोग्राफिक प्रकाशित किया, जिसमें कहा कि 300 दिनों में 2,500 सैन्य अभियानों में 2,000 से अधिक इजराइली मारे गए या घायल हुए।

• इजराइल ने लेबनान के दक्षिणपूर्वी गांव हौला को निशाना बनाया

### इजराइल पर हमला करने की आशंका : ब्लिंकन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने ईरान और लेबनानी आंदोलन हिजबुल्ला के सोमवार को इजराइल पर हमला करने की आशंका है। ब्लिंकन ने जी7 विदेश मंत्रियों को यह जानकारी दी है। एक्सियोस पोर्टल की रिपोर्ट के मुताबिक ब्लिंकन ने कहा कि ईरान और हिजबुल्ला जवाबी कार्रवाई करेंगे, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि जवाबी कार्रवाई क्या रूप लेगी।

### ब्रिटेन का अपने नागरिकों से लेबनान छोड़ने का आह्वान

**लंदन।** ब्रिटेन ने नागरिकों से लेबनान को तुरंत छोड़ने का आह्वान किया और बेरूत में दूतावास के कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को वापस बुलाने की घोषणा की है। विदेश विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ब्रिटेन के जो लोग इस समय लेबनान में हैं, वे यथाशीघ्र वहां से निकल जायें।

## ब्रिटेन: होटल की इमारत में लगाई आग

**लंदन।** ब्रिटेन में अवैध प्रवासियों के प्रवेश के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शनों के दौरान प्रदर्शनकारियों ने एक अन्य होटल की इमारत में आग लगाने की कोशिश की है। रविवार को प्रदर्शनकारियों ने रॉदरहैम में हॉलिडे इन एक्सप्रेस की इमारत पर हमला किया। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक दंगाइयों ने दरवाजे पर आग लगा दी, खिड़कियां तोड़ दीं और पुलिस पर सामान फेंका। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को मैनचेस्टर, लीड्स, बेलफास्ट और अन्य शहरों सहित ब्रिटेन के कई शहरों में सैकड़ों लोगों के विरोध प्रदर्शन शुरू होने की सूचना दी। इंग्लैंड के साउथपोर्ट में चाकू से हमला करने के बाद ब्रिटेन के कई शहरों में अवैध प्रवासियों के घुसने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गये, जिसमें तीन बच्चे मारे गये।

## बॉलीवुड हलचल

# 50 वर्ष की हुईं काजोल

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री काजोल आज 50 वर्ष की हो गयी। 05 अगस्त 1974 को मुंबई में जन्मीं काजोल को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता सोमु मुखर्जी निर्माता जबकि मां तनुजा जानी मानी फिल्म अभिनेत्री थी। घर में फिल्मी माहौल रहने के कारण काजोल अक्सर अपनी मां के साथ शूटिंग देखने जाया करती थी। इस वजह से उनका भी रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेत्री बनने के ख्वाब देखने लगी। काजोल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा संत जोसेफ कान्वेंट पंचगनी से की। इसके बाद उन्होंने बतौर अभिनेत्री अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1992 में प्रदर्शित फिल्म बेखुदी से की। युवा प्रेम कथा पर बनी इस फिल्म में उनके नायक की भूमिका कमल सदाना ने निभायी लेकिन कमजोर पटकथा और निर्देशन के कारण फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुयी। वर्ष 1993 में काजोल को अब्बास-मुस्तान की फिल्म बाजीगर में काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में उनके नायक की भूमिका शाहरूख खान ने निभायी थी। वर्ष 1994 काजोल के सिने कैरियर में अहम वर्ष साबित हुआ।

## एक्टर्स हमेशा से ही प्रभावशाली होते हैं : सोनम कपूर

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री और फैशन आईकॉन सोनम कपूर का कहना है कि एक्टर्स हमेशा से ही प्रभावशाली होते हैं। सोनम कपूर, जो एक वैश्विक फैशन आइकन, उद्यमी, बॉलीवुड स्टार और निर्विवाद पॉप कल्चर प्रेरणा हैं, भारत की सांस्कृतिक शक्ति को आकार देने और फैशन की अंतिम आवाज़ बनकर लाखों लोगों को प्रभावित करने में कई भूमिकाएं निभाती हैं। सोनम कपूर निर्विवाद रूप से भारत से फैशन की सबसे प्रभावशाली सेलिब्रिटी हैं, जिन्हें दुनिया के कुछ सबसे बड़े प्रीमियम लक्ज़री ब्रांडों द्वारा चुना गया है। सोनम को फैशन में प्रभावशाली कहे जाने में कोई आपत्ति नहीं है और वास्तव में, इसे एक बड़ा प्रशंसा मानती हैं। सोनम कपूर ने कहा, अभिनेताओं का हमेशा से एक प्रभावशाली व्यक्ति होने का भी काम रहा है, यही कारण है कि वे ब्रांड एंबेसडर और ट्रेंडसेटर होते हैं। वे लोगों के चुनावों को प्रभावित करते हैं, जिसमें क्या पहनना है भी शामिल है। एक कलाकार के रूप में, हम विभिन्न तरीकों से लोगों को प्रभावित कर सकते हैं।



### राम पोथिनेनी और संजय दत्त की फिल्म डबल स्मार्ट का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार राम पोथिनेनी और बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म डबल स्मार्ट का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। फिल्म डबल स्मार्ट सुपरहिट फिल्म स्मार्ट शंकर का सीक्वल है। ट्रेलर में राम पोथिनेनी और संजय दत्त का दमदार एक्शन अवतार देखने को मिल रहा है। डबल स्मार्ट का ट्रेलर वहीं से शुरू होता है जहां स्मार्ट शंकर ने राम के चरित्र को हमेशा के लिए उसके मस्तिष्क में एक चिप के साथ छोड़ दिया था जो यादों को स्थानांतरित करने की अनुमति देता है।

खगोल विज्ञान | 13 से 15 वर्ष के बीच होती है यह रोमांचक खगोलीय घटना

# अगले वर्ष तक गायब हो जाएंगे शनि ग्रह के छल्ले

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** शनि ग्रह की सुंदरता पर चार चांद लगाने वाले छल्ले अगले वर्ष गायब हो जाएंगे। इस खगोलीय घटना की सच्चाई शनि की कोणीय अवस्था होगी, जिस कारण छल्ले एक पतली सी लाइन में नजर आएंगे। 13 से 15 वर्षों के अंतराल में यह रोमांचक खगोलीय घटना होती है।

ज्योतिष विद्या के मुताबिक शनि भले ही अलग-अलग रूप में प्रभाव छोड़ता हो, लेकिन आधुनिक खगोल विज्ञान का नजरिया दूसरी कहानी बयान करता है। हर ग्रह की अपनी विशेष सुंदरता है। शुक्र ग्रह को निहारना मन में उमंग जगाता है, तो अपनी चमक की अलग छाप छोड़ने वाला बृहस्पति आसमान में तारों के बीच अलग कयामत के साथ नजर आता है। वहीं लालिमा लिए लाल रंग में रंगा लाल ग्रह मंगल की छटा दूर गगन में मनमोहक नजर आती है। इन सबमें जुदा शनि पर निगाह डालें तो यह इस सामान्य तारे की भांति टिमटिमाता नजर आता है। मगर इसके अंदर झांकने से इसकी अविरल सुंदरता कल्पना से परे नजर आती है। चांदी की चमक लिए यह बेहद खूबसूरत नजर आता है, लेकिन इसके लिए दूरबीन की जरूरत पड़ती है। शनि की सुंदरता का लुत्फ उठाने के लिए कोई एक निश्चित समय नही है। इसकी वजह अपनी चाल के साथ कोण बदलते रहना है। कोण बदलने का समय 15 वर्षों के बीच रहता है। इस अंतराल मे एक समय ऐसा भी आता है, जब शनि के सभी छल्ले नजर आने लगते हैं और फिर एक समय ऐसा आता है, जब सभी छल्ले एक सीध में सीधी लाइन में अंकित हो जाते हैं। एक लाइन में आने का समय अब करीब आने लगा है। अब शनि की कोणीय अवस्था सिकुड़ने लगी है। जिसके चलते छल्ले एक एक कर गायब होने लगेंगे और मार्च 2025 में एक सीध में होंगे, जो पृथ्वी से हमे मात्र एक रेखा में नजर आएंगे। छल्लों का एक-एक कर लुप्त होते देखना अलग रोमांच है।

### छल्लों के साथ आकार

**नैनीताल :** बृहस्पति के बाद शनि हमारे सौर मंडल का दूसरा सबसे बड़ा ग्रह है। शनि की लंबाई 120,500 किमी है। शनि को चारों ओर से घेरे विशाल छल्ले यानी वलय प्रणाली की लंबाई 175,282,000 किमी है। छल्ले बनाने वाली अधिकांश सामग्री धूल से लेकर एक कमरे के आकार तक होती है। जिनकी मोटाई औसतन 30 फीट तक होती है।


शनि के कोण बदलती आकृति।